जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

फोन:- 230200, 230400 फैक्स:- 07469-230600 वर्ष: 14 संख्या: 85 प्रभात हिण्डौन सिटी, मंगलवार 25 जनवरी, 2022 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



*भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना को इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आई.सी.सी.) ने साल 2021 की ''सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर'' चुना है। बीते साल एक नहीं बल्कि क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टी-20, टैस्ट क्रिकेट और वन डे क्रिकेट) में स्मृति ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। मंधाना ने पिछले साल 22 इंटरनैशनल मुकाबलों में 855 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं। स्मृति मंधाना ने 2018 में भी यह पुरस्कार जीता था और वे वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर भी चुनी गई थीं। झूलन गोस्वामी के बाद यह पुरस्कार पाने वाली स्मृति दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। झूलन गोस्वामी को 2007 में यह पुरस्कार मिला था। पिछले साल भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा, लेकिन स्मृति मंधाना ने अपने बल्ले का कमाल जारी रखा। उन्होंने इस साल साउथ अफ्रीका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक हर टीम के खिलाफ जमकर रन बनाए। इसी साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र पिंक बॉल टैस्ट में भी मंधाना ने ऐतिहासिक शतक लगाया था। आई.सी.सी. ने पाकिस्तान के युवा गेंदबाज़ शाहीन अफरीदी को ''पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर'' घोषित किया है।*

# स्टॉक मार्केट में भारी गिरावट से बीस लाख करोड़ रु. डूबे निवेशकों के

## जैसा कि विदित ही है, हिन्दुस्तान के स्टॉक मार्केट में सबसे निर्णायक भूमिका विदेशी निवेशकों की है, क्योंकि भारी विदेशी पूंजी लगी है भारतीय स्टॉक मार्केट में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जनवरी। सोमवार को शेयर बाजार धराशायी हो गया और ऐसा हुआ बाजार के कुछ टैक्नीकल करैक्शन्स और विपरीत असर डालने वाली कई वैश्विक घटनाओं की वजह से।

स्टॉक मार्केट में आयी आज की गिरावट सहित पिछले कुछ सत्रों में शेयर्स के मूल्यों में आई कमी ने निवेशकों को करीब 20 लाख करोड़ का नुकसान पहुंचाया है। वैश्विक अस्थिरता के साथ-साथ महंगाई के संभावित दबाव के भय के बीच निवेशकों का रूझान कमजोर पड़ गया है। चूंकि भारतीय शेयर बाजार पर वर्तमान में बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों का प्रभुत्व है, इसलिए भारत के घरेलू शेयर बाजार को विशुद्ध आंतरिक घटनाक्रमों के बजाए वैश्विक आशंकाएं और उम्मीदें अधिक प्रभावित करती हैं। दिन के दौरान रही नर्वस ट्रेडिंग में कई महत्वपूर्ण सैक्टर्स के शेयर्स को नुकसान पहुंचा। लोहा और इस्पात, धातुएं और टैक्नॉलजी सैक्टर के शेयर्स सहित करीब-करीब सभी सैक्टर्स के शेयर्स के दाम गिर गए। टैक्नॉलजी सैक्टर्स के कुछ शेयर्स के भाव में कुछ समय से काफी ऊपर थे, इसलिए इन्हें भारी नुकसान हुआ। तथापि, शेयर मूल्यों में आई कमी की प्राथमिक वजह

- **अतः अन्तर्राष्ट्रीय भय, निराशा के ''सैन्टिमैंट'' से बहुत प्रभावित होता है, भारतीय स्टॉक मार्केट।**
- **फिलहाल अमेरिका में ''प्राइज़ राइज़'' (महंगाई) 7 प्रतिशत है। इतनी महंगाई तीन दशक में नहीं हुई।**
- **इस महंगाई के कारण अमेरिका के रिज़र्व बैंक द्वारा ब्याज दर बढ़ाने की भारी संभावना है। ब्याज दर बढ़ने से पूंजी निवेशक पैसा शेयर मार्केट के निकालकर बॉण्ड्स या सिक्युरिटीज़ में लगा देते हैं, अतः स्टॉक मार्केट में भारी गिरावट आती है।**
- **इसके अलावा साऊथ चाइना सी में अमेरिका व जापान बड़ा भारी नौसैनिक युद्धाभ्यास कर रहे हैं तथा चीन ने भी 39 एयर क्राफ्ट इस क्षेत्र में भेजे हैं, युद्धाभ्यास के लिये। दोनों युद्धाभ्यास एक दूसरे के इतने नजदीक हो रहे हैं कि, जरा सी गल्ती से युद्ध छिड़ सकता है। इस भय से अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज में भारी गिरावट आयी है, जिसका सीधा असर भारत के स्टॉक एक्सचेंज पर आया है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 26 जनवरी को आतंकवादी गतिविधि की धमकी

## हिजबुल मुजाहिदीन व ''सिख फॉर जस्टिस'' ने यह धमकी देते हुए सैकड़ों ''ऑडियो मैसेज'' भेजे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जनवरी। सर्वोच्च न्यायालय ने वकीलों को सोमवार को मिले अन्तर्राष्ट्रीय फोन कॉल्स से प्राप्त रिकॉर्डेड संदेशों के एक और प्रकरण के अन्तर्गत पाकिस्तान के आतंकी संगठन हिज़बुल मुजाहिदीन ने दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोहों को बाधित करने की धमकी दी है। उक्त आतंकी संगठन ने कश्मीरियों से घाटी छोड़कर दिल्ली जाने, वहाँ अनुच्छेद 370 को रद्द किये जाने पर विरोध-प्रदर्शन करते हुये, बुधवार को वहाँ ''कश्मीरी झंडा'' फहराने का आव्हान किया है। एक अन्य मैसेज में, इसी संगठन ने सर्वोच्च न्यायालय पर ''कश्मीरियों के प्रति अन्याय'' करने का दोषारोपण किया है क्योंकि उनसे अनुच्छेद 370 के तहत पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दिये गये विशेषाधिकारों को रद्द किये जाने पर कुछ नहीं किया।

एक ऑडियो मैसेज में, कश्मीरी मुजाहिदीन ने सर्वोच्च न्यायालय को अनुच्छेद 370 के तहत पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दिये गये विशेषाधिकारों को रद्द करके ''कश्मीरियों के प्रति अन्याय'' के लिये जिम्मेदार ठहराया है। खालिस्तानी आतंकी ग्रुप ''सिख्स फॉर जस्टिस'' के संदेशों को दोहराते हुये, मुजाहिद्दीन ने कश्मीरियों का आव्हान किया है कि वे दिल्ली पहुँचकर वहाँ अपना झंडा फहरायें। ऑडियो में कहा गया है, ''कश्मीरी मुजाहिद्दीन का यह मैसेज सर्वोच्च न्यायालय के लिये है। हमने कश्मीर घाटी की लड़ाई को दिल्ली तक ले जाने का निर्णय लिया है। (एस.एफ.जे. प्रमुख) पन्नू ने (कश्मीरियों से) घाटी छोड़कर, दिल्ली जाने का आव्हान किया है। अब मुजाहिद्दीन 26 जनवरी को राजधानी में कश्मीरी झंडा फहरायेंगे। अनुच्छेद 370 को रद्द कर के कश्मीरियों के प्रति अन्याय के लिये जितनी जिम्मेदार मोदी सरकार है, उतना ही जिम्मेदार सर्वोच्च न्यायालय है। अब यह मुद्दा दिल्ली में उठाया जायेगा तथा सारी दुनिया इसे देखेगी।''हाल ही के सप्ताहों में, वकीलों को अनेक कॉल किये गये हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर के लोगों को गणतंत्र दिवस को निशाना बनाने के लिये उकसाया एवं भड़काया गया है। ये कॉल कथित रूप से एस.एफ.जे. चीफ गुरपतवन्त सिंह पन्नू द्वारा जारी किये गये हैं, जहाँ वह सबसे पहले अपने समर्थकों को यह कहते सुनाई दिया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ''ब्लॉक'' कर दें तथा 26 जनवरी को दिल्ली से तिरंगा हटा दें।

- **ऑडियो मैसेज के अनुसार दोनों संगठनों ने कश्मीरियों से आग्रह किया है, प्र.मंत्री के कार काफिले पर हमला करें व कश्मीर का झण्डा फहराये दिल्ली में।**

पहले के कॉल्स में, इस प्रतिबंधित संगठन ने सर्वोच्च न्यायालय के जजों को चेतावनी दी थी कि वे पंजाब में हाल ही में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में हुई चूक से संबंधित केस की सुनवाई करने से बचें। सर्वोच्च न्यायालय में इसकी सुनवाई शुरू होने से ठीक पहले, कम से कम 1000 ऐसे कॉल इंग्लैंड से प्राप्त हुये थे, जिनमें प्रधानमंत्री की सुरक्षा से समझौता किये जाने के मामले जाँच को बिगाड़ने के लिये की जाने वाली कोशिशों का खुलासा किया गया था। ऑडियो कॉल में, पन्नू को इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुये भी सुना गया था। सर्वोच्च न्यायालय, सुरक्षा में हुई चूक की जाँच के लिये सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व जज सुश्री इन्दु मल्होत्रा की अध्यक्षता में पाँच सदस्यों की एक कमेटी नियुक्त कर चुका है।

गणतंत्र दिवस के पूर्व सोमवार को दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था तब और सख्त कर दी जब उसे गुप्तचर संस्थाओं की ओर से अलर्ट किया गया कि सिटीजनशिप अमैंडमैंट एक्ट (सी.ए.ए.) नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन्स विरोध प्रदर्शन और किसान आंदोलन के दौरान अति सक्रिय रहे लोगों पर नजर रखी जाए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लालकिला तथा सरकारी भवनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उक्त अधिकारी ने कहा कि, गुप्तचर जानकारी के अनुसार कुछ लोग गणतंत्र दिवस के समारोह में व्यवधान डालने के लिए हिंसा चाहते हैं तथा ये ऐसे असामाजिक तत्वों के सम्पर्क में हैं, जो भारत में अस्थिरता पैदा करने वाली विदेशी ताकतों से समर्थित हैं। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने कहा कि उनकी पुलिस पूरी तरह से सतर्क है तथा आतंकवाद के खिलाफ सभी 26 मानदण्डों के साथ सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूर्ण तालमेल है। राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड के संबंध में उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने डिप्टी कमिश्नर्स के नेतृत्व में 20,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया है तथा केन्द्रीय सशस्त्र बलों की 65 कम्पनियां भी तैनात की जाएंगी।

# आलोचना से बेपरवाह है चीन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जनवरी। न्यूयॉर्क टाइम्स कहता है कि विंटर ओलम्पिक्स में कुछ ही दिन बचे हैं, और राष्ट्रपति शी ज़िनपिंग अपने आलोचकों की एक नहीं सुन रहे हैं तथा इस समारोह को अपने तरीके और अपनी शर्तों पर आयोजित कर रहे हैं।

- **चीन को ''ज़ीरो टॉलरैन्स'' नीति की सख्त अनुपालना के कारण ही ''विन्टर ओलंपिक'' का आयोजन आवंटित किया गया था, अतः चीन अब अन्तर्राष्ट्रीय दबाव व आलोचना की परवाह किये बगैर विन्टर ओलंपिक के आयोजन पर आमादा है।**

चीन को अब दुनिया के सामने खुद को साबित नहीं करना है, जैसा चीन ने 2008 के ''समर ओलम्पिक्स'' में किया था। चीन ने अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक कमेटी के स्वास्थ्य संबंधी प्रोटोकॉल को रद्द कर दिया है तथा अपनी स्वयं की कठोर ''ज़ीरो कोविड'' नीति को कायम रखा है। उसने ब्रॉडकास्टरों तथा स्पॉन्सरों को चेतावनी दे दी है कि हाँगकाँग में की जा रही सख्ती एवं शिनजिआंग में दमन को लेकर किए गए बहिष्कार के आव्हान के समक्ष झुके नहीं। चीन की सख्ती को बहुत से लोग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारी फर्क क्यों है यू.पी. के चुनावी सर्वे व जमीनी हकीकत में?

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जनवरी। उत्तर प्रदेश के राजनैतिक रंगमंच पर एक विचित्र स्थिति सामने आ रही है। जहाँ ओपिनियन पोल भाजपा सरकार की वापसी (हालाँकि पहले से कम बहुमत के साथ) की भविष्यवाणी कर रहे हैं, वहीं जमीनी रिपोर्ट बता रही हैं कि वास्तविकता इससे उलट है। आक्रोशित भीड़ भाजपा के मौजूदा विधायकों तथा मंत्रियों को गाँवों से बाहर खदेड़ रही है।

सी-वोटर सहित, विभिन्न सर्वेक्षणों ने भविष्यवाणी की है कि भाजपा को 403 सदस्यीय विधानसभा में 260 सीटें मिलेंगी तथा उसे 41 प्रतिशत वोट मिलेंगे।

इस प्रकार का विश्लेषण जमीनी रिपोर्टों के अनुकूल नहीं बैठ रहा है। बागपत के छपरौली चुनाव क्षेत्र से लेकर बुलन्द शहर और आगरा तक विभिन्न स्थानों पर प्रचार के लिये गाँवों में गये भाजपा विधायक गाँव से बाहर निकाल दिये गये हैं तथा उनके काफिलों पर पत्थर फेंके गये हैं। एक जगह तो यह स्थिति हुई है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी ग्रामीण क्षेत्र में अपने प्रचार के लिये गये भाजपा विधायक को एक विद्यालय-भवन के परिसर में ताले में बंद कर दिया गया। उन्नाव में स्वयं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को काले झंडे दिखाये गये तथा बताया जाता है कि एक सभा को संबोधित करते समय शोर करते हुये उन्हें हूट किया गया तथा उन्हें सभा को संबोधित नहीं करने दिया गया। कुछ मामले ऐसे भी सामने आये हैं कि भाजपा विधायक प्रचार के लिये भारी सुरक्षा घेरे एवं व्यवस्था के साथ जा रहे हैं। जाहिर है कि ये रिपोर्टें चुनाव-पूर्व होने वाले सर्वेक्षणों के संकेतों एवं निष्कर्षों से पूरी तरह भिन्न हैं। समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव, जो सत्तारूढ़ भाजपा के समक्ष मुख्य चुनौती के रूप में उभरकर आये हैं, ने इन सर्वेक्षणों के आधार पर ही सवाल खड़े कर दिये हैं तथा इन ''ओपिनियन पोल्स'' को ''ओपियम पोल्स'' (अफीमची पोल) की संज्ञा देते हुये खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि इस प्रकार के सर्वे केवल मतदाताओं को ''गुमराह वं दिग्भ्रमित'' करने के लिये किये जा रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर माँग की है कि इन ओपिनियन पोल्स को समाचार चैनलों पर प्रसारित किये जाने पर तुरन्त रोक लगाई जाये। पार्टी ने कहा है कि यह करके आदर्श आचार संहिता का

- **हाल ही में हुए सर्वे के अनुसार, भाजपा को लगभग 260 सीटें मिलेंगी, परन्तु जमीनी सच्चाई यह है कि, विशेषकर, वैस्टर्न यू.पी. में उम्मीदवारों और मंत्रियों को प्रचार के लिये गांव में घुसने तक नहीं दिया जा रहा है।**
- **एक भाजपा विधायक जब पश्चिमी यू.पी. में एक गांव में चुनाव प्रचार करने पहुंचे, तो गांव वालों ने उन्हें स्कूल भवन में बंद कर दिया।**
- **यहां तक कि, उप मु.मंत्री केशव प्रसाद मौर्य जब ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचे तो, उन्हें काले झण्डे दिखाये गये, नारेबाजी हुई और उन्हें सभा को संबोधित नहीं करने दिया गया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भीलवाड़ा में भी मूकबधिर युवती से गैंगरेप

भीलवाडा, 24 जनवरी (निसं)। औद्योगिक नगरी भीलवाड़ा की एक कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाली मूकबधिर युवती के साथ गैंगरेप हुआ है। हालांकि प्रशासन का इस मामले में भी यह कहना है कि मैडिकल बोर्ड की जांच के बाद ही स्थिती साफ होगी।

कलैक्टर आशीष मोदी से मिली जानकारी के अनुसार मूलत: चित्तौड़गढ़ जिले के एक गांव की रहने वाली 18 वर्षीय युवती भीलवाड़ा शहर के पटेल नगर क्षेत्र में किराए के मकान में परिवार के साथ रहती है। सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे युवती को ब्लीडिंग ज्यादा होने की समस्या के चलते उसके पिता और बड़ी बहन बाइक पर एमजी हॉस्पिटल लेकर आए। ब्लीडिंग का कारण जानने के लिए चिकित्सकों ने जब प्रैग्नैंसी जांच की तो उसके दो माह की गर्भवती होने की जानकारी मिली। इस पर मामले से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया। एसपी सिद्धू ने बताया की चूंकि युवती बोलने और सुनने दोनों में असमर्थ है। अत: उसके द्वारा अपने परिजनों को अवगत करवायी गईं जानकारी के आधार पर गत दिनों उसे तीन नकाबपोश युवक अगवा कर पटेल नगर ले गए थे, जहां दो युवकों ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया, जिसके कारण वह गर्भवती हो गईं।

- **ब्लीडिंग होने पर प्रैगनैंसी जांच की तो दो माह की गर्भवती होने की जानकारी मिली।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रोडा एक्ट संशोधन विधेयक को लेकर राजभवन और सरकार आमने-आमने

## मुख्यमंत्री ने कहा था-रोडा एक्ट संशोधन विधेयक का राज्यपाल स्तर पर अनुमोदन नहीं होने से किसानों की जमीन नीलामी की स्थितियां बनीं

जयपुर, 24 जनवरी (का.प्र.)। प्रदेश में किसान कर्जमाफी और किसानों की जमीन नीलामी के मामले में चल रही सियासत के बीच मुख्यमंत्री ने कहा था कि राजभवन रोडा एक्ट संशोधन संबंधी विधेयक को अटका कर बैठा है, वही अब इस मामले में राजभवन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार के स्तर पर राजभवन में रोडा एक्ट संशोधन संबंधी कोई विधेयक नहीं आया और ना ही राज्यपाल कलराज मिश्र के स्तर पर इसे अनुमोदन के लिए भेजा गया।

पिछले दिनों जब राजस्थान में किसानों की जमीन नीलामी को लेकर नोटिस आने लगे और मामला गरमाया और विपक्ष ने जब राज्य सरकार पर आरोप लगाए, तब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक ट्वीट किया था कि हमारी सरकार ने 5 एकड़ तक की जमीन की नीलामी रोकने के लिए विधानसभा में रोडा एक्ट संशोधन विधेयक पास करके भेजा था। लेकिन राज्यपाल महोदय के स्तर पर उसका अनुमोदन नहीं होने के कारण राजस्थान में किसानों की जमीन नीलामी की स्थितियां बनी। वहीं इसी मामले में सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने राजभवन का घेराव का ऐलान कर विरोध प्रदर्शन भी किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा था।

- **राजभवन का स्पष्टीकरण है कि, इस तरह का कोई विधेयक राजभवन को नहीं भेजा गया।**
- **स्पष्टीकरण पर बोले डोटासरा- अधिकारियों ने राज्यपाल को सही जानकारी नहीं दी।**

उसके बाद राजभवन की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि जिस मामले को लेकर प्रदर्शन किया गया, उसका कोई आधार नहीं है। इस प्रकार का कोई भी विधेयक पिछले दिनों राज्य सरकार की ओर से राजभवन में नहीं भेजा गया है। राजभवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि इस संबंध में सोमवार को ज्ञापन देने आए किसानों के प्रतिनिधिमंडल को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

राजभवन के जवाब के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्यपाल को अधिकारियों ने गलत जानकारी दी है। राज्य सरकार ने राज्यपाल को 5 एकड़ तक की जमीन नीलाम नहीं करने का बिल भेजा था।

डोटासरा ने कहा कि किसानों की जमीन नीलामी रोधी बिल सीपीसी में अमेंडमेंट संबंधी बिल था। गृह विभाग ने 24 नवंबर 2020 को यह बिल राजभवन भेजा था।

इस बारे में सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि आज तक यह बिल पास नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को नीचे के अधिकारियों ने सही सूचना नहीं दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये बिल पारित होता तो भूमि नीलाम नहीं होती। उन्होंने कहा कि यह बिल राजभवन से वापस सरकार के पास नहीं आया।

# 'हेट स्पीच'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 जनवरी। आर.एस.एस. द्वारा मुस्लिमों के खिलाफ घ्रणास्पद भाषणों का समर्थन करने के एक दिन बाद दो हिंदू संगठनों-हिंदू सेना और हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की शरण ली। और मुस्लिमों के विरूद्ध हेट स्पीच संबंधी लंबित याचिका में शामिल करने की मांग की और इसके जवाब में ऐसे इन्टरनैट लिंक्स का हवाला दिया जिसमें मुस्लिम नेताओं ने भी इसी प्रकार के भड़काऊ भाषण दिए हैं।

गत 12 जनवरी को चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) एन.वी. रमना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की एक बैंच ने पत्रकार कुरबान अली और पटना हाई कोर्ट की पूर्व जज एवं सीनियर एडवोकेट अंजना प्रकाश द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार, उत्तराखण्ड और दिल्ली पुलिस से जवाब-तलब किया था। इस याचिका में उन लोगों के विरूद्ध जांच व कार्यवाही की मांग की गई थी जिन्होंने

- **दो हिन्दू संगठनों, हिन्दू सेना व ''हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस'', ने भी सुप्रीम कोर्ट में हिन्दू संगठनों द्वारा आयोजित समारोह में ''हेट स्पीच'' के खिलाफ पत्रकार कुरबान अली द्वारा याचिका की सुनवायी में शामिल होने की अर्ज़ी डाली।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**हर चीज़ की कीमत व्यक्ति की जेब और ज़रूरत के अनुसार होती है और शायद उसी के अनुसार वह अच्छी या बुरी होती है।**

**–संतोष गोयल**

# क्या यही विकास है?

गत कुछ वर्षों से प्रधानमंत्री जी एवं सत्ताधारी दल के विभिन्न नेताओं द्वारा विभिन्न मंचों पर यह घोषित किया जा रहा है कि भारत ने गत कुछ वर्षों में तीव्र गति से प्रगति की है एवं इसका लाभ देश के सभी वर्गों को मिला है। प्रधानमंत्री जी द्वारा, जिन्होंने पूर्व में 'सबका साथ – सबका विकास' का नारा दिया था, इसमें कालांतर में 'सबका विश्वास और सब का प्रयास' भी जोड़ दिया गया। उनकी बात मानें तो भारत का डंका पूरे विश्व में बजने लगा है। कोरोना का प्रबंधन भी विश्व में सर्वश्रेष्ठ रूप से भारत में किया गया। खूब रोजगार भी उपलब्ध कराए गए। महिलाओं को बैंकों से जोड़कर एवं उन्हें उज्जवला योजना के अंतर्गत कनेक्शन दिलवा कर उत्पीड़न से मुक्ति दिलाई गई है। सरकार द्वारा जारी नई योजनाओं का जिक्र भी प्रधानमंत्री एवं उनके दल के अन्य नेता अपने सभी उद्बोधन में करना नहीं भूलते। उनके द्वारा यह भी कहा जाता है कि इनमें से कई कार्य स्वतन्त्रता के बाद 'पहली' बार किए गए हैं।

यह सुनकर एक भारतीय के नाते प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा होना चाहिए।

एक विवेकशील नागरिक का यह भी कर्तव्य है कि वह इन सब दावों को धरातल पर वास्तविकताओं की कसौटी पर कसे। इस सन्दर्भ में दावोस में आयोजित विश्व अर्थिक मंच ( ) की बैठक के पहले दिन ऑक्सफेम द्वारा जारी असमानता सर्वेक्षण रिपोर्ट और उससे संबंधित इंडिया के मुख्य कार्यकारी अमिताभ बेहर की टिप्पणियों का उल्लेख उपयुक्त होगा। इस रिपोर्ट के प्रमुख अंश इस प्रकार हैं:–

1. कोरोना काल में कुछ लोगों की संपत्ति में जहां अत्यधिक वृद्धि हुई, वहीं गरीब लोगों की संपत्ति पहले से कम हुई है। अरबपतियों की संपत्ति में इसी अवधि में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई वहीं 84 प्रतिशत जनसंख्या की सम्पत्ति में कमी हुई।

2. भारत के 11 प्रतिशत अरबपतियों की संपत्ति में जितनी वृद्धि हुई है, उससे पूरे देश की नरेगा योजना को 10 वर्षों तक चलाया जा सकता है अथवा स्वास्थ्य मंत्रालय का सारा खर्चा 10 वर्ष तक उठाया जा सकता है।

3. भारत के 100 अरबपतियों की संपत्ति पर 4 प्रतिशत संपत्ति कर लगाया जाए तो उस से जो राशि प्राप्त होगी उस से पूरे देश का मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम 17 वर्षों तक चलाया जा सकता है।

4. 98 सर्वाधिक संपन्न व्यक्तियों की संपत्ति पर 1 प्रतिशत भी कर लगाया जाए तो उससे देश के आयुष्मान भारत योजना को 7 वर्ष तक चलाया जा सकता है।

5. 10 करोड़ से अधिक वार्षिक आय वाले व्यक्तियों पर 2 प्रतिशत कर लगाया जाए तो उससे प्राप्त होने वाली राशि के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग के बजट को दोगुने से अधिक किया जा सकता है।

6. सबसे अधिक नुकसान असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को हुआ, लगभग 12 करोड़ व्यक्तियों ने अपना रोजगार, लॉक डाउन के कारण खोया।

7. लॉकडाउन के कारण पैदल ही अपने-अपने गांवों की ओर निकल पड़ने के कारण लगभग 300 असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की मृत्यु, भुखमरी, आत्महत्या, थकान, सड़क एवं रेल दुर्घटनाओं, पुलिस बर्बरता एवं समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण हुई।

8. भारतीय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अप्रैल 2020 में कुल 2582 मानवाधिकार उल्लंघन की शिकायतें दर्ज की गईं।

9. शिक्षा पर कोरोना के कारण बहुत बुरा प्रभाव हुआ। ग्रामीण परिवारों में केवल 4 परसेंट के पास कंप्यूटर था एवं केवल 15 प्रतिशत के पास इंटरनेट कनेक्शन था।

10. ऑनलाइन शिक्षा का सबसे सर्वाधिक नुकसान बालिकाओं के, शिक्षा से बाहर होने के रूप में सामने आया है।

11. उल्लेखनीय है कि भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी एक कमरे या उससे कम में रहती है इसके कारण व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए आवश्यक क्रियाएं जैसे हाथ धोने, दूरी बनाए रखना संभव नहीं हो पाया।

12. गर्भवती औरतों को कोरोना काल में बिना चिकित्सा- देखभाल के छोड़ दिया गया। निजी अस्पतालों ने इसका भरपूर लाभ उठाया।

**देश का विकास तब सार्थक है जब देश के सभी लोगों का विकास हो और असमानता कम हो। कोरोना के कष्टकारी समय में, जो लोग आर्थिक दृष्टि से कमजोर हैं और असंगठित क्षेत्र में हैं, उनको यदि हम कहें कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है तो यह घाव पर नमक छिड़कने जैसा ही होगा।**

13. सरकारी बजट का स्वास्थ्य पर सबसे कम व्यय करने वाले देशों में, भारत विश्व में चौथे नंबर पर है।

14. वर्ष 2021 में भारतीय अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़कर 142 हो गई जबकि 84 प्रतिशत परिवारों की आय में वर्ष 2021 में कमी आई। इस प्रकार कोरोना के कारण जहां समान्य नागरिक की आय में बहुत कमी आई, वहीं कुछ अमीर परिवारों की आय में तेजी से वृद्धि हुई।

ऑक्सफैम इंडिया के मुख्य कार्यकारी अमिताभ बेहार के अनुसार अब समय आ गया है जब अत्यधिक अमीर व्यक्तियों पर अधिक कर लगाया जाना चाहिए ताकि उस राशि को गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने में खर्च किया जा सके।

भारत में असमानता कितनी अधिक है, इसी से सिद्ध होता है कि भारत के शीर्ष 10 प्रतिशत अमीर व्यक्तियों के पास देश की संपत्ति का 57 प्रतिशत है एवं 55 प्रतिशत आबादी के पास केवल 13 प्रतिशत संपत्ति है ।

भारत में असमानता बढ़ने के प्रमुख कारण 2016 में संपत्ति कर की समाप्ति, कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती, और अप्रत्यक्ष कर में वृद्धि हैं। इनके कारण अमीर अधिक अमीर तथा गरीब और गरीब होते गए। वर्ष 2021 में गौतम अडानी की संपत्ति में सबसे अधिक वृद्धि हुई और यह वृद्धि विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी वृद्धि है। इनकी संपत्ति में इस वर्ष तीन लाख करोड़ की वृद्धि हुई जिसके कारण उनकी कुल संपत्ति बढ़कर लगभग 7 लाख करोड हो गई। इसी प्रकार मुकेश अंबानी की संपत्ति भी एक लाख करोड़ बढ़कर लगभग 7.50 लाख करोड़ हो गई है।

भारत की असमानता को समझने के लिए हम एक और तरीका अपनाने का प्रयास करते हैं। यदि भारत के 10 सर्वाधिक अमीर व्यक्ति प्रतिदिन साढ़े सात करोड़ रुपिया भी खर्च करें तो उन्हें अपनी संपत्ति व्यय करने में कुल 84 साल लगेंगे।

विश्व की कुल कुपोषित जनसंख्या में से एक चौथाई भारत में है। 2020 में गरीबी में इतनी वृद्धि हुई कि वह कई अफ्रीकन देशों से भी अधिक है। भारत में आत्महत्या करने वालों में सर्वाधिक संख्या दिहाड़ी मजदूरों, स्वरोजगार करने वाले एवं बेरोजगार व्यक्तियों की थी। ऑक्सफेम की रिपोर्ट इस बात की ओर संकेत करती है कि भारत सरकार की नीतियां इस प्रकार की नहीं है जिससे निर्धन व्यक्तियों की आय में वृद्धि हो अथवा कोई आर्थिक सुरक्षा कोरोना जैसे कष्ट के समय प्राप्त हो सके। इसके विपरीत नीतियां कुछ इस प्रकार की बनाई जाती हैं जो कुछ विशिष्ट अमीर परिवारों और उच्च आय वर्ग के लोगों को अधिक सहायता करती हैं। यह उसी प्रकार की बात है जैसे कोई बहुत स्वस्थ व्यक्ति रेस में दौड़े जो पहले ही बहुत आगे खड़ा है और पीछे कमजोर व्यक्ति, जो पहले ही बहुत पीछे है। ऐसी स्थिति में किस प्रकार से इन दोनों में दूरी कम होगी? स्वाभाविक है ऐसा करने से जो व्यक्ति आर्थिक दृष्टि से पीछे है, वह समय के साथ-साथ, सरकार की नीतियों के कारण और पीछे होता चला जाता है। जो व्यक्ति सक्षम है वह अपनी संपत्ति में तेजी से वृद्धि कर लेता है।

देश का विकास तब सार्थक है जब देश के सभी लोगों का विकास हो और असमानता कम हो। कोरोना के कष्टकारी समय में, जो लोग आर्थिक दृष्टि से कमजोर हैं और असंगठित क्षेत्र में हैं, उनको यदि हम कहें कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है तो यह घाव पर नमक छिड़कने जैसा ही होगा। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि आगामी चुनावों के समय भी घोर असमानता, चर्चा का विषय नहीं बन पाया है।

विकास की परिभाषा विभिन्न लोग अपनी-अपनी प्रकार से बताते रहे हैं। चमचमाती सड़कों का बनना, विशाल बांध का बनना, बिजली का अधिक उत्पादन होना, आधुनिकतम कारों का बनना, गाड़ियों का बनना बुलेट ट्रेन का बनना विकास नहीं कहा जा सकता। विकास तो तब कहलाएगा जब इन सारी सुविधाओं का उपयोग करने के लिए व्यक्ति के पास क्रय क्षमता होगी और यह क्रय क्षमता तभी होगी जब वह इतना पैसा कमा सके कि वह विभिन्न सुविधाओं का उपभोग कर सके। अन्यथा, ये सारे विकास के प्रतीक उसे दूर से चिढ़ाते हुए ही दिखाई देंगे। आज जब एक व्यक्ति साइकिल भी नहीं खरीद सकता या बस का किराया नहीं दे सकता हो, उसके सामने यदि नवीनतम मॉडल की चमकदार गाड़ियां तेजी से निकल जायें, तो उसके लिए ऐसा विकास किस काम का? किसी व्यक्ति के पास एक साधारण कमरा भी रहने के लिए ना हो और उसके सामने बहुमंजिला खड़ी हो तो, उसके लिए देश का विकास बेमानी हो जाता है। यदि एक विद्यालय में वातानुकूलित कमरे में विद्यार्थी पढ़ते हों और दूसरी और उसे पढ़ने के लिए पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध न हो तो उसके लिए विकास का कोई मायने नहीं रह जाएगा। विकास का दावा करना, विकास के बारे में लोगों को बार-बार जताना तथा लोगों के द्वारा विकास की अनुभूति करना, यह दो अलग-अलग बातें हैं।

ऑक्सफैम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ बेहर का सुझाव है कि सरकार को स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर अपना बजट बहुत बढ़ाना चाहिए एवं इन क्षेत्रों में निजीकरण के व्यावसायिक मॉडल को तिलांजलि देनी चाहिए, क्योंकि इन के माध्यम से असमानता को कम नहीं किया जा सकता, अपितु बढ़ाया ही जा सकता है। समय आ गया है जब सरकार अत्यधिक अमीर लोगों पर उपयुक्त कर लगाए और उससे प्राप्त धन को वह वंचित वर्ग की आय अर्जन की क्षमता बढ़ाने तथा उसे सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने में लगाए।

जब तक देश में घोर असमानता बनी रहेगी, साधारण नागरिक यह सवाल करता ही रहेगा कि क्या यही विकास है?

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# राष्ट्रीय पर्व - जनसहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता

स्वराज प्राप्ति के 75 वें वर्ष में भारत सरकारी स्तर पर यह वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इस गौरवशाली अवसर को सरकारी के साथ-साथ असरकारी रूप से मनाने की आवश्यकता है। सरकारी आयोजनों पर काफी कुछ बजट भी खर्च होगा, पर क्या कभी आपने सोचा है कि राष्ट्रीय महत्व के दोनों पर्व स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के लिए हमारा व्यक्तिगत बजट कितना है ? जन सहभागिता कितनी है।

होली, दीपावली, रक्षाबंधन, जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ इत्यादि त्यौहारों-अवसरों के साथ हमारा पारिवारिक, सांस्कृतिक और धार्मिक जुड़ाव है, होना भी चाहिए, कोई आपत्ति नही। ये पारिवारिक, सांस्कृतिक, धार्मिक सम्बन्ध और अधिक प्रगाढ़ होने चाहिए। यह विभिन्न परम्परागत पर्व और त्योहार में समाज को जड़ो से जोड़े रखते हैं, नई पीढ़ी तक परम्परा को पहुंचाते हैं। इनके साथ ही राष्ट्रीय पर्वो के आयोजन में भी जन सहभागिता बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता दिखाई देती है। लोगों को नागरिक जिम्मेदारी का दायित्व बोध करवाने में और राष्ट्रीय चरित्र का विकास करने में इन उत्सवों अत्यंत महत्व है। हम दीपावली आदि त्योहार जितने उत्साह और खर्च से मनाते है। उस का दस प्रतिशत खर्च भी राष्ट्रीय पर्व पर खर्च करने लग जाएं तो देश में राष्ट्रप्रेम का भाव और संस्कार बहुत गहरे तक जा सकता है।

जिनके बच्चे स्कूल जाते हैं उन परिवारों में तो फिर भी कुछ हलचल रहती है, लेकिन शेष सब परिवारों को तो जैसे 15 अगस्त 26 जनवरी के राष्ट्रीय पर्व से कोई सम्बन्ध ही नही है, एक छुट्टी का अवसर मान लेते है। आजादी के बाद बनी सभी शिक्षानीतियों में, शिक्षा में जीवन मूल्यों, राष्ट्र प्रेम के संस्कारों की बात की गई । शिक्षा के केंद्रों में इन पर्वों के माध्यम से लगातार प्रयास भी किया जाता है लेकिन जैसे बालक अपना विद्यार्थी जीवन पूरा करके एक व्यक्ति के रूप में सामाजिक जीवन में प्रवेश करता है, तो धीरे-धीरे उसका उसके जीवन में इन महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्वों का स्थान कुछ कुछ कम होने लगता है। यह अत्यंत चिंताजनक है।


काश...आजादी के तुरंत बाद से ही इन्हें आमजन का उत्सव बनाने के कुछ प्रयास किये जाते। इन्हें केवल सरकारी समारोह नहीं रखा जाता है, बल्कि यह अवसर जन महोत्सव के अवसर होने चाहिए। तिरंगा फहराने की आमजन को मिली छूट के बाद अब धीरे-धीरे यह राष्ट्रीय पर्व जनता के उत्सव में बदलते जा रहे हैं। इन उत्सवों के लोक उत्सव में बदलने की गति और अधिक बढनी चाहिए। राष्ट्रीय महत्व के इन आयोजनों में देशभक्ति केवल बच्चों तक ही क्यों रहे, बड़ों में भी तो आनी चाहिए। इसलिए समाज में व्यापक स्तर पर राष्ट्रीय पर्वो का आयोजन हो, इसकी आवश्यकता है। कहते हैं राष्ट्र प्रेम का भाव रहेगा तो भ्रष्टाचार भी रुकेगा, कालाबाजारी भी रुकेगी, जातिवाद भी रुकेगा बेईमानी भी रुकेगी, मिलावट खोरी भी रुकेगी। राष्ट्रीय चरित्र का विकास अनेक समस्याओं का समाधान करेगा ।

पिछले 5-6 वर्षों से मैंने इस दिशा में अपने कुछ पुराने विद्यार्थियों के साथ एक प्रयोग शुरू किया है। मेरे बहुत सारे पुराने विद्यार्थी देश के विभिन्न भागों में व्यवसायरत है। उनका एक व्हाट्सएप ग्रुप बना रखा है और सभी से आग्रह किया जाता है कि अपनी अपनी दुकान पर 15 अगस्त और 26 जनवरी को राष्ट्र ध्वज वंदन अवश्य करें। आस-पास के दुकानदारों को जोड़ते हुए करें।

हम सब घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराए , घर पर भारत माता का चित्र लाकर सपरिवार भारत माता पूजन कर सकते हैं। अपने घर बूंदी के लड्डू जरूर लाएं। अपने दुकान/ फर्म/ कार्यालय पर भी राष्ट्र ध्वज वंदन- भारत माता पूजन के कार्यक्रम करें । आस-पास के दुकानदारों परिचितों को भी इस आयोजन में जुड़ने का आग्रह करें । सभी लोग राष्ट्र ध्वज को सलामी दें, प्रणाम करें, पुष्प अर्पित करें।

**संदीप जोशी, शिक्षाविद्व**
**सदस्य एनसीटीई ( केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय )**

# चमत्कार होते नहीं, किये जाते हैं



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

क्या कोई बच्चा जिसकी स्वांस गति और हृदय की धड़कन डेढ़ घन्टे तक बंद रही हो, वह फिर जीवित हो सकता है? दिल की धडकन बंद तो, रक्त संचार खत्म। बिना रक्त संचार के 3 मिनट में मस्तिष्क नष्ट और पांच मिनट में तो सब कुछ । डेढ़ घन्टा तो बहुत लम्बा समय होता है, उतने समय में तो वह 18 बार मर जायगा। फिर वह कैसे जीवित हुआ ? चमत्कार? हां चमत्कार, लेकिन चमत्कार हुआ नहीं, डाक्टरों ने किया।

घटना आस्ट्रिया के एक शीत प्रदेश की है। तीन साल की मासूम बच्ची ठन्डे फिश पॉण्ड में डूब गई। मां बाप को मालूम होने और कुंड में से निकाल ने में 30 मिनट लग गये। बच्ची ठन्डी टीप, बेहोश, श्वास रुकी हुई, हृदय गति बंद। एमरजेंन्सी को फोन किया। जवाब मिला हम तुरंत हेलिकाप्टर से पहुंच रहे हैं, तब तक जैसा आपको बता रहे हैं वैसे बच्ची के मुंह में श्वास फूंकिये और उसका सीना आगे से दबाइये। आठ मिनट में एमरजेंन्सी टीम पहुंच गई और बच्ची को सी पी आर करते हुए हेलीकोप्टर से ले उडी। अस्पताल की एमर्जेन्सी को फोन किया कि 30 मिनट तक ठन्डे पानी में डूबी हुई बच्ची को ला रहे हैं।

उचित आपतकालीन इलाज की तैयारी करें। अस्पताल पहुंचने में उन्हे 25 मिनट लगे। सब तैयार थे। बच्ची को सीधा हृदय के आपरेशन थियेटर में ले जाया गया। बच्ची का अंदर का ताप तब मात्र 18.7 डिग्री से. था। एक टीम ने कृत्रिम स्वास और सीने को दबाने की प्रक्रिया (सी पी आर) चालू रखी। दूसरी टीम ने दाईं जांघ की बड़ी धमनी में एक नली डाली और पास की शिरा में दूसरी नली, और दानो को हार्ट-लंग-बाई-पास मशीन से जोड दिया। शिरा से खून कृत्रिम फेफडे. (लंग) में गया जहां उसके आक्सीकरण के साथ उसे धीरे-धीरे गर्म भी किया गया और एक पम्प के द्वारा धमनी में लौटा दिया गया। यह आरम्भ करने में 20 मिनट लग गये।

रक्त परीक्षण पर उसमें एसीडोसिस मिली जिसे बायोकार्बोनेट देकर आहिस्ता आहिस्ता 40 मिनट में ठीक किया गया। शरीर का तापमान 37 डिग्री लाने में 6 घन्टे लगे। जब बच्ची का ताप मान 24 डिग्री पर पहुंचा तभी दिल पुनः धड़कना चालू हो गया लेकिन दुर्भाग्य से फेफड़ों में तरल भरा था अत: कृत्रिम श्वांस यंत्र के बावजूद आक्सीकरण नहीं हो पा रहा था। दुविधा की स्थिति थी। दिल धड़कने से रक्त संचार तो चालू हो गया लेकिन रक्त फेफडों में आक्सीकृत नहीं हो रहा था। आवश्यक था कि हृदय को चालू रखते हुए रक्त को बाहर कृत्रिम फेफडे में आक्सीकृत कर वापस हृदय में भेजा जाए। इस प्रक्रिया को एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेम्ब्रेन आक्सीजेनेशन (ई सी एम ओ) कहते हैं।

उनके पास बच्चों के काम आने वाली मशीन नहीं थी। अत: उन्होने बच्ची का सीना खोला और अभ्यस्त विधि से एक नली हृदय की बडी धमनी एओर्टा में और दूसरी नली दाये एट्रियम में डाली, और मशीन से जोड दिया। एट्रियम से रक्त एक निश्चित मात्रा में मशीन में भेज गया और वहां से आक्सीकृत होकर एओर्टा में पम्प कर दिया गया – पूरे शरीर में संचारित होने के लिए और दायें एट्रियम में वापस आने के लिए। जांध की बाईपास नलिया और मशीन हटा दी गई लेकिन चूंकि अभी भी फेफड़ों से आक्सीकरण पूरा नहीं हो रहा था अत: ई सी एम ओ चालू रखना आवश्यक था।

बच्ची के खुले सीने को कपडे से ढक कर, कृत्रिम श्वास यंत्र और ई सी एम ओ के साथ बच्ची को आई सी यू में शिफ्ट किया गया। धीरे धीरे ई सी एम ओ के काम को कम करने और फेफड़ों के काम पूरा शुरू होने में 15 घन्टे लगे। तब इ सी एम ओ हटाया गया और सीना बंद किया गया। उसके बाद भी कृत्रिम श्वास यंत्र और सघन चिकित्सा चालू रखने के लिए बच्ची को बेहाश रखा गया । पूरे 12 दिन लगे, जब बच्ची होश में आई और कृत्रिम श्वास यंत्र को हटाया जा सका।

मस्तिष्क जिसके क्षतिग्रस्त होने का सबसे अधिक अंदेशा था वह भी पूर्ण रूपेण काम कर रहा था। छ: महिने बाद दायें पाव और बायें हाथ में मामूली सी कमजोरी के अलावा बच्ची सर्वथा स्वस्थ थी।

यह था चमत्कार जो हुआ नहीं, किया गया था। चमत्कार जो समर्पित चिकित्सा कर्मियों के अथक प्रयत्न की परिणति था। चिकित्सा कर्मियों की कितनी टीमों ने कितने संयम और समन्वय से यह किया होगा सहज समझना मुश्किल है।

लेकिन इतने समय तक निष्क्रिय या कहें मृत रहने के बाद मस्तिष्क, हृदय और फेफडे फिर कैसे चालू हो गये ? प्राणवायु के अभाव में सचमुच मृत क्यों नही हो गए ? किस आधार पर इन मूल-भूत (वाईटल) मार्मिक अंगों की काशिकाऐं जिन्दा रहीं? यह चमत्कार हुआ कैसे? चिकित्साकर्मियों ने यह कैसे संभव किया?

ठन्डे पानी में डूबने से शरीर का तापमान तेजी से गिरा। गिरते तापमान के साथ कोशिकाओं की रसायनिक क्रिया (प्राण प्रक्रिया) कम होती गई और साथ ही आक्सीजन की आवश्यकता भी। एक तापमान पर पहुंचने पर कोशिकाओं की रसायन प्रक्रिया सर्वथा बंद हो गई। इससे पहले कि आक्सीजन की कमी के कारण सक्रिय हुए कोशिका में स्थित आत्मघाती रसायन कोशिका को नष्ट करते, वे रसायन स्वयं ही ठन्ड से निष्क्रिय हो गए और कोशिकाऐं मृत होने से बच गई, सुषुप्त हो गई, समाधि में चली गई। चिकित्सकों ने आक्सीजन की उपलब्धि के साथ आहिस्ता -आहिस्ता शरीर का तापमान बढा कर, कोशिकाओं की रसायन प्रक्रियाओं को पुन: जाग्रत उन्हें जीवित किया गया।

पहले जब हार्ट लंग मशीन उपलब्ध नहीं थी तब ऐसी ही हाइपोथर्मिया (अल्प तापावस्था) विधि से हृदय का ओपन हार्ट ऑपरेशन किया जाता था । मरीज को बेहोश करने के बाद उसे ठन्डे पानी में रख कर शरीर का तापमान इतना कम किया जाता था कि मस्तिष्क सुसुप्त हो जाय और दिल की धडकन बंद। तब फटाफट सीना खोल कर हृदय का ऑपरेशन किया जाता था।

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# भूतपूर्व सैनिक तिरंगा लेकर 26 घंटे दौड़ लगाएगा

**■ देश के बहादुर सैनिकों को समर्पित होगी फ्लैग रन**

**कोटा,** (निसं)। कोटा के भूतपूर्व सैनिक शक्ति सिंह हाड़ा गणतंत्र दिवस पर एक अनूठा रिकोर्ड अपने नाम करने का प्रयास करेंगे। वह गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या से 26 घण्टे लगातार दौड़ कर 200 किमी की दौड़ पूरी करेंगे।

हाडा ने बताया कि श्री उम्मेद क्लब कोटा के तत्वावधान में 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे दौड़ का प्रारंभ श्री उम्मेद क्लब कोटा से किया जाएगा और 26 जनवरी,गणतंत्र दिवस पर 26 घण्टे की दौड़ पूरी करते हुए सांय 4 बजे श्री उम्मेद क्लब कोटा में दौड़ पूरी की जाएगी। दौड़ को हरी झण्डी समाजसेवी अमित धारीवाल दिखाएंगे।

हाड़ा ने बताया कि 25 जनवरी को प्रारंभ होने वाली दौड़ में वह तिंरगा लेकर दौड़ेगे और जबतक उनकी दौड़ पूरी नहीं हो जाती वह इस दौड़ में तिरंगे को अपने साथ रखेंगे। उन्होंने कहा यह खुली दौड़ होगी शहर के जो व्यक्ति उनकी दौड़ की राह में जितनी दूरी तक उनके साथ दौड़ना चाहते है उनका स्वागत है और वह भी इस अनूठी दौड़ का हिस्सा बन सकते है। इस दौड में उनकी क्रू टीम आईआरसी, बीआरसी, वाईएफसी उनके साथ रहेगी। शक्ति सिंह हाड़ा ने बताया कि इस दौड़ के लिए इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए नामांकन किया गया है। 26 घण्टे निरंतर दौड़ का रिकॉर्ड बनाने के लिए उन्होने सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी है। इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की टीम पूरी दौड़ में उपस्थित रहेगी और दौड़ पूरी होने पर प्रमाण पत्र भेंट करेगी। इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में 18.50 घण्टे निरंतर दौड का रिकॉर्ड दर्ज है।

# गौरी माहेश्वरी ने 13 वर्ष की उम्र में 1500 लोगों को सिखाई कलिग्राफी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गौरी माहेश्वरी को वर्चुअली सम्मानित किया।

**■ अवॉर्ड में एक लाख रूपये नकद, पुरस्कार व प्रशस्ती पत्र दिया जायेगा**

**अजमेर,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अजमेर की गौरी माहेश्वरी को कला के क्षेत्र में पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2022 से वर्चुअली सम्मानित किया। कलैक्टर अंशदीप ने बताया कि शास्त्री नगर अजमेर निवासी 8वीं कक्षा की छात्रा गौरी माहेश्वरी ने कला के क्षेत्र में विशेष योग्यता प्राप्त की है। वे 13 वर्ष की उम्र में कलिग्राफी का शिक्षण करवाती हैं। इन्होंने पूरी दुनिया में 1500 से अधिक व्यक्तियों को कलिग्राफी सिखाई है। पीएम से मिले अवॉर्ड में इन्हें एक लाख रूपए नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं पदक प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि गत दो वर्षों के पुरस्कार एक साथ प्रदान किए गए। यह पुरस्कार भारत सरकार के महिला एवं बाल विभाग द्वारा 2018 से आरम्भ किया गया था। इसमें 6 श्रेणियों में बच्चों को पुरस्कार दिए जाते है। नवाचार, वीरता, समाजसेवा, कला एवं संस्कृति, खेल तथा क्षेत्रीय उपलब्धि के लिए यह पुरस्कार दिया जाता है। पुरस्कार के लिए आवश्यक डिजटली ब्लॉग चयन तकनीक का विकास आईआईटी कानपुर के द्वारा किया गया था। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनिन्दा बच्चों से वार्तालाप भी किया। पूरे देश के 623 बच्चों को ये पुरस्कार र्स्पधा के पश्चात मिले। गुरू गोविन्द सिंह के साहिबजादों ने वीरता, धैर्य, साहस, समर्पण एवं बलिदान का अतुलनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा।



**पावटा। उपखंड पावटा में स्थित श्रीपीतांबरा पीजी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर रवीना यादव को एक दिन का प्रिंसिपल बनाया गया, वहीं पिंकी को उप प्रिंसिपल बनाया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाए जाने का उद्देश्य समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना है। साथ ही उनके साथ होने वाले भेदभाव के प्रति भी लोगों को जागरुक करना है। आज हमारी बेटियां अपनी प्रतिभा एवं काबिलियत से हर क्षेत्र में अग्रणी होकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। वे आज पूरे विश्व में विभिन्न क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित कर राष्ट्र को गौरवान्वित कर रही हैं।**

## राशिफल मंगलवार 25 जनवरी, 2022



पंडित अनिल शर्मा


माघ मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2078, चित्रा नक्षत्र दिन 10:54 तक, धृति योग प्रातः 9:12 तक, बव करण प्रातः 7:49 तक, चन्द्रमा तुला राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-तुला, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।


द्विपुष्कर योग और राजयोग सूर्योदय से प्रातः 7:49 तक है। रवियोग दिन 10:54 तक रहेगा। आज स्वामी विवेकानन्द जयन्ती (तिथि से), और श्री रामान्दाचार्य जयन्ती है। आज अष्टमी तिथि का क्षय हुआ है। आज कालाष्टमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:59 से 11:19 तक, लाभ-अमृत 11:19 से 1:59 तक, शुभ 3:19 से 4:34 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:19, सूर्यास्त 5:59

### मेष

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

### धनु

आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### वृष

स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा।

### कन्या

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना सफल रहेगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### कुंभ

धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कर्क

परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

### वृश्चिक

धार्मिक-मांगलिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यक्तिगत कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा।

## जुआ खेलते हुए 4 जने गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। कोतवाली थाना पुलिस ने सोमवार को चार जनों को ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना अधिकारी वीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौलिया के निर्देशन में लोकल स्पेशल एक्ट के संबंध में अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें हेड कांस्टेबल जनक सिंह, कांस्टेबल रामनारायण और पालेंद्र ने कार्यवाही करते हुए राकेश महावर पुत्र किरोडी लाल निवासी सुखदेवपुरा, राकेश पुत्र दिनेश निवासी झारेड़ा रोड, विष्णु निवासी सुखदेवपुरा को ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया।

## अनाथ बच्चों की स्थिति जाना

**टोडाभीम** (नि.सं.)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पदमपुरा के गांव बेरोज में एक निर्धन महिला की मौत से 3 बच्चे बेसहारा हो गए हैं तो वहीं परिवार के सामने रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जो उम्र इन बच्चों के खेलने और पढ़ने की है उसमें उनको रोजी रोटी की चिंता सताने लगी है।

# करौली में केक कटवाकर राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

**करौली** (नि.स.)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर करौली जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

नवीन चिकित्सालय परिसर स्थित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य ईकाई में बालिका जन्मोत्सव मनाया गया, जहां नवजात बालिकाओं से बेटियां अनमोल है केक कटवाया गया और नवजात देखभाल के लिए बेबी कम्बल, बेबी देखभाल किट प्रदान कर बेटियों को बचाने का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सीएमएचओ डॉ. दिनेशचंद मीना ने नवजात बालिओं से केक कटवाते हुए की और 34 नवजात बालिओं के परिजनों को बेबी कम्बल, बेबी देखभाल किट प्रदान करते हुए कहा कि बेटियां नित नई उंचाईयों का छू रही है। बेटियों के बगैर समाज का अस्तित्व नहीं है। इस दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रामकेश मीना, पीसीपीएनडीटी समन्वयक नगीना शर्मा, आईईसी समन्वयक लखनसिंह लोधा, नर्सिंग अधीक्षक छुटन लाल मीना, वार्ड प्रभारी बूंदीलाल मीना सहित प्रसूताऐं, यशोदाऐं मौजूद रहीं। इसके अलावा महिला अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग करौली के सयुंक्त तत्वाधान में निबंध एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न स्कूलों की कक्षा 9 से 12 तक कि छात्राएं हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में बालिकाओं को आगे आने के मंच उपलब्ध करवाना और उन्हें सशक्त करना है। प्रतियोगिता 24 से 30 जनवरी तक आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय ओर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश प्रशान्त अग्रवाल एवं पैनल अधिवक्ता ईमामुद्दीन खान द्वारा ऑनलाईन/वर्चुअल विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बालिकाओं से संबंधित विधि एवं सामाजिक अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश प्रशान्त अग्रवाल द्वारा बताया गया यदि बेटी नहीं होगी तो समाज का सन्तुलन बिगड जायेगा।

शिविर में कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, बालिका शिक्षा, महिलाओं के अधिकार आदि की कानूनी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग व शिक्षा विभाग के समन्वय से कक्षा 09 से कक्षा 12वीं तक की बालिकाओं के मध्य बालिकाओं से संबंधित विधि एवं सामाजिक अधिकारों की जागरूकता के संबंध में निबन्ध लेखन एवं पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिताएं ऑनलाईन/वर्चुअल मोड पर आयोजित की गई।



राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर करौली जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## रालो व सपा के प्रत्याशियों का प्रचार करने का निर्णय

**भरतपुर** (निसं)। राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय गुलाल कुण्ड में राष्ट्रीय लोकदल भरतपुर जिला पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें उत्तर प्रदेश में चल रहे चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल एवं समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशियों के प्रचार करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में आगरा, मथुरा व अलीगढ जिले में विशेषकर गठबंधन प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने पर जोर दिया व सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि इन जिलों में व इनके अलावा जहां भी जिनके परिचित, मित्र, रिश्तेदार हैं उनसे वहां जाकर एवं दूरभाष पर गठबंधन प्रत्याशियों को वोट देने की आत्मीय अपील करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार की तरफ से दो टीमें प्रचार के लिए बनाई गई जिनका नाम ए टीम और बी टीम दिया गया है।

## सार-समाचार

### अधिकारियों को निर्देश दिए

**नदबई** (निसं)। रविवार को विधायक जोगिंदर सिंह अवाना नदबई विधान सभा के दौरे पर रहे। विधायक ने कई वार्डों का निरीक्षण कर लोगों की समस्याएँ सुनी और नाली नालो व सड़कों का भी निरीक्षण किया। वहीं विधायक अवाना ने कहा की नदबई विधान सभा क्षेत्र के विकास में बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उनका सपना है की नदबई को नोएडा बनाना है व नोएडा की तर्ज पर ही नदबई विधानसभा का विकास कराया जाएगा। आज विधायक अवाना ने नगर पालिका के अधिकारियों को मोक्षधाम सहित विभिन्न वार्डों में बाउन्ड्री वाल, सीसी सडक निर्माण, नालों पर फेरो कवर, नालियों पर लोहे के जाल बिछाने के दिशा निर्देश दिए।

### तृप्ति सिंघल अध्यक्ष बनी

**भरतपुर** (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने तृप्ति सिंघल प्रिंसिपल एस वी के स्कूल भरतपुर को अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा जिला भरतपुर महिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने नवनियुक्त महिला अध्यक्ष तृप्ति सिंघल से संगठन विस्तार हेतु दिए निर्देशन अनुसार कार्य करके सदस्यों को जोड़ने का कार्य करने के निर्देश देते हुए जल्दी ही महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन करने को कहा है।

### कलेक्टर रंजन का अभिनन्दन किया

**भरतपुर** (निसं)। हिंदी साहित्य समिति बचाओ मंच की ओर से नवागन्तुक जिला कलेक्टर आलोक रंजन का अभिनन्दन किया गया। हिंदी साहित्य समिति को बचाने के लिए ज्ञापन दिया तथा जिला कलेक्टर को श्री हिंदी साहित्य समिति आकर साहित्यिक विरासत के अवलोकन करने का आग्रह किया। जिला कलेक्टर ने हिंदी साहित्य समिति को नीलामी से बचाने का आस्वासन दिया है। इस अवसर पर गंगाराम पाराशर, मदन मोहन शर्मा, देवाशीष भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## बजट दिलाने के लिए सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**गंगापुर सिटी।** बजट नहीं होने से शहर का विकास अवरूध हो रहा है। बजट में गंगापुर सिटी को ज्यादा से ज्यादा फण्ड दिलाने के लिए, शहर के पार्षदो ने मुख्यमंत्री के नाम उपजिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नगर परिषद में पूर्व में वार्डो की संख्या 45 थी जिन्हे राज्य सरकार द्वारा बढाकर 60 कर दी गई परंतु राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद को विकास कार्य के लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। जबकि सभापति द्वारा कई बार मुख्यमंत्री एवं स्वायत शासन विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा कोई बजट मंजूर नहीं किया गया है। फिलहाल नगर परिषद के पास बजट को लेकर खजाना खाली है। वार्डो में सडक व नालियों का निर्माण रुका हुआ है। विधायक एवं मुख्यमंत्री से निवेदन है कि नगर परिषद गंगापुर सिटी को बजट उपलब्ध कराए जिससे शहर के सभी विकास कार्य जैसे सफाई, सडक, लाइट एवं नाली आदि कार्य हो सके। ज्ञापन देने वालो में बबलू चौधरी, मदन पचौरी, विकास ठेकला सहित कई वार्ड पार्षद मौजूद थे।

# 4 लूटेरों से पिता-पुत्री ने जमकर मुकाबला किया



भरतपुर के चिकसाना थाना इलाके में 4 लूटेरों ने पिता-पुत्री को घायल कर 4 लाख 76 हजार रुपये ले गये।

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के चिकसाना थाना इलाके में देर रात 4 बदमाशों ने एक घर में लूट की वारदात को अंजाम दिया। लुटेरों को रोकने के लिए घर में मौजूद व्यक्ति और उसकी पुत्री ने काफी कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने उनकी लोहे के हथियारों से पिटाई कर दी और घर से 4 लाख 76 हजार रुपये लूटकर भाग गए।

घटना शहर के कच्चा बाग इलाके की है। पीड़ित व्यक्ति श्याम सिंह घर पर उनकी बेटी घर पर थे। बेटी रुचि रात करीब 12 बजे तक पढ़ाई कर रही थी। जैसे ही बेटी ने पढ़ाई कर सोने के लिए लाइट बंद की तो कमरे में 4 बदमाश घुस आये। कमरे में बदमाशों के घुसने की आहट से श्याम सिंह जाग गया। श्याम सिंह ने लुटेरों से उनके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया की वह मजदूरी करते हैं और उन्हें पैसे चाहिए जिसके बाद श्याम सिंह ने कहा की उसके पास पैसे नहीं हैं। वह गाड़ी और ट्रैक्टर ले जा सकते हैं। इतने में ही चारों बदमाशों ने श्याम सिंह के ऊपर हमला कर दिया। श्याम सिंह व उसकी बेटी लुटेरों से भिड़ गई। बेटी रुचि ने भी चारों लुटेरों का जमकर मुकाबला किया। दोनों पिता और बेटी लुटेरों से करीब 15 मिनट तक मुकाबला करते रहे, लेकिन बदमाशों ने पिता और बेटी के सिर पर लोहे के सरिया से हमला कर दिया जिससे वे दोनों घायल हो गए। लुटेरों ने बेड की तलाशी ली जिसमें 4 लाख 76 हजार रुपये रखे हुए थे, उन्हें लूटेरे ले गए। लूट के बाद घायल पिता और बेटी ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। श्याम सिंह ने बताया आरोपी घर की दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। लुटेरों के पास कट्टा, धारदार हथियार और कुछ औजार थे।

## करोना मुक्ति महायज्ञ किया

**भरतपुर** (निसं)। सोमवार को संजय कुमार मित्तल ने अग्रवाल महासभा जिला भरतपुर के जिलाध्यक्ष अनुराग गर्ग के सम्मान में वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि अनुराग गर्ग रहें तथा विशिष्ट अतिथ महिला अध्यक्षा विनीता फोटी, अध्यक्ष नृपेश अग्रवाल संगठन प्रदेश महामंत्री नीरज गोयल चेम्बर ऑफ कॉमर्स से प्रमोद विकास, मित्तल आर्य उपप्रतिनिधि सभा से जिलाध्यक्ष सत्यदेव आर्य, विनोद सिंघल, नरेंद्र, प्रभा रहे। जिसमे अग्रवाल समाज के विकास, राष्ट्र विकास एवम कोरोना महामारी से मुक्ति हेतु वेदमंत्रों के उच्चारणों के साथ विशिष्ट तैयार की गई औषधीय सामग्री से आहुतियां दी गई।

इस अवसर पर अनुराग गर्ग ने कहा कि इस वैश्विक महामारी से जिले के पीड़ित बन्धुओ को सभी अग्रबन्धु सहयोग करे। तथा अपने बच्चों को उत्तम शिक्षा दिलाते हुए भारतीय संस्कृति व अग्रसेन महाराज के संदेशों के अनुसार उनका निर्माण करें। संचालक संजय मित्तल द्वारा सभी अंगवस्त्र पहनाकर सभी मुख्य तथा विशिष्ट यजमानो का स्वागत किया।

# करोना से बचाव के लिए पिलाया काढ़ा



आर्य वीर दल के कार्यकर्ताओं ने लोगों को काढ़े का वितरण किया।

**गंगापुर सिटी।** आर्य वीर दल के तत्वाधान में व्यापार मंडल चौराहे पर संगठन के द्वारा काढा पिलाया गया। आर्य वीर दल के मंत्री मोहित आर्य ने बताया कि संगठन के तीन मुख्य उद्देश्य है संस्कृति रक्षा, शक्ति संचय एवं सेवा कार्य। सेवा कार्यो के अंतर्गत आर्य वीर दल विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य करता है जिसके अंतर्गत शनिवार को व्यापार मंडल तिराहे पर संगठन के कोरोना जागरूकता अभियान के अंतर्गत आमजन को करोना से बचाव हेतु रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने वाला काढा पिलाया गया। संगठन के जिला संचालक अभिषेक बंसल ने बताया कि संगठन का इन दिनों कोरोना जागरूकता अभियान चल रहा है जिसके अंतर्गत संगठन आमजन से अपील करता है कि वे घर मास्क लगाए और सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें। साथ ही वैक्सीन भी समय पर लगवाए। इस दौरान प्रधान रमेश गर्ग, आर्य वीर दल के नगर संचालक आशुतोष, ओम प्रकाश धागा वाले, संजय आर्य, अभिषेक बंसल, आशुतोष आर्य, विकास सैनी अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खुशबू डांस में प्रथम रही

**गंगापुर सिटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मनाए जा रहे युवा पखवाडा सप्ताह के तहत सोमवार को उदई मोड पर युवा महोत्सव पर संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि युवा महोत्सव का कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति शिवरतन गुप्ता और विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर परिषद सभापति संगीता बोहरा रही। इसमें सर्व प्रथम मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में जिला प्रमुख धर्मवीर मीना एव प्रान्त सह जनजाति प्रमुख चेतराम मीना मोजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी ओर सह संयोजक अंजलि ने बताया कि सर्वप्रथम काजल जादोन ने एबीवीपी का परिषद गीत गया और कार्यक्रम की जज चांदनी सिंह ने बताया कि डांस में प्रथम स्थान खुशबू दूसरा स्थान रूकिया तीसरा स्थान मीनाक्षी कुमारी ओर अंजलि तोमर ओर सिंगिग में पहला स्थान महिमा दूसरा स्थान खुशी कवर, तृतीय स्थान विनीता रहे।

# 'सकारात्मक भाव से निकली दुआ करती है दवा का काम'

**गंगापुर सिटी।** दुआओं में बहुत बड़ी शक्ति होती है यदि सकारात्मक भाव है तो आत्मा से दुआएं निकलती है और दुआओं से सेहद व धन स्वतः प्राप्त होता है। सामाजिक व आध्यत्मिक प्रवक्ता डॉ सरिता बंसल ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आज स्थानीय अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कोविड-19 की पालना करते हुए सक्षम टीम की राजस्थान संयोजिका डॉ सरिता बंसल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही तथा साथ ही अंतरराष्ट्रीय जिला वैश्य महिला महासम्मेलन की जिला अध्यक्ष कुशला खूंटेटा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉक्टर सरिता बंसल व कुशला खूंटेटा ने डॉ विजेंद्र सिंह प्राचार्य अग्रवाल कन्या महिला महाविद्यालय के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सर्वप्रथम डॉ विजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्वा बताते हुए अतिथियों का परिचय दिया। डॉ बृजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान युग में महिलाएं छात्राएं किसी भी रूप में कमजोर नहीं है। हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपना परचम लहराया है। बेटियों के सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहा कि यदि आत्मविश्वास सकारात्मक सोच और दृढ़ निश्चय हो तो सफलता प्राप्त करने में छात्राओं को कोई नहीं रोक सकता। आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर करते हुए सक्षम टीम की प्रांतीय संयोजिका और समर्थ फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष डॉक्टर सरिता बंसल ने कहा की यदि छात्राएं ईश्वर पर विश्वास रखते हुए नैतिक मूल्यों के साथ में समाज में अपने लक्ष्य को हासिल करती है तो निश्चय ही वह एक सफल और सशक्त नारी बन सकती है महिलाएं चाहे जितनी पढ़े परंतु उन्हें अपने जीवन मूल्य और नैतिकता को नहीं भूलना चाहिए आध्यात्म की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि हमें मन पसंद, परिवार पसंद, प्रभु पसंद के सर्टिफिकेट खुद के पास हो तो लोक पसंद स्वतः हो सकते है फिर चाहे आप किसी भी क्षेत्र में जाये सफलता निश्चित है जब हमारे अंदर सकारात्मक उर्जा है। कुशला खुटेटा ने कहा कि वर्तमान में परिवार में केवल झूठा ईगो ही सामाजिक और पारिवारिक टकराव का कारण बन रही है। समर्थ और शिक्षित महिलाएं यदि समझौते के साथ-साथ उचित पहलू पर विचार करें तो कभी भी परिवार टूटने की नौबत नहीं आ सकती। वर्तमान में महिलाएं पुरुष के साथ मिलकर के हर क्षेत्र में आगे हो रही है।

## किचन क्विज कॉन्टेस्ट 25 से

**गंगापुर सिटी।** चंद मिनटों में आसानी से बनने वाली झटपट रेसिपि का कॉन्टेस्ट अब सवाईमाधोपुर जिले में होने जा रहा है। इस कॉन्टेस्ट में सम्पूर्ण वैश्य समाज की महिलाएं हिस्सा ले सकेंगी। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की ओर से 25 जनवरी से किचन क्विज कॉन्टेस्ट की शुरुआत हो रही है। यह कॉन्टेस्ट 4 फरवरी तक जारी रहेगी। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की जिलाध्यक्ष डॉ. तृप्ति बंसल ने बताया कि किचन क्विन कॉन्टेस्ट में वैश्य समाज की महिलाएं हिस्सा ले सकेंगी। उन्होंने बताया कि लुभावनी व झटपट बनने वाली रेसिपी बनाई जा सकती है, जो कम से कम समय में तैयार हो सके। जो भी प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेगा, उसे रेसिपि की करीब 3 मिनट की वीडियो, कॉन्टेस्ट संयोजक रक्षा बरड़िया-93146 11799, हेमा गुप्ता-99837 46711, सुमन दुसाद-94143 44638 पर 4 फरवरी तक भेजनी होगी। कार्यकारिणी समिति व निर्णायक मण्डल द्वारा एकत्रित हुई वीडियो में से सबसे अधिक पसंद की जाने वाली 10 वीडियो का चयन कर जूम मीटिंग पर लाइव कॉन्टेस्ट कराया जाएगा। कॉन्टेस्ट में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# धौलपुर में 'मैं भी मंलिगा हूं' के पोस्टर लेकर लोग सड़कों पर जमे

- डकैत जगन गुर्जर के खिलाफ राजपूत समाज ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

**धौलपुर** (निस)। धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के खिलाफ गाली गलौज एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने का पूर्व कुख्यात डकैत जगन गुर्जर का वीडियो वायरल होने के बाद विधायक के समर्थकों और राजपूत समाज में आक्रोश भड़क गया है।

दो दिन पूर्व डकैत द्वारा वीडियो वायरल करने के मामले में आज राजपूत समाज के सैकड़ों लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान राजपूत समाज के लोगों ने पूर्व डकैत जगन गुर्जर को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है।

सैकड़ों की संख्या में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे राजपूत समाज के लोगों ने हाथों में मलिंगा के पोस्टर और ' मैं भी मलिंगा हूं ' के बैनर लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे राजपूत समाज के लोगों ने बताया कि पूर्व डकैत जगन गुर्जर ने विधायक के साथ उनके घर वालों को भद्दी भद्दी गालियां दी। जिसके बाद भी अभी तक पुलिस जगन गुर्जर को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जगन गुर्जर की गिरफ्तारी ना होने से नाराज राजपूत समाज के पीड़ित विधायक गिर्राज सिंह ने कहा कि डकैत जगन गुर्जर ने विधायक को जान से मारने की धमकी देने के साथ राजपूत समाज की बहन बेटियों पर अभद्र टिप्पणी की है। जिससे पूरे समाज में रोष है। जिला कलेक्टर पहुंचे राजपूत समाज के लोगों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर राकेश जायसवाल से मुलाकात कर डकैत जगन गुर्जर की गिरफ्तारी करने की मांग की।

उधर विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने डकैत जगन गुर्जर के वायरल वीडियो में उनको धमकी देने के मामले में आमजन और अपने समर्थकों से अपील जारी की है। विधायक ने सभी को आग्रह किया है कि सोशल मीडिया या फेसबुक पर ऐसी कोई टिप्पणी जारी नहीं करें जो समाज विरोधी हो।

## भाजपाई गंगापुर के फव्वारा चौक पर फहरायेंगे तिरंगा

**गंगापुर सिटी।** संपूर्ण भारत देश के समस्त देशवासियों द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 75 वां आजादी का अमृत महोत्सव विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी के द्वारा पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में गंगापुर सिटी शहर के हृदय स्थल फव्वारा चौक पर 26 जनवरी 2022 बुधवार को प्रात: 8.30 बजे शहर के समस्त गणमान्य नागरिक बन्धुओं, समस्त भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर व सभापति शिवरतन गुप्ता द्वारा समस्त गंगापुर शहर वासियों को राष्ट्र के नाम संदेश दिया जाएगा। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष गिरधारी सोनी, प्रवक्ता धनेश शर्मा व मंडल महामंत्री मिथलेश व्यास द्वारा 75 वां आजादी अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में फव्वारा चौक पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गंगापुर सिटी क्षेत्र के समस्त गणमान्य नागरिक बंधुओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क लगाकर पधारने का आव्हान किया।

# एसडीएम को ज्ञापन दिया

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। जिला मुख्यालय करौली पर जैविक कीटनाशक एवं बायो ऐजेन्ट्स समन्वित नाशीजीव प्रबंधन प्रयोगशाला खुलवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम उपजिला कलेक्टर हिण्डौनसिटी अनूप सिंह को राष्ट्रीय मानवाधिकार एण्ड एन्टी करप्शन मिशन करौली के जिलाध्यक्ष करतार सिंह चौधरी धंधावली के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में राजस्थान सरकार द्वारा पूर्व में नये कृषि बजट हेतु की गई घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूरे देश में केवल राजस्थान प्रदेश में ही अलग से कृषि बजट लाया जा रहा है जो कि देश के लिये एक नया रॉल मॉडल साबित होगा। नये कृषि बजट के बारे में सुनकर प्रदेश का किसान वर्ग अति उत्साहित है। वर्तमान में किसान वर्ग खेती में आमदनी से अधिक खर्चे की वजह से कर्ज के नीचे दबा जा रहा है। किसान एवं आमनागरिक रासायनिक खेती में उपयोग किये जाने वाले पेस्टीसाइड्स (कीटनाशकों) के दुष्प्रभाव से बुरी तरह प्रभावित है जिससे प्रदेश में कैंसर, एलर्जी एवं चर्म रोग जैसी घातक बीमारियों दिनों-दिन बढ़ती जा रही है एवं कीटनाशकों के प्रयोग से मृदा प्रदूषण के साथ-साथ जलीय जीवों, पशु-पक्षियों व अन्य जीव-जन्तुओं का जीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत झोपडा, पंचायत समिति चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.)**

क्रमांक/ग्रा.प./2021-22/45 दिनांक: 20.01.2022

**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2021**

ग्राम पंचायत झोपडा में वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत निर्माण कार्यो हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/निर्माण उपकरण/निर्माण मशीनरी सेवाओं इत्यादि हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. PKL2122A0021,
UBN No. PKL2122GLOB00021

सरपंच ग्राम पंचायत झोपडा — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत झोपडा


## महानंदपुर डोडा में चिरंजीवी शिविर लगाया

**गंगापुर सिटी।** चिकित्सा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर राजकीय उच्च माध्य विद्यालय महानंदपुर डोडाय में आयोजित हुआ।

शिविर में जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर मोहम्मद अकरम खान, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रूप सिंह मीणा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका अग्रवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ उषा रानी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश मीणा, डॉक्टर मोहम्मद ताबिश, डॉ कपिल देव शर्मा ने मरीजों की जांच कर उपचार किया। शिविर में डॉक्टर सुभाष शर्मा डॉ मंजू वर्मा मेल नर्स ऋषिकेश मीणा रिंकेश शर्मा एएनएम रीना मीणा सीमा मीना सफेदी मीना राकेश मीणा मोहम्मद यासीन मोहम्मद मोहसिन दीनदयाल अखंड हिमांशु जैन मनोज जैन प्यार सिंह निरंजन डागर उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की रिहर्सल को अंतिम रुप दिया

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर में गणतंत्र दिवस 2022 की तैयारियों को लेकर आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) रघुनाथ खटीक सभी अधिकारियों के साथ पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे। जहां उन्होंने गणतंत्र दिवस 2022 समारोह में भाग लेने वाले सिपाहियों और कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाले सहभागियों के साथ पूर्वाभ्यास कर अंतिम रिहर्सल की।

जिसमें मंत्री द्वारा झंडा रोहन, परेड की सलामी, सिपाहियो द्वारा परेड मार्च पास्ट करना, बच्चोंके द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर रिहर्सल कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) खटीक ने बताया सभी जवान, गणतंत्र दिवस में भाग लेने वाले सभी लोग पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे और जहां 26 जनवरी को होने वाले सभी कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अंतिम रूप दिया। मुख्य समारोह स्थल पर सफाई, पेयजल, दमकल वाहन की व्यवस्था नगर निगम आयुक्त को, विद्युत व्यवस्था के लिए बीईएसएल को, सचल चिकित्सा वाहन मय चिकित्सा टीम, दवाएं रखने के लिए चिकित्सा विभाग आदि संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए।



गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) रघुनाथ खटीक ने कार्यक्रमों को अंतिम रुप दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रलावता पंचायत समिति नादौती जिला करौली**

क्रमांक/पं.स.ना./नि.सू./ग्रा.पं./2021/105 दिनांक: 12.01.2022

**ई-निविदा सूचना 01/2021-22**

ग्राम पंचायत रलावता पंचायत समिति नादौती पंचायत रलावता में वित्तीय वर्ष 2021-22 में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत संपादित होने वाले निर्माण कार्यों (31.03.2022 तक की अवधि तक मान्य) के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु दर संविदा के लिये वाणिज्यिक कर विभाग में जीएसटी अधिनियम-2017 के अन्तर्गत पंजीकृत फर्मो/संवेदकों से ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। संवेदक द्वारा प्रपत्र, शर्तो का पूर्ण विवरण वेबसाईट तथा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही अन्य सभी शर्ते कार्यालय एवं सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के नोटिस बोर्ड/कार्यालय में कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाखों में) प्रति ग्राम पंचायत | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा शुल्क | निविदा डाउनलोड, अपलोड करने की तिथि व समय | डी.डी. व हार्ड कॉपी ग्राम पंचायत में जमा करवाने की अन्तिम तिथि व समय | तकनीकी बिड/अन्य निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रलावता | 05.00 लाख | 10000 रूपये | 500 रूपये | 17.01.2022 से 26.01.2022 5.00 PM तक | 17.01.2022 10.00AM से 27.01.2022 को 12.00 PM | 28.01.2022 1.00 PM से लगातार निविदा खुलने तक |

निविदा संबंधी प्रत्येक आवश्यक कॉलम की सूचना अंकित किया जाना एवं प्रमाण के आवश्यक दस्तावेज मय हस्ताक्षर संलग्न किया जाना आवश्यक है।

सरपंच ग्राम पंचायत रलावता पंचायत समिति नादौती — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत रलावता पंचायत समिति नादौती

# करौली जिले के सरकारी महकमों पर सवा सौ करोड़ रुपए की वसूली बकाया

## प्रशासन के 248 ऑफिसों पर विद्युत निगम का 1 सौ करौड़ 25 लाख रूपए बकाया

**करौली,** (नि.स) । करौली जिले के सरकारी महकमों पर विद्युत विभाग के सवा सौ करोड़ की वसूली बकाया होने से विद्युत निगम राजस्व वसूली में फिसड्डी नजर आ रहा है।

सूत्रों के अनुसार जिले के सभी विभागों के सरकारी कार्यालयों पर विद्युत निगम के विद्युत दिलों की बकाया राशि करीब सवा सौ करोड़ रुपए होने से यहां का विद्युत निगम प्रगति रिपोर्ट में फिसड्डी चल रहा है। चौकाने लायक यह है कि प्रशासन के करीब 248 कार्यालयों पर विद्युत निगम का एक सौ करोड़ 25 लाख रुपया विद्युत खर्च के बिल की राशि बकाया चल रही है।

इसी प्रकार जलदाय विभाग ग्रामीण क्षेत्र के करीब जिले भर के 462 विद्युत कनेक्शन पर विद्युत खर्च के करीब 12 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली बकाया चल रही है। इसी प्रकार पुलिस प्रशासन के करीब 37 कार्यालयों पर 24 लाख 26 हजार रुपए, जलदाय विभाग शहरी क्षेत्र के करीब 65 विद्युत कनेक्शनों पर 16 करोड़ 58 लाख रुपए इसी प्रकार जेजेबाई योजना के 264 विद्युत कनेक्शनों पर 22 करोड़ 54 लाख रुपए इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में लगी जनता जल योजनाओं के विद्युत बिल की 62 करोड़ 12 लाख रुपए विद्युत निगम का राजस्व बकाया चल रहा है

इधर शिक्षा विभाग की ओर देखा जाए तो शिक्षा विभाग के जिले के करीब कार्यालयों, विद्यालयों आदि पर 85 लाख रुपए विद्युत निगम का राजस्व बकाया चल रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पर करीब 74 लाख रुपए, वन विभाग पर 6.42 लाख रुपए विद्युत बिलों का बकाया राजस्व है । इनके अलावा जिले के अन्य सरकारी महकमों पर भी विद्युत निगम का भारी राशि का राजस्व बकाया चलने से विद्युत निगम पर खतरे के बादल छाए हुए हैं।

जबकि विद्युत निगम के अधिकारी सरकारी महकमों में बकाया राजस्व वसूली का नोटिस देकर अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, मगर सरकारी महकमों के अधिकारियों के विद्युत निगम के बकाया राजस्व जमा कराने के नाम पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

# नवोदय विद्यालय के 48 बच्चे कोरोना पॉजिटिव, दो रिकवर हुए

## 46 का इलाज जारी, आगामी आदेशों तक स्कूल बंद

**सूरजगढ़,** (निसं)। झुंझुनूं के काजड़ा में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के 48 बच्चे कोरोना पॉजिटिव मिले है। इनमें से दो ने रिकवर भी कर लिया है। जिन्हें रिकवर करने के बाद घर भेज दिया है। बीमारी के चलते बच्चे तनाव में ना आए। इसके लिए हॉस्टल में बनाए गए उनके वार्ड में स्कूल प्रबंधन ने टीवी और प्रेरक कहानियों की किताबें उपलब्ध करवाई हैं। स्कूल प्रिंसीपल संजय यादव ने बताया कि दो-तीन बार की रिपोटर्स में स्कूल के 48 बच्चे और दो स्कूल टीचर कोरोना पॉजिटिव आए थे। जिसके बाद स्कूल को आगामी आदेशों तक बंद कर दिया गया है। यही नहीं सभी बच्चों और स्टाफ की कोरोना सैंपलिंग करवा दी गई है। इनके अलावा सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। सभी करीब 400 बच्चों को अपने -अपने घर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि दो टीचर ने भी रिकवर कर लिया है। जिन्हें भी एक बार घर भेज दिया है।

प्रिंसीपल संजय यादव ने बताया कि पॉजिटिव बच्चों के परिजनों को भी चिंता ना हो इसके लिए सभी परिजनों को डेली रिपोर्ट दी जाती है। परिजनों की इच्छा पर बच्चों से बातचीत भी करवाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की टीम भी लगातार हर दिन बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर रही है।

**बजावा की सरकारी स्कूल में भी 12 बच्चे पॉजिटिव:-** इधर, जानकारी मिली है कि चिड़ावा ब्लॉक के बजावा की सरकारी स्कूल में भी 12 बच्चे कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। चिड़ावा बीसीएमओ डॉ. संत कुमार जांगिड़ ने मीडिया को बताया कि रविवार को ब्लॉक में 25 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी जिनमें से सर्वाधिक 12 केस गांव बजावा की सरकारी स्कूल के थे। दो दिन पहले स्कूल में लगे स्वास्थ्य शिविर के दौरान 175 लोगों की कोरोना जांच के सैंपल लिए गए थे। जिनमें ग्रामीणों के अलावा स्टाफ शिक्षक व विद्यार्थी शामिल थे।

# पूर्व मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास, भाई, उनकी पत्नी व पुत्रवधु करोना पॉजिटिव

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले में सोमवार को 457 पॉजिटिव मिले है वहीं एक्टिव केस 4580 में से 92 चिकित्सालय में भर्ती है। इधर, पूर्व केन्द्रीय डॉ. गिरिजा व्यास, उनके भाई व भाई की पत्नी व पुत्रवधु को कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 2059 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 1602 नेगेटिव व 457 पॉजिटिव मिले है। शहरी क्षेत्र में मिले 352 संक्रमितों में 54 कोरोना वॉरियर्स, 144 नए संक्रमित, 148 क्लॉज कांटेक्ट व 06 माइग्रेंट है। ग्रामीण क्षेत्र में मिले 105 पॉजिटिव में से 17 कोरोना वॉरियर्स, 34 क्लॉज कांटेक्ट व 54 नए संक्रमित है। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 66674 हो गया है। इनमें से 61335 रिकवर हो चुके है। एक्टिव केस की संख्या 4580

■ **उदयपुर में मिले 457 पॉजिटिव, 92 अस्पताल में भर्ती**

है इनमें से 4488 होम आइसोलेटेड व 92 चिकित्सालय में भर्ती है। जिले में आज 447 संक्रमित रिकवर भी हुए।

इधर, कांग्रेस प्रवक्ता फिरोज अहमद शेख ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास, निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल शर्मा की पत्नी पुष्पा शर्मा एवं बड़ी पुत्रवधू अलका शर्मा की कोरोना टेस्ट कराने पर रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। डॉ. गिरिजा व्यास ने उनके संपर्क में आए सभी लोगों से निवेदन किया है कि खुद को आइसोलेट करें और अपनी जांच करवा लें।

# जोधपुर में करोना से पांच की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में करोना संक्रमितों की यकायक बढ़ी मौतों ने चिंता बढ़ा दी है। सोमवार को जोधपुर में सोमवार को 621 संक्रमित मिलने से राहत अवश्य मिली, लेकिन पांच संक्रमित की मौत हो गई। इसके अलावा सोमवार को 810 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अब जोधपुर में पॉजीटिव रेट 40.80 प्रतिशत रही।

जिले में पिछले सात दिन में 21 मरीजों की मौत हुई और 8028 पॉजिटिव मिल चुके हैं व 5,439 मरीज डिस्चार्ज हुए है। कोरोना के नए स्वरूप में संक्रमित होने के बाद लोग समय पर इलाज शुरू कर ठीक भी जल्दी हो रहे हैं । साथ ही वैक्सीन लगी होने से अस्पताल भी जाने की नौबत नहीं आ रही है लेकिन अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए कोरोना बहुत मारक साबित हो रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में अन्य बीमारी का इलाज कराने आने वाले लोग जांच में कोरोना पॉजिटिव आने के कारण भर्ती हैं ।जोधपुर में कोरोना से हुई अधिकांश मौत वाले मरीज अन्य गंभीर बीमारियों से भी पीड़ित रहे।

# अलवर: मूकबधिर नाबालिग के मामले में खुलासे का इंतजार

**अलवर,** (निसं)। 11 जनवरी को मूक बधिर नाबालिग के लहुलूहान मिलने के मामले में पुलिस के खुलासे का इंतजार है। पुलिस की जांच करीब-करीब पूरी हो चुकी है। अब उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जल्दी ही इसका खुलासा होगा। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बालिका का एक्सीडेंट हुआ है बस खुलासा करना बाकी है। जबकि पुलिस की जांच पर पहले दिन से सवाल खड़े हो गए थे। उसी कारण विरोध बढ़ता गया।

प्रदेश के लोगों को पुलिस के खुलासे के तथ्यों का इंतजार है। असल में एक्सीडेंट होने का कोई सीसीटीवी तो सामने नहीं आया। लेकिन पुलिया पर एक बस रुकी और उसके बगल से बाइक निकली। इसी बीच में पुल के किनारे चल रही बालिका से घटित घटना का पुलिस खुलासा करेगी। जिससे यह पता लगेगा कि किस तरह एक बाइक से बालिका का एक्सीडेंट हुआ।

■ **पुलिस की जांच करीब-करीब पूरी**

बालिका के प्राइवेट पार्ट में गहरी चोट लगी है, जिसे पुलिस ने पहले दिन सेक्सुअल असॉल्ट मान लिया था। लेकिन 3 दिन बाद पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देकर रेप की संभावनाओं से इंकार कर दिया था। इसके बाद से मामले में विरोध तेज हो गया था। एक दिन के लिए अलवर जिला बंद भी रहा। प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन हुए। दिल्ली तक के संगठन अलवर पहुंचे। पुलिस की जांच पर सवाल खडे गए। अधिकतर ने कहा कि सरकार के दबाव में पुलिस घटना को बदल रही है। इस कारण पुलिस अब तक मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।

# इलाज के दौरान महिला की मौत

**रींगस,** (निसं)। शहर के राजमार्ग संख्या 52 पर स्थित एक निजी अस्पताल में एक 61 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके परिजनों के द्वारा पुलिस थाने में अस्पताल प्रशासन के खिलाफ लापरवाही से इलाज का मामला दर्ज करवाया गया है।

थानाधिकारी मदन लाल ने बताया कि पांवडा की ढाणी तन बावडी निवासी रामकिशोर वर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी माता राधा देवी को पथरी के ऑपरेशन के लिए 22 जनवरी को जेडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। 23 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे चिकित्सकों ने पथरी का ऑपरेशन करने के लिए ऑपरेशन थियेटर में लेकर गये और करीब 2 घंटे बाद राधा देवी को ऑपरेशन से निकाला गया। परिजनों से कहा गया कि मरीज की हालत ठीक है और आईसीयू में भर्ती कर लिया गया गया है। कई घंटे गुजरने के बाद भी महिला को होश नहीं आने पर परिजन हंगामा करने लगे तो अस्पताल प्रशासन ने कहा की उन्हें हार्ट अटैक हो गया है। इनको जयपुर रैफर करना पड़ेगा।

# बल्लू गैंग और प्रदीप के बीच धमकी देने का वीडियो हुआ वायरल

**अलवर,** (निसं)। युवक के हाथ-पैर तोड़ने के मामले में एक हिस्ट्रीशीटर की एंट्री हुई है। हिस्ट्रीशीटर प्रदीप रावत ने युवक को पीटने वाली बल्लू गैंग को धमकी दी है। सोशल मीडिया पर धमकी देते हुए बल्लू ने प्रदीप को जयपुर बुलाया । इसके बाद प्रदीप रविवार रात को ही जयपुर के मानसरोवर पहुंचा और मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से लाइव वीडियो जारी कर बल्लू को धमकी दी।

हिस्ट्रीशीटर ने बल्लू को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि उसका गांव कोटपूतली के पास सुंदरपुरा है। उसके खिलाफ 12 थानों में 25 मुकदमे दर्ज हैं। कोटपूतली थाने का हिस्ट्रीशीटर हूं, एक बार पता कर लेना। बल्लू बालावास को कहा कि तुम दो-चार हजार रुपए के कट्टे लेकर डराते हो। इतने हथियार तो थाने में जब्त हो चुके हैं। इतना मारूंगा कि सब भूल जाएगा। छोटे-छोटे बच्चों को

■ **फेसबुक लाइव होकर बोला- 12 थानों में 25 मुकदमे दर्ज हैं, इतना मारूंगा, सब भूल जाएगा**

लेकर जो बदमाशी कर रहे हो, यह सब छोटी हरकत है।

दो दिन पहले बल्लू बालावास गैंग के बल्लू सहित कुछ युवकों ने सोशल मीडिया पर कमेंट करने से गुस्सा होकर सेकेंड ईयर स्टूडेंट राहुल गुर्जर के पैर बांधकर इतना पीटा था कि हाथ-पैर में कई फ्रैक्चर हो गए थे। पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद हिस्ट्रीशीटर प्रदीप रावत और बल्लू बालावास ने आपस में चैलेंज किया। एक-दूसरे ने खुद को जयपुर आने की धमकी दी। अब यह दोनों गैंग एक-दूसरे को मारने की धमकी देने लगे हैं।

# बारह वर्ष तक देह व्यापार में रहने वाली ज्योति ने विवाह कर शुरू किया नया जीवन

## बूंदी के नैनवां रोड स्थित वृद्धाश्रम परिसर में हुआ विवाह आयोजन

**बूंदी,** (निसं)। बारह वर्ष तक देह व्यापार के दलदल में फंसी रही शंकरपुरा की 24 वर्षीय ज्योति (बदला हुआ नाम) का सोमवार को यहां नैनवां रोड स्थित वृद्धाश्रम में हिंदू रीति-नीति के साथ विवाह आयोजन सम्पन्न कराया गया। ज्योति ने अपने ही गांव के युवक आकासराज के साथ विवाह किया। ज्योति अब देहव्यापार के दलदल से निकलकर अपना घर बसाएगी । यह सब बूंदी की बाल कल्याण समिति एवं नगर परिषद के वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन की मदद से संभव हो सका।

विवाह आयोजन में पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्सा, सभापति मधु नुवाल, जिला कलेक्टर रेणु जयपाल, पुलिस अधीक्षक जय यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील कुमार यादव ने पहुंचकर नव दम्पती को आशीर्वाद दिया। उन्हें सुखद जीवन जीने का आशीर्वाद दिया।

बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने बताया कि ज्योति 12



कलेक्टर, एसपी व विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने नवविवाहिता को आशीर्वाद दिया।

साल की उम्र से देह व्यापार के दलदल में थी। 24 वर्ष की उम्र में बालिग होने के बाद ज्योति इस देह व्यापार को नहीं करना चाहती, जबकि उसके परिवारजन इसके लिए दबाव बना रहे थे, ज्योति ने अपना घर बसाने के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष गुहार लगाई। इस पर समिति ने नगर परिषद के वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन की मदद से ज्योति का घर बसाने का निर्णय किया ।

■ **पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगर परिषद की सभापति बनी साक्षी**

पूर्वमंत्री हरिमोहन शर्मा ने इस मौके पर कहा कि सरकार ऐसे लोगों की मदद के लिए तत्पर हैं। बूंदी की बाल कल्याण समिति और नगर परिषद के वरिष्ठ पार्षद व अध्यक्ष शिलोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र सिलोर टीकम जैन को साधुवाद। ऐसे और भी विवाह आयोजन होने चाहिए, ताकि जो युवतियां इस दलदल में फंसी हुई है, वह बाहर निकलकर अपना सुखद जीवन जी सके। इस दौरान वाणिज्य कर अधिकारी नरेन्द्र जैन, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य जयश्री लखोटिया, अरबन बैंक के चेयरमैन सत्येश शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बाड़मेर जिले में 41 पॉजिटिव निकले

**बाड़मेर,** (निसं)। बाड़मेर जिले में 805 की रिपोर्ट में 41 कोरोना पॉजिटिव निकले हैं। सोमवार को कोरोना संक्रमित एक अस्सी वर्षीया बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी है। सीएमएचओ डॉ बीएल विश्नोई ने बताया कि 329 मरीज रिकवर हुए है। सोमवार को बायतु से 4,बालोतरा से 29,बाडमेर से 3,चोहटन से 1,पीएमओ बालोतरा से 51,सिणधरी से 3,पीएमओ बाड़मेर से 35 व सिवाना से 4 मरीज कोरोना संक्रमित मिले है।

# जालोर: 805 सैंपल में 41 पॉजिटिव मिले

**जालोर,** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को प्राप्त 805 की रिपोर्ट में 41 कोरोना पॉजिटिव प्राप्त हुई है। सीएमएचओ जालोर डॉ. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि जिले में 16 जालोर शहर में, दो आहोर, तीन बागरा, दो भवरानी, एक चिमनगढ़ , एक गोल, एक गुड़ा रामा, 3 कानीवाडा, 4 मांडवला, 2 रठुजा, 4 रेवतडा, एक सामुजा एवं एक थलवाड़ निवासी व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए है। तीसरी लहर में जिले में अब तक कुल 253 व्यक्ति कोरोना से संक्रमित हो चुके है, इनमें से पांच व्यक्ति स्वास्थ्य हो चुके है।

# शराबी बेटे ने पत्थर से हमला कर पिता को उतारा मौत के घाट

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा शहर के जवाहर नगर में सोमवार की शाम को शराब के आदि एक कलयुगी बेटे ने शराब के लिए पैसे नहीं देने पर पत्थर से सिर पर वार कर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार शहर के जवाहर नगर निवासी रामकिशोर शर्मा निवासी डोडवाडी हाल निवासी जवाहर नगर मालपुरा जो कि कैंसर जैसी जटिल बीमारी से पीड़ित था।

सोमवार की शाम को रामकिशोर शर्मा का बेटा सूरज शर्मा घर पर पहुंचा तथा अपने पिता से 10 हजार रूपये की मांग की। पिता द्वारा पैसे देने से मना करने पर गुस्साए बेटे ने हाथ में पत्थर उठा पिता पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिया। घर के चौक में चीखते-चिल्लाते पिता ने बेटे से बचने का भरकस प्रयास किया तो मौके पर मौजूद रामकिशोर की बेटी संगीता ने भी भाई को पकड़ पिता को बचाने का भरकस प्रयास किया लेकिन सूरज ने पिता के सिर पर पत्थर से वार कर मौत के घाट उतार दिया। चिल्लाने की आवाज सुन दौड़े मौहल्लेवासियों ने खून से लतपथ जमीन पर पड़े रामकिशोर

■ **शराब के लिए पैसे नहीं देने पर कलयुगी बेटे ने की घटना**

को घायल अवस्था में मालपुरा अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमलावर सूरज ने अपने मोबाईल से पुलिस कन्ट्रोल रूम को फोन कर बताया कि उसने अपने पिता की हत्या कर दी है और अब वो थाने जा रहा है। कन्ट्रोल रूम से मिली सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची मालपुरा थाना पुलिस टीम ने शव को कब्जे में ले अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया। मिली जानकारी में सामने आया कि मृतक रामकिशोर के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने की मिली। मृतक की पत्नी अपनी बेटी की शादी के लिए अपने परिजनों के साथ खरीददारी करने केकडी गई हुई थी। शहर के समाजसेवी संगठन श्रीराम सेवा परिवार ने रामकिशोर की बेटी संगीता के कन्यादान सहित शादी का सम्पूर्ण खर्च वहन करने का बीडा उठाते हुए सोशल मीडिया के जरिए भामाशाहओं को प्रेरित किया।

# राजसंमद में 1.5 डिग्री पहुंचा तापमान

**राजसमन्द,** (निसं)। राजसमंद में पिछले कुछ दिनों से मौसम में कई रंग देखने को मिल रहे है। चटख धुप निकलने के साथ ही कभी तेज हवाएं चल रही है तो कभी पल भर में ही आसमां खण्ड बादलों से भर जाता है तो कभी फिर से धुप के साथ हवा चलने लगती है। कभी आंधी की तरह तेज सर्द हवा चलती तो कभी बर्फीली हवाओं के अहसास से लोगों को सर्दी का अहसास बना हुआ है। वहीं तापमान में भी काफी उतार चढ ाव देखने को मिला है।

दिन के तापमान में लोगों को हल्की राहत है तो वहीं रात का तापमान सर्द बना हुआ है। दिन व रात के तापमान में भी काफी अंतर देखने को मिल रहा है। सोमवार को जहां अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री बढ कर 25 डिग्री रहा वहीं न्यूनतम तापमान भी 5 डिग्री गिरकर फिर से 1.5 डिग्री पहुंच गया। जबकि रविवार को न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री से. दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव के चलते तापमान में उतार चढ ाव की स्थिति बनी रहेगी। मौसम में बार-बार बदलाव के चलते फसलों में पाला पडने से फसलों का नुकसान का अंदेशा बना रहता है। किसानों को जिस रात पाला पडने की संभावना हो उस रात 12 से 2 बजे के बीच खेती के किनारे पर बोई फसल के आसपास मेढों पर कूडा या घास जलाकर धुआं करने की हिदायत दी गई है।

# शीतलहर से कांपी लेकसिटी

**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी में शीत लहर ने एक बार फिर धूजणी छूटा दी है। दो दिन में रात के तापमान में 12 डिग्री से अधिक की गिरावट हुई है। रात का तापमान एक बार फिर पांच डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इधर, इस सप्ताह तेज ठंड बनी रहने के साथ तापमान में और गिरावट होगी।

मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान रविवार की तरह समानांतर 19.4 डिग्री की बना रहा वहीं न्यूनतम तापमान में करीब चार डिग्री की गिरावट हुई है। रविवार को न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री तापमान था जो और गिरकर पांच डिग्री से नीचे 4.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# राज्य सरकार 600 उर्दू टीचर लगाएगी

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के करीब 600 स्कूलों में उर्दू टीचर्स के पद आवंटित कर दिए हैं। अब प्रदेश भर के इन स्कूलों में उर्दू टीचर की पोस्टिंग हो सकेगी। पद आवंटित होने से नए पदों पर भर्ती का रास्ता भी खुल सकेगा। सोमवार को जारी आदेश में प्रदेश के हर जिले के स्कूल को उर्दू टीचर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा के तहत उर्दू टीचर के नए पद दिए गए हैं, ताकि उर्दू शिक्षा प्रभावित नहीं हो। इसमें लेवल 10 के 541 पद और लेवल 11 के 58 पदों का आवंटन किया गया है।

प्रदेश में ऐसे अनेक स्कूल है, जहां उर्दू टीचर का पद नहीं होने के कारण पढ़ाई बाधित हो रही थी। कई स्कूलों में टीचर तो लगा दिए गए लेकिन पद उर्दू का नहीं है। ऐसे में अब वहां उर्दू के टीचर को उसी पोस्ट पर पदस्थापित किया जाएगा, ताकि उसका वेतन भी वहीं से बन सके। राज्य के जिन जिलों में लेवल 11 के पद आवंटित किए गए हैं, उनमें अजमेर, अलवर, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चित्तौड़गढ़ , चूरू, हनुमानगढ़ , जयपुर, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली, कोटा, नागौर, पाली, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक व उदयपुर शामिल है। लेवल 10 के उर्दू टीचर के पद प्रदेश के लगभग सभी जिलों में दिए गए हैं।

# चिड़ावा : सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रीतम डांगी व बाबू राजीव कुलहार ट्रेप

## 40 हजार रुपये की रिश्वत के साथ रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**झुंझुनूं/ चिड़ावा,** (निसं)। कस्बे में जयपुर एसीबी की विशेष अनुसंधान इकाई ने कार्रवाई करते हुए ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के बाबू को 40 हजार रूपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है। एएसपी बजरंग सिंह ने बताया कि 18 जनवरी को एसीबी मुख्यालय में परिवादी चिड़ावा निवासी सोनू मेघवाल तथा किशनगढ़ निवासी रितेश जांगिड़ ने शिकायत दी थी कि दोनों ने अंतरजातीय विवाह किया था। जिसके लिए उन्हें डॉ. सविता बेन अंबेडकर अंतर जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत पांच लाख रूपए की राशि मिलनी थी।

इस राशि को स्वीकृत करने के लिए सामाजिक न्याय अधिकारी प्रीतम डांगी तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग झुंझुनूं में कार्यरत बाबू राजीव कुलहार 50 हजार रूपए की रिश्वत मांग रहे है। शिकायत का सत्यापन करवाया गया तो सौदा 40 हजार रूपए में तय हुआ। सोमवार को 40 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रीतम डांगी को उनके कार्यालय से तथा बाबू राजीव कुलहार को उसके झुंझुनूं स्थित कार्यालय से गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के बाद एसीबी झुंझुनूं की टीम ने झुंझुनूं शहर के किसान कॉलोनी निवासी राजीव कुलहार के घर पर भी सर्च किया। वहीं ओजटू स्थित प्रीतम डांगी के मकान में भी सर्च की कार्रवाई चल रही है।

**एसीबी को मिले व्हाट्स एप चैट:-** एएसपी बजरंग सिंह ने बताया कि इस मामले में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रीतम डांगी और बाबू राजीव कुलहार के बीच व्हाट्स एप चैट भी एसीबी को मिली है। जिसमें ना केवल इस मामले में बल्कि पूर्व के एक-दो मामलों में रिश्वत को लेकर बातचीत सामने आई है।

एएसपी बजरंग सिंह ने बताया कि जब प्रीतम डांगी के चैट को खंगाला गया। तो एक ऐसे ही अंतर जातीय विवाह के मामले में जब प्रीतम डांगी ने राजीव कुलहार को मैसेज किया कि यह मामला उनके गांव का है। तो राजीव कुलहार ने रिश्वत में किसी भी तरह की रियायत देने की बजाय चैट में ही जवाब दिया कि घोड़ा घास से यारी करेगा तो खाएगा क्या।

एएसपी बजरंगसिंह ने बताया कि चर्चा में सामने आया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में सर्वेसर्वा राजीव कुलहार ही है। हर तरह के मामले में इसका हिस्सा फिक्स होता है। सोमवार को भी राजीव कुलहार छुट्टी पर था। पहले एसीबी ने कार्यालय जाकर राजीव के बारे में पूछा। तो पता चला वह घर पर है। इसके बाद एसीबी झुंझुनूं के एएसपी इस्माइल खान के नेतृत्व में टीम को उसके घर पर लगाया और वहां से हिरासत में लेकर टीम राजीव को लेकर चिड़ावा पहुंची। जहां पर उसकी गिरफ्तारी हुई।



जयपुर एसीबी की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# प्रदेश में सोमवार को करोना संक्रमितों की संख्या में काफी कमी आई

## राज्य में सोमवार को 9480 नए संक्रमित मिले, जबकि रविवार को 14112 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश में सोमवार को करोना संक्रमण के मामलों में काफी कमी आई है। इस दौरान राज्य में 9480 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि इसके पीछे करोना की जांचें कम होना बताया जा रहा है। इधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 23 और लोगों की मौत हो गई है।

प्रदेश में सोमवार को 22 हजार 376 जांचों पर 9480 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे रविवार को 60 हजार 726 जांचों पर 14112 रोगी मिले थे। जांच कम होने के कारण राज्य में एक ही दिन में 4632 और जयपुर में 1242 मरीजों कम मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रविवार को सरकारी अस्पतालों के सुबह 9 से 11 बजे तक ही खुले रहने के कारण मात्र दो घंटे ही सैम्पल लिए जाते हैं। इस कारण रविवार को सैम्पलिंग कम होने से अगले दिन संक्रमितों की संख्या में कमी आ जाती है। बाकी अन्य कार्य दिवस में पूरे समय अस्पतालों के खुलने से दिनभर सैम्पल लिए जाते हैं।

- **संक्रमितों की संख्या में कमी आने के पीछे जांचे कम होना बताया जा रहा है। इस दौरान पिछले चौबीस घंटों केवल 22 हजार जांचे ही की गई।**
- **राजधानी जयपुर में 2424 नए संक्रमित मिले हैं।**
- **इस बीच, प्रदेश में करोना से 23 और लोगों की मौत हो गई है।**

इधर राजधानी जयपुर में भी सोमवार को नए संक्रमितों की संख्या में कमी आई है। इस दौरान जिले में 2424 नए रोगी पाए गए हैं। इसके अलावा अलवर में 754, जोधपुर में 621, डूंगरपुर में 488, उदयपुर में 457, चित्तौड़गढ़ में 394, अजमेर में 391, हनुमानगढ़ में 359, भीलवाड़ा में 353, सीकर में 311, कोटा में 283, पाली में 251, बांसवाड़ा में 237, झालावाड़ में 206, बीकानेर में 200, प्रतापगढ़ में 183, भरतपुर में 142, झुंझुनूं में 132, बारां व बाड़मेर में 130-130, धौलपुर में 125, राजसमंद में 118, सिरोही में 108, सवाई माधोपुर में 107, नागौर में 103, करौली में 97, गंगानगर में 92, टोंक में 77, दौसा में 64, बूंदी में 43, जालौर में 41, जैसलमेर में 32 और चूरू में 27 नए संक्रमित मिले हैं।

इधर राज्य में सोमवार को करोना से 23 और लोगों की मौत हो गई है। इनमें सबसे ज्यादा 5 जोधपुर में और 4 लोगों की मौत जयपुर में हुई है। इसके अलावा बीकानेर, झालावाड़ और प्रतापगढ़ में 2-2 तथा टोंक, सीकर, पाली, करौली, जालौर, गंगानगर, धौलपुर व अजमेर में 1-1 संक्रमित की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9118 लोगों की मौत हो चुकी है। उधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 9397 और मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में अब तक करोना से 10 लाख 36 हजार 762 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। हालांकि अभी 93 हजार 502 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इनमें सबसे ज्यादा 24736 मरीज जयपुर में मौजूद है। इसके अलावा इसके अलावा अलवर में 7384, जोधपुर में 7215, उदयपुर में 4580, भरतपुर में 4198, कोटा में 3627, अजमेर में 3603, पाली में 3217, चित्तौड़गढ़ में 2746, भीलवाड़ा में 2624, सीकर 2512, बीकानेर में 2260, हनुमानगढ़ में 2236, डूंगरपुर में 2211 और बाड़मेर में 2166 तथा शेष जिलों में इससे कम मरीज हैं।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में एसीबी की अहम भूमिका : सीएम



**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को उनके निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एसीबी के कामकाज की समीक्षा की।**

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन हमारी सरकार का मूल मंत्र है। भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को देखते हुए एसीबी की महत्वपूर्ण भूमिका है। एसीबी को स्टाफ एवं तकनीकी संसाधनों से सुदृढ़ बनाने के साथ ही पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है, ताकि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस की राज्य सरकार की नीति को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने में एसीबी और मजबूती से काम करे।

गहलोत सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एसीबी के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। गहलोत ने एसीबी की पिछली समीक्षा बैठक में दिये गए निर्देशों की पालना जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, उन्होंने भ्रष्ट कार्मिकों एवं संगहित भ्रष्टाचार के खिलाफ भी प्रभावी एक्शन लेने के निर्देश दिए।

- **मुख्यमंत्री ने एसीबी अधिकारियों से उनके अनुभव पूछे एवं सुझाव भी सुने**

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से बात की, उनके अनुभव पूछे एवं विभाग की बेहतरी के संबंध में सुझाव भी सुने। उन्होंने एसीबी हैल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायतों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एसीबी के महानिदेशक बी.एल. सोनी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2021 में भ्रष्टाचार के 90 प्रतिशत मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है, इससे राज्य सरकार की जीरो टोलरेंस अगेन्स्ट करप्शन नीति को मजबूती मिली है।

बैठक में मुख्य सचिव निरंजन आर्य, अति. मुख्य सचिव गृह अभय कुमार, प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख शासन सचिव कार्मिक हेमन्त गेरा, एडीजी एसीबी दिनेश एमएन, एसीबी मुख्यालय से डीआईजी सवाई सिंह गोदारा एवं डॉ. विष्णुकांत, अजमेर रेंज के डीआईजी (एसीबी) समीर कुमार सिंह, जोधपुर रेंज के डीआईजी (एसीबी) कैलाश विश्नोई सहित विभिन्न रेंज एवं जिलों में पदस्थापित एसीबी अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

# कर्मचारी चयन बोर्ड ने जारी किया भर्तियों का कैलेंडर

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने सोमवार को इस वर्ष की भर्तियों का कैलेंडर जारी किया है। इस वर्ष अप्रैल से दिसंबर तक 11 भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव पुष्कर राज शर्मा ने बताया कि सहायक जनसंपर्क अधिकारी भर्ती परीक्षा 24 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके अलावा कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा 7, 8 और 9 मई को होगी। ग्राम विकास अधिकारी भर्ती की मुख्य परीक्षा मई में होगी, जबकि बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक और वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती की परीक्षा मई और जून में करवाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला सहायक भर्ती की परीक्षा 4 जून को, कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा 18-19 जून को, पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा जुलाई में, तहसील राजस्व लेखाकार एवं कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा सितंबर में होंगी।

# 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन आज

**जयपुर**। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में वर्चुअल आयोजित किया जायेगा। गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे तथा राज्य निर्वाचन आयुक्त प्रेमसिंह मेहरा, मुख्य सचिव निरंजन आर्य विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्चुअल कार्यक्रम में राज्यपाल राजभवन से, विशिष्ट अतिथि निर्वाचन विभाग के स्टेट आइकन शताब्दी अवस्थी एवं सुंदर सिंह गुर्जर जुड़ेंगे।



**रोड़ा एक्ट संशोधन संबंधी विधेयक पास करवाने के लिये सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने राजभवन घेराव का ऐलान कर विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा।**

## उत्तरप्रदेश में एनडीए पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी : माथुर

**जयपुर**। भाजपा सांसद ओमप्रकाश माथुर के जयपुर दौरे के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी की मुलाकात की। हालांकि इस मुलाकात को औपचारिक मुलाकात माना जा रहा है। वही राजनैतिक गलियारों में इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। मुलाकात के बाद माथुर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जब भी आता हूं तो पुराने कार्यकर्ताओं से भी मिलने का कार्यक्रम होता है। तिवाड़ी से मेरा औपचारिक मिलन था कोई खास बात नहीं है।

# गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था, अशोक गहलोत का साथ छोड़ दे, लेकिन मैंने मना कर दिया : गुढ़ा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में सियासी उठापटक पुराना हो चुका है और मंत्रिमंडल फेरबदल भी हो चुका है लेकिन गाहे-बगाहे कभी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयानों से तो कभी अन्य नेताओं के बयानों से सियासी उठापटक की यादें फिर ताजा हो जाती है अब राजस्थान सरकार के मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के ताजा बयान के बाद राज्य की सियासी उठापटक की यादें फिर ताजा हो गई है। राजस्थान के हाल ही मंत्री बने राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने एक बार फिर सियासी उठापटक को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर आरोप लगाए हैं।

- **मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने अपने बयान से सियासी उठापटक की यादें फिर ताजा कीं**

अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि जब प्रदेश में सियासी उठापटक चल रही थी, तब केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनसे कहा था कि वह अशोक गहलोत का साथ छोड़ दे, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने उदयपुरवाटी क्षेत्र के गुढ़ा ढहर गांव में पंचायत भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में कहा कि मैं आपको बताना चाह रहा हूं कि काम करने के लिए मैंने मेरे समाज के बड़े-बड़े नेताओं को छोड़ दिया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुझे कहा था, उस समय सरकार की उठापटक चल रही थी। उन्होंने कहा था कि मैं राजपूत समाज का आदमी हूं। मैं दिल्ली में केंद्रीय मंत्री हूं, आप अशोक गहलोत को छोड़ दो।

गुढ़ा ने कहा कि ईमानदारी की बात कर रहा हूं, मैंने कहा मैं जाति नहीं देखता हूं, काम देखता हूं। अशोक गहलोत जैसा कोई नहीं है। नेता की जाति नहीं देखनी चाहिए। नेता का तो कौम और व्यक्तित्व देखना चाहिए। गुढ़ा ने कहा कि राजपूत समाज ने उदयपुरवाटी में हमेशा सैनी समाज का साथ दिया है।

# मंत्री पद से हटाए गए तीनों नेताओं को मिली वाई श्रेणी सुरक्षा

**जयपुर**, (का.प्र.)। प्रदेश की गहलोत सरकार ने कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा बढ़ाते हुए तीन नेताओं को वाई श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला किया है। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, गुजरात प्रभारी और पूर्व मंत्री रघु शर्मा, पंजाब प्रभारी और पूर्व मंत्री हरीश चौधरी को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। यह तीनों नेता हाल ही मंत्री पद से हटाए गए हैं। इनमें से हरीश चौधरी और रघु शर्मा जहां पंजाब और गुजरात के प्रभारी बनाए जा चुके हैं, वहीं गोविंद डोटासरा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इस बैठक में इन तीन कांग्रेस के नेताओं की सुरक्षा वाई श्रेणी करने का निर्णय किया गया। इसी के साथ अब कांग्रेस के 6 नेताओं को वाई वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलने लगेगी। इससे पहले भी कांग्रेस सरकार तीन विधायकों को वाई श्रेणी की सुरक्षा दे चुकी है। गृह विभाग के प्रस्ताव के मुताबिक गोविंद सिंह डोटासरा और हरीश चौधरी को सशस्त्र एस्कॉर्ट भी मिलेंगे। वैसे तो नेताओं पर संभावित खतरे और उन्हें किसी तरह की मिल रही धमकियों सहित अन्य कुछ जरूरी बातों को देखते हुए यह सुरक्षा दी जाती है। या फिर गृह विभाग के पास इस तरह के कोई प्रस्ताव आते हैं तो उन्हें सरकार गुण-अवगुण के आधार पर मंजूरी देती है। इन तीनों नेताओं को गृह विभाग के प्रस्ताव के अनुसार दूसरे राज्यों के दौरों के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह निर्णय किया गया है।

- **हरीश चौधरी, रघु शर्मा और डोटासरा को गृह विभाग के प्रस्ताव पर सरकार ने दी सुरक्षा, इससे पहले कृष्णा पूनिया, हुड़ला और अवाना को भी मिल चुकी है यह सुरक्षा**
- **तीनों नेताओं को बाहरी राज्यों में दौरे के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से दी गई है वाई श्रेणी**

इसी बैठक में कांग्रेस के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश माथुर की वीआईपी सुरक्षा को यथावत रखा है। इन दोनों वरिष्ठ नेताओं को जेड श्रेणी की सुरक्षा यथावत जारी रहेगी। इनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, गुजरात प्रभारी और पूर्व मंत्री रघु शर्मा, पंजाब प्रभारी और पूर्वमंत्री हरीश चौधरी को वाई श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय किया है। डोटासरा, हरीश चौधरी को सशस्त्र एस्कॉर्ट भी मिलेंगे।

वाई कैटेगरी सिक्योरिटी वीआईपी लोगों को दी जाती है। उनकी सुरक्षा के लिए 11 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाते हैं, जिसमें 1 या कभी-कभी 2 कंमाडो और 2 पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर शामिल होते हैं। नेताओं को किसी चुनावी दौरे के लिए बाहर जाने या किसी भी तरह की खतरे की आशंका को देखते हुए दी जाती है।

प्रदेश में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। जेड सुरक्षा श्रेणी के तहत करीब 22 सुरक्षाकर्मी और दो एस्कॉर्ट गाड़िया मिलती हैं। सुरक्षाकर्मी मशीनगन और अत्याधुनिक संचार के माध्यमों से लैस होते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश माथुर की वीआईपी सुरक्षा दी हुई है। साथ ही महुआ विधायक ओमप्रकाश हुडला, कांग्रेस विधायक कृष्णा पूनिया और नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है।

# बीओसी के डीजी सत्येन्द्र प्रकाश को चुनाव आयोग का पुरस्कार

**जयपुर**, (का.सं.)। ब्यूरो आफ आउटरीच कम्युनिकेशन (बीओसी) के प्रधान महानिदेशक सत्येन्द्र प्रकाश को चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों के लिए चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना है। यह पुरस्कार कई श्रेणियों में दिया जाता है। सत्येन्द्र प्रकाश को सरकारी विभाग की श्रेणी में पुरस्कार दिया गया है।

आयोग हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर मतदाताओं को जागरुकता पैदा करने वाले प्रयासों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को पुरस्कार प्रदान करता है। आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर अशोक होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

बता दें कि बीओसी के तहत 23 क्षेत्रीय एवं 148 फील्ड यूनिट हैं जिनके जरिए वर्ष 2021-22 में मतदाताओं को जागरुक बनाने के लिए कार्यक्रम किए गए। इसके अलावा कोरोना काल में उनके नेतृत्व में सोशल मीडिया के जरिये भी मतदाता जागरुकता और शिक्षा को लेकर कार्यक्रम शुरू किए गए जिससे चुनाव में मतदाताओं की भूमिका बढ़ी।

# एनटीटी कोर्स की योग्यता का ब्यौरा दे राज्य सरकार : हाईकोर्ट

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्री-प्राइमरी टीचर भर्ती-2018 में एनटीटी कोर्स वालों की योग्यता से जुड़े मामले में एएजी शीतल मिर्धा से यह बताने के लिए कहा है कि राज्य सरकार ने किस आधार पर एनटीटी कोर्स की योग्यता तय की थी। अदालत ने इस संबंध में राज्य सरकार को इससे जुड़े दस्तावेज पेश करने के लिए कहा है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल ने यह आदेश चेतन व अन्य की याचिकाओं पर दिया।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश के पालन में राज्य सरकार ने शपथ पत्र पेश कर कहा कि 2010 तक प्रदेश में 27 संस्थानों को एनटीटी कोर्स चलाने के लिए मंजूरी दे रखी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने एनसीटीई को 30 मार्च 2010 को सूचित कर दिया था कि राज्य सरकार ने 2010-2011 से एनटीटी कोर्स को चलाने का निर्णय नहीं लिया है और जिन संस्थानों को कोर्स चलाने की मंजूरी दे रखी थी उसे वापस ले लिया है। इसके साथ ही कहा गया राज्य सरकार ने बाद में प्री-प्राइमरी टीचर भर्ती के लिए एनटीटी योग्यता रखने के लिए नीतिगत निर्णय लिया था। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई पर कोर्ट के सामने आया कि एनसीटीई के अनुसार एनटीटी कोर्स प्रदेश में 2002 के बाद से बंद था, लेकिन एएजी ने कहा कि राजस्थान में एनटीटी कोर्स 2010 तक संचालित हुआ था। जिस पर अदालत ने उन्हें इस अवधि में एनटीटी कोर्स चलाने वाले संस्थानों की जानकारी देने के लिए कहा था। याचिकाओं में प्रदेश के बाहर से दो साल का एनटीटी कोर्स के समकक्ष डिप्लोमा करने वालों को प्री प्राइमरी शिक्षक भर्ती में शामिल नहीं करने को चुनौती दी गई है।

# प्रदेश भर के सोनोग्राफी सेंटर्स का नियमित निरीक्षण किया जाएगा

**जयपुर**, (का.सं.)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या और कन्या भ्रूण लिंग जांच के अवैध परीक्षण को रोकने के लिए प्रदेशभर के सोनोग्राफी सेंटर्स का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निदेशालय स्तर पर अंतरजिला और प्रदेश स्तर पर कमेटी बनाकर सोनोग्राफी सेंटर्स का औचक निरीक्षण किया जाए ताकि भ्रूण हत्या पर अंकुश लग सके।

मीणा सोमवार को बालिका दिवस पर स्वास्थ्य भवन में आयोजित राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड द्वारा आयोजित पीसीपीएनडीटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिकॉय ऑपरेशन के दौरान दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो ताकि लोगों में डर बना रहे और वे किसी भी भ्रूण लिंग की जांच करने से डरें। उन्होंने कहा कि हालांकि पीसीपीएनडीटी सेल द्वारा प्रदेश में बेहतर कार्य किया जा रहा है। यही वजह है कि प्रदेश का महिला लिंगानुपात जो 2011 में 1000 पुरुषों के मुकाबले 900 था वहीं अब बढ़कर 945 हो गया है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश भर में पंचायती राज संस्थानों तक वितरण के लिए जागरूकता पोस्टर एवं फोल्डर का विमोचन भी किया।

- **चिकित्सा मंत्री ने ली पीसीपीएनडीटी की बैठक, दिए जरूरी दिशा निर्देश**
- **भ्रूण लिंग जांच को अभियान बनाकर आमजन को जागरूक करने के दिए निर्देश**

स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सोनोग्राफी मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भ्रूण लिंग जांच की सूचना देने वाले मुखबिर को राशि बढ़ाकर 3 लाख रुपए कर दी गई है। आमजन बिना किसी भय और दबाव के सूचना दे सकता है। उन्होंने इस कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने और ज्यादा से ज्यादा ऑपरेशन व प्रभावी मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों द्वारा सोनोग्राफी सेंटर्स का निरीक्षण नहीं करने पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

चिकित्सा सचिव आशुतोष एटी पेडणेकर ने सोनोग्राफी सेंटर्स पर सोनोलॉजिस्ट के नियमित प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए। वर्तमान में प्रदेश की छह मेडिकल कॉलेजों पर ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आगामी दिनों में प्रशिक्षण सेंटर भी बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने सोनोग्राफी सेंटर्स पर मिले डाटा का विश्लेषण कर प्रभावी कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।

# अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर अवमानना नोटिस

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद कनिष्ठ अभियंता को एईएन पद पर पदोन्नत नहीं करने पर प्रमुख पीएचईडी सचिव सुधांश पंत और चीफ इंजीनियर राकेश बुहाडिया को अवमानना नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश उर्वशी दीक्षित व अन्य की अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता आरपी सैनी ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट ने गत वर्ष 26 अगस्त को आदेश दिए थे कि याचिकाकर्ताओं की बीटेक की डिग्री की उनकी सर्विस बुक में एंट्री करते हुए उन्हें एईएन पद पर पदोन्नति दी जाए।

# बायोमास आधारित विद्युत परियोजनाओं का हो रहा है विकास: मुख्य सचिव

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने कहा कि गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने बायोमास नीति-2010 जारी की थी। उन्होंने कहा कि राज्य में सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम के तहत बायोमास आधारित विद्युत परियोजनाओं का विकास किया जा रहा है साथ ही उन्हें बढ़ावा दिया जा रहा है।

आर्य सोमवार को यहां शासन सचिवालय में राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एसएसएलईसी) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम का गठन सैद्धांतिक रुप से स्वीकृत बायोमास आधारित विद्युत परियोजना के लिए किया गया है।

आरआरईसी के निदेशक एन.एस. निर्वाण ने बताया कि राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा बायोमास नीति के तहत प्रस्तावित तीनों प्रोजेक्टस मैसर्स वीसीए पावर प्राईवेट लिमिटेड (14.90 मेगावॉट) ग्राम धोद, सीकर, मैसर्स टीएनए रिन्युएबल इनर्जी प्राईवेट लिमिटेड (14.90 मेगावॉट) ग्राम डूगराना तहसील भादरा, हनुमानगढ़ एवं मैसर्स नैनो इनर्जी प्राईवेट लिमिटेड (8 मेगावॉट) ग्राम शैतानसिंह तहसिल लोहावट, जोधपुर को अनुमोदित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि फर्मों को प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिये 36 माह का समय दिया गया है। निर्वाण ने बताया कि उक्त फर्मों ने भूमि कर, पावर इवेक्यूएशन अप्रूवल एवं पानी की एनओसी प्राप्त कर ली है। उन्होंने बताया कि इन प्रोजेक्ट से बनने वाली बिजली राजस्थान ऊर्जा विकास निगम द्वारा क्रय की जायेगी। इसके लिए राजस्थान ऊर्जा विकास निगम फर्मो के साथ पावर परचेज एग्रीमेन्ट करेगा। उन्होंने बताया कि बायोमास आधारित विद्युत परियोजना में सरसों की भूसी, कचरा एवं कृषि अवशेषों को काम में लिया जाता है।

इससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों एवं बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होते है। वर्चुअल बैठक में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल, राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव आनन्द कुमार, उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक भास्कर आत्माराम सावंत, जल संसाधन विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी राज, जिला कलेक्टर जोधपुर हिमांशु गुप्ता, जिला कलेक्टर सीकर अविचल चतुर्वेदी एवं जिला कलेक्टर हनुमानगढ नथमल डिडेल सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपथित थे।

# बालिकाएं अवनि जैसे देश और विश्व में अपना नाम रोशन करें भूपेश

**जयपुर**, (का.सं.)। महिला अधिकारिता निदेशालय की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जेएलएन मार्ग पर स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान परिसर में करोना प्रोटोकोल की पालना करते हुए राज्य स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश कहा कि हम चाहते है कि आने वाले समय में बालिकाएं ऊँचे पदों को सुशोभित करें एवं देश व विश्वभर में अवनि के जैसे अपना नाम रोशन करें और राजस्थान की बेटियां एक मिसाल कायम करें। उन्होंने कहा कि राज्य में लिंगानुपात पिछले वर्षों में लगातार सुधार हुआ है वहीं बाल विवाह में भी कमी आई है। प्रदेश की बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर नित नएं कीर्तीमान रच रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उड़ान योजना शुरू की है जो राजस्थान का नवाचार है। राज्य में करवाये गए सर्वे से पता चला कि बड़ी संख्या में महिलाएं माहवारी की स्वच्छता नहीं रखने की वजह से बीमार हो रही है और गंभीर रोगों से ग्रसित हो रही है। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि उड़ान योजना से सब जुड़ें और एक स्वस्थ नारी का एक सशक्त बालिका का संकल्प लें। अगर हमारी बालिकाएं स्वस्थ और सशक्त होगी तो आने वाला राजस्थान का कल भी सशक्त होगा। महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन को ध्यान में रखते हुए आई एम शक्ति उड़ान योजना सरकार लेकर आयी है जिसके अन्तर्गत निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घूंघट प्रथा का त्याग कर महिलाओं को आगे आना होगा। प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा महिला एवं बाल विकास द्वारा संबोधन कहा कि बालिकाओं के विकास और सशक्तिकरण से प्रदेश का विकास होगा। राज्य सरकार इस हेतु प्रतिबद्ध है।

## अवैध देसी शराब के 58 पव्वों सहित एक गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। सदर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक जने को खेड़ा तिराहे से अवैध देसी शराब के 58 पदों सहित गिरफ्तार कर लिया है।

सदर थाना अधिकारी कृपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौलिया के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल की निकटतम सुपरविजन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे। अभियान के तहत एक टीम गठित की गई। जिसमें हेड कांस्टेबल बनवारी कॉन्स्टेबल कुमेर सिंह हारून और स्वयं को शामिल किया गया। मुखबिर की सूचना पर गठित टीम को खेड़ा की ओर रवाना किया गया। जहां खेड़ा तिराहे से उदय सिंह पुत्र मुरारी लाल जाति जाटव उम्र 31 साल निवासी पटोदा थाना श्री महावीर जी को अवैध देसी शराब बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 58 अवैध देसी शराब बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मंडावरा रोड पर सोमवार को दूसरे दिन भी हटाया अतिक्रमण

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के मंडावरा रोड पर सड़क के निर्माण कार्य शुरू करने से पहले चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही दूसरे दिन भी सोमवार को जारी रही। इस दौरान लोगों ने नगर परिषद प्रशासन पर बिना सूचना दिए अतिक्रमण हटाने और उन्हें नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है।

गौरतलब है कि शहर के स्टेशन रोड से मंडावरा रोड बाईपास तक सड़क के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसको लेकर गत दिनों अतिक्रमण चिन्हित करने के बाद 7 दिन में अतिक्रमण हटाने का कि सार्वजनिक सूचना जारी कर गत शुक्रवार से नगर परिषद प्रशासन की ओर से अतिक्रमण पर जेसीबी चलाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिसके बाद दूसरे दिन सोमवार को भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई इस दौरान सड़क के बीचो-बीच से दोनों और 30-30 फ़ीट अतिक्रमण को चिन्हित कर जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने



मंडावरा रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रही।

कर रखे अस्थाई निर्माण टीनशेड और चबूतरा को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने काफी विरोध किया और आरोप लगाया कि उन्हें पूर्व में अतिक्रमण को हटाने की कोई सूचना नहीं दी गई। बिना सूचना के जबरन कार्रवाई की गई उनसे उनका भारी नुकसान हुआ है। व्यापारियों ने नुकसान की भरपाई करने की भी मांग की है। नगर परिषद प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण को चिन्हित करने के बाद 7 दिन का समय अतिक्रमण को हटाने के लिए दिया गया था। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटा तब जाकर जेसीबी से अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। नगर परिषद के सहायक अभियंता महेंद्र सिंह ने बताया कि

- लोगों ने बिना सूचना दी अतिक्रमण हटाने का आरोप लगाया

मंडावरा रोड पर निर्माण के लिए मुख्यमंत्री बजट योजना के तहत विधायक की अनुशंसा पर 6 करोड़ राशि स्वीकृत हो चुकी है। इसके निर्माण में बाधक बने अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर परिषद हिंडौन ने भारी दल बल के साथ जेसीबी मशीन लेकर मंडावरा रोड पहुंचे। सड़क के मध्य से दोनों तरफ 30-30 फीट के दायरे में आ रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान आयुक्त कीर्ति कुमारी, तहसीलदार हेमेंद्र मीणा, नगर परिषद के सहायक अभियंता महेंद्र कुमार, पीडब्लूयूडी के अभियंता योगेश मीणा, सत्येंद्र पाराशर नई मंडी थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद सहित कई कर्मचारी अतिक्रमण की कार्रवाई में मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली

**वैर।** जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने वैर के पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।अधिकारियो से विभाग बार जानकारी लेकर आमजन को अधिक से अधिक सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने बताया कि उपखंड वैर व भुसावर के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार के निर्देश है कि वैक्सीनेशन पर अधिक ध्यान दिया जाय। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वैक्सीन ही कारगर है। सीएचए व एएनएम प्रयास कर रहे है शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए।लोगों से अपील है कि जो शेष रह गए है वे वैक्सीनेशन का कार्य पूरा करे। कोविड गाइड लाइन की पालना करे।जो टीम बनी हुई है वे अधिक से अधिक लोगो को प्रेरित करे।यह खतरा अभी कम हुआ नहीं है।इसलिए सजग रहे।राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## सार-समाचार

### देसी बबूल की हरी लकड़ी जब्त

**करौली** (निं.स)। करौली वन विभाग द्वारा उप वन संरक्षक सुमित बंसल के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध माइनिंग व वनों से हरी लकडी कटान के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के तहत खोहरी नाका पर कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर को चेजा पत्थर ले जाते हुए पकड़ा है तो वही वन क्षेत्र बसई से देसी बबूल की इमारती लकडी 45 से 50 कुंटल जब्त की है। खोहरी नाका वनपाल अजय राजावत ने बताया कि उप वन संरक्षक सुमित बंसल के निर्दशन में करौली रेंजर देवेंद्र सिंह चौहान व खोहरी नाका स्टाफ द्वारा कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर को चेजा पत्थर ले जाते हुए पकड़ा तो वहीं वन क्षेत्र बसई से देसी बबूल की इमारती लकड़ी 45 से 50 कुंटल जब्त की है लकडी काटने के आरोपी फरार हो गए लकड़ियों सहित ट्रैक्टर को जप्त कर खोहरी नाका लाया गया इस दौरान गस्ती दल प्रभारी धर्मेंद्र सिंह,प्रेम चंद सैन, अस्फाक खान, सीमा शर्मा, राजकुमारी लोधा, मन्दू,पुष्पराज,रामराज सिंह आदि वन कर्मीयो ने कैलादेवी पुलिस के सहयोग से कार्यवाही की।

### बालिका दिवस मनाया

**कुम्हेर** (निसं)। कृषि महाविद्यालय कुम्हेर पर 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के डीन डॉ.उदयभान सिंह ने कहा कि व्यक्ति के विकास की नींव बचपन है। यदि हम बालिका के साथ भोजन, शिक्षा,खेल एवं व्यक्तित्व विकास के अन्य आयामों में भेदभाव करेंगे तो उसका अपूर्ण विकास होगा। अत: आधुनिक युग में समाज को बालिकाओं के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया त्यागना चाहिए। हमें बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाना होगा, आत्मनिर्भरता के बिना समानता की बात करना बेमानी है। सशक्त बालिका मजबूत देष की गांरटी है। डॉ.देवेन्द्र कुमार मीना ने कहा कि सरकार और समाज को यह सुनिष्चित करना चाहिए कि हमारी आधी आबादी अधिकारों से वचिंत न रहे। डॉ.श्वेता सिंह ने कहा कि लडके एवं लडकियों को विकास के लिए समान अवसर मिलने चाहिए।

## बालिका दिवस पर पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**भरतपुर** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका गृह, भरतपुर में निबंध एवं पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त निबंध एवं पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता में बालिका गृह की बालिकाओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के पश्चात् विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता अजय गोदारा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर द्वारा बालिकाओं को उनके मौलिक अधिकारों, कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, बाल विवाह निषेध अभियान, पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं नि:शुल्क विधिक सहायता के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। राजकीय बालिका गृह की अधीक्षिका सीमा शर्मा द्वारा बालिका दिवस के आयोजन एवं इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया तथा बालिकाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और उन्हें करियर सम्बन्धी दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति गंगाराम पाराशर, सदस्य मदन मोहन शर्मा, अनुराधा शर्मा, राजाराम भूतौली एवं नरेन्द्र पाल सिंह भी उपस्थित रहे। इसके अलावा महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरतपुर में 24 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में "राष्ट्रीय बालिका दिवस" कोरोना गाईडलाईन की पालना करते हुये मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर बालिकाओं को "वृत्तचित्र फिल्म" दिखायी गयी। जिसमें राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के उद्देश्य, समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## बुजुर्ग पर सांड ने हमला किया,मौत

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर जिले के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में आज एक 40 वर्षीय विकलांग बुजुर्ग खेतों की रखवाली कर रहा था इस दौरान आवारा सांड ने उस पर हमला कर दिया जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया और काफी देर तक खेतों में ही पड़ा रहा उसके बाद ग्रामीणों को जब जानकारी हुई तो उसे जिला आरबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मामला उद्योग नगर थाना क्षेत्र के जगीना गांव का है जहां का महेंद्र सिंह पुत्र पूरन सिंह लोधा विकलांग था और अपने खेतों की रखवाली कर रहा था खेतों में गेहूं की फसल खड़ी हुई थी इस दौरान वहां पर लड़ते हुए आवारा सांड पहुंच गए और उन्हें महेंद्र सिंह भगाने लगा लेकिन आवारा सांड ने महेंद्र सिंह पर हमला कर दिया और उसे गंभीर रूप से घायल करके छोड़ दिया।घायल हुआ बुजुर्ग करीब एक से डेढ़ घंटे तक खेतों में ही पड़ा रहा तब किसी ने ग्रामीणों को सूचना दी।

## दुकान पर बड़ी वारदात करने की फिराक में घूम रहे दो बदमाश पकड़े

**धौलपुर।** धौलपुर जिले की मनियां थाना पुलिस ने वारदात के इरादे से आए दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 32 बोर की पिस्टल और देशी 315 बोर का कट्टा बरामद कर 20 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं

गिरफ्तार किए गए दोनों बदमाश में से एक बदमाश पर पूर्व में मनिया कस्बे में ज्वेलर्स से लाखों रुपए की लूट करने का मामला दर्ज है। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना पुलिस मांगरोल रोड पर गश्त के रही थी। तभी उसे पूर्व में ज्वेलर्स के साथ लूट करने वाला आरोपी श्याम उर्फ रामअवतार पुत्र महेश प्रजापति उम्र 23 वर्ष अपाची मोटरसाइकिल पर दूसरे युवक के साथ बैठा हुआ दिखाई दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने पुलिस की दो टीमें बनाकर मौके के लिए रवाना की। जैसे ही पुलिस ने अपाची पर सवार दोनों बदमाशों की घेराबंदी शुरू की। तो पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगे। जिस पर पुलिस ने एक बदमाश को बाइक सहित मौके पर दबोच लिया जबकि दूसरे बदमाश को पुलिस की टीम ने कोल्ड स्टोर के पास जाकर पकड़ लिया।

बदमाशों के पास से तलाशी में 32 बोर की पिस्टल और 315 बोर के देसी कट्टे के साथ 20 जिंदा कारतूस बरामद हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जिनमें से एक आरोपी श्याम उर्फ रामअवतार पूर्व में मनिया कस्बे में ज्वेलर्स के साथ लाखों रुपए की लूट कर चुका है।

जबकि दूसरा आरोपी अभिलेश उर्फ़ अभिनेश पुत्र सुरेश जाटव उम्र 24 वर्ष पर दिहौली थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ करने में जुटी हुई है।

## सामाजिक समरसता दिवस मनाया

**भरतपुर** (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा तिलक नगर स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में सामाजिक समरसता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के विशेष सम्पर्क प्रमुख सिद्धार्थ फौजदार द्वारा की गई।

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रान्त सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल द्वारा कहा कि सनातन संस्कृति को मानने वाले लोग जोकि भारत माता को अपनी आराध्य मानते हैं वह सभी भारत माता की संतान हैं उनमें ऊँच नीच का कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने हिन्दू समाज को आव्हान किया कि समाज की एकता के लिए सभी समरस भाव से रहें।

इस अवसर पर विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख रामअवध सिंह बघेल द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में जिला सह मंत्री महेश गूर्जर, गौरक्षा प्रमुख वौली भोंट, दुर्गावाहिनी प्रखंड संयोजिका रीना महावर, प्रखंड मंत्री श्याम सुन्दर गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, दुर्गा वाहिनी सदस्या अंजलि रानी आदि मौजूद रहे।

## वैश्य महासम्मेलन की संगोष्ठी संपन्न

**गंगापुर सिटी।** सोमवार को दोपहर 3 बजे होटल नरूका प्राइड पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के विकास और उत्थान के लिए मुख्य सलाहकार मदन रावत की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित की गई।

जिला प्रवक्ता विकास जैन ने बताया कि इस संगोष्ठी में अध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल ने कहा कि संगठन से जिले के अधिक से अधिक वैश्य समाज के लोगों को जोडकर अधिक से अधिक समाज के लिए सहयोग किया जाएगा। वही तहसील अध्यक्ष दिनेश सिंघल ने संगठन को पूरे जिले में प्रत्येक तहसील स्तर पर अधिक से अधिक गठन और कार्यकारिणी की विस्तार की बात कही। साथ ही सिंघल ने यह भी कहा की संगठन में वरिष्ठ अनुभवी एवं युवा वर्ग को जोडकर संगठन को और मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में वैश्य समाज के दिनेश कुमार गुप्ता डिप्टी जनरल मैनेजर जेके सिक्सर सीमेंट के द्वारा नव मनोनीत प्रदेश जिला एवं तहसील स्तर की पदाधिकारियों का माला और साफा पहनाकर सम्मान किया गया। सम्मान के दौरान डिप्टी मैनेजर दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा की जिले में वैश्य समाज की जिला कार्यकारिणी को इस गठन पर बधाई और वैश्य समाज के जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के लिए यह संगठन क्षेत्र और राजनीति से ऊपर उठकर उनके उत्थान और विकास के लिए पूर्ण प्रयास करें और आने वाले समय में जिला सवाई माधोपुर का यह संगठन जिले में ही नहीं पूरे राजस्थान में अपनी पहचान बनाए ऐसी आशा और कामना मैं संगठन के सभी पदाधिकारियों से करता हूं। सम्मानित होने वाले प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मनोज जैन, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मित्तल, महामंत्री राजेंद्र खारवाल, तहसील अध्यक्ष दिनेश सिंघल, जिला प्रवक्ता विकास जैन, शगुन रावत एवं अन्य उपस्थित थे।

## अवैध स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**करौली** (निं.स)। कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते दो अवैध स्मैक तस्कर को गिफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक करौली शैलेन्द्र सिंह इन्दौलिया ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान आपरेशन फ्लैश आउट के तहत थानाधिकारी कोतवाली करौली रामेश्वर दयाल द्वारा मुख्य तस्कर अतरसिंह उर्फ अतरा पुत्र भरोसी गुर्जर निवासी रूग्गापुरा थाना सदर करौली व मनोज पुत्र गणेश प्रजापत निवासी तीन बड थाना कोतवाली करौली को 32 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। ज्ञातव्य रहे कि जिला करौली में अवैध मादक पदार्थ (अफीम,स्मैक, गांजा, भांग) उपयोग का प्रचलन लोगों में काफी बढ रहा है। जिससे युवा वर्ग भी अछूता नहीं रहा है तथा युवा वर्ग में भी स्मैक की लत बढने लगी है जिससे युवा वर्ग स्मैक के नशे की गिरफ्त में आकर अपराधों की ओर अग्रसर हो रहा है। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्रसिंह इन्दौलिया द्वारा नशे के सौदागरों तथा इसके कारोबार पर अंकुश लगाने का अभियान चलाया जा रहा है।

# बालिका दिवस पर यशस्वी बनी एक दिन की एसडीएम

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका प्रोत्साहन के लिए उपखंड अधिकारी अनूप सिंह ने एक अनोखी पहल करते हुए बालिका यशस्वी शर्मा को एक दिन का एसडीएम बनाया। इस दौरान एक दिन की एडीएम शर्मा ने बलिका जागरूकता को प्रमुखता देते हुए आमजन की हर समस्या का प्रमुखता से समाधान होने की बात कही।

उपखंड अधिकारी अनूप सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उपखंड क्षेत्र से कई मेधावी बालिकाओं को अपने कार्यालय में बुलाया। जहां उन्हें बालिका दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार की ओर से 2008 में राष्ट्रीय बालिका दिवस को मनाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें सेव द गर्ल चाइल्ड, बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हिण्डौन सिटी में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका यशस्वी शर्मा को एक दिन का एसडीएम बनाया।

किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज भी लगभग सभी क्षेत्रों में बालिका ने समान रूप से अपनी भागीदारी नहीं निभा पा रही हैं। इसलिए बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे लाने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई समस्याएं ऐसी होती हैं जिनके बारे में बालिकाएं ही भली-भांति समझ पाती हैं उन समस्याओं का निराकरण करने के लिए उनकी भागीदारी बहुत जरूरी है। उपखंड क्षेत्र से आयी मेधावी बालिकाओं में से शहर के मोहन नगर निवासी व निर्मल हैप्पी स्कूल की कक्षा 12 कला वर्ग की छात्रा यशस्वी शर्मा को 1 दिन का एसडीएम बनाया गया। इस दौरान अतिरिक्त ब्लौक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी, रिंकी गुंबर आदि मौजूद थे।

## हादसे में बाइक सवार घायल

**करौली** (निं.स)। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर कोंडर मोड़ के समीप करौली से मासलपुर जा रही मिनी बस और मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई।जिसमें मिनी बस ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया और बाइक सवार खून से लथपथ हो गया।

घटना के करीब आधे घंटे तक बाइक सवार खून से लथपथ सड़क पर ही बेहोशी की हालत में पढ़ा रहा दुर्घटना में बाइक सवार का हाथ शरीर से अलग हो गया। जिसको उठाकर एंबुलेंस में ले जाया गया करीब आधे घंटे के बाद एंबुलेंस की मदद से घायल बाइक सवार को करौली के राजकीय सामान्य चिकित्सालय में पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने तुरंत प्राथमिक उपचार किया राजकीय सामान्य चिकित्सालय में पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि घायल युवक के शरीर से खून अत्यधिक बह गया। प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया घायल बाइक सवार की पहचान गढ़ी गांव निवासी सुमेर के रूप में हुई और मिनी बस चालक दुर्घटना के बाद बस को साथ लेकर मौके से फरार हो गया।

## 'छोटी के आगे बड़ी लाइन खींच कर नए कार्य करते रहना चाहिए'

**भरतपुर** (निसं)। सामाजिक संगठनों के सामने रोज एक नई समस्या उत्पन्न होती है परंतु हमे इन पर ध्यान नहीं देते हुए सेवा के कार्यो को प्राथमिकता से करते रहना चाहिए।हमे छोटी लाइन के आगे बड़ी लाइन खींच कर नए काम करते रहना है। ये विचार वरिष्ठ नागरिक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम प्रांतीय अध्यक्ष भंवर सेठ ने वरिष्ठ नागरिक संस्थान की वर्चुअल आयोजित प्रांतीय मीटिंग तथा आजादी के अमृत महोत्सव, गणतंत्र दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वी जयंती के उपलक्ष्य में व्यक्त किए।

राजस्थान वरिष्ठ नागरिक के प्रदेश उपाध्यक्ष वीर सिंह कुंतल ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी एवं विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष जिला महा मंत्रियों की संयुक्त बैठक वर्चुअल मीटिंग आयोजित हुई भरतपुर के वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं की जानकारी दी गई रेलवे मैं पूर्व की तरह वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा राजस्थान की रोडवेज अन्य राज्यों में जहां तक जाती है उन में वरिष्ठ नागरिकों को बस किराए में लाभ देना चाहिए। जिला मुख्यालय पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामुदायिक भवन उपलब्ध करवाने की मांग की गई है। भरतपुर जिले की तहसील शाखाओं में वृद्धि की जाएगी स्वागत भाषण उपाध्यक्ष डॉ. एस एन हर्ष बीकानेर ने अपने जिले की कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव देवेंद्र शर्मा चित्तौड़गढ़ ने किया।इस अवसर पर खुशवंत त्रिवेदी सिरोही ने संक्रांति सच्ची मान्य सभी गीत प्रतीत किया, डा बसंती हर्ष बीकानेर ने गणतंत्र दिवस कविता, तारा उदयपुर ने हमारी ये मलकियत हिंदुस्तान हमारा, पुष्पा उदयपुर ने चल उड जा रे पंछी, के के गौड अजमेर ने आवाज दो हम एक हे, पुष्पलता जोशी कोटा ने वह खून कहो किस मतलब का गीत, सुरेश सोगानी सवाई माधोपुर नवल पगारिया उदयपुर, वीर सिंह कुंतल भरतपुर, सुरेश अग्र एसएसवाल अजमेर, आदि ने अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश। महामंत्री मदन खटोड़ ने किया और सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा गीत प्रतीत किया।

## स्कूल में कक्षा-कक्षों के निर्माण के लिए 20 लाख रुपये मंजूर

**टोडाभीम** (नि.सं.)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेड़ी के गांव गोपलपुरा में विद्यालय के लिए नवीन जगह आवंटित भूमि पर कक्षा-कक्षों के निर्माण के लिए अपने विधयाक कोष से 20 लाख रुपये देने की अभिशंषा जारी की गई है।

क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना ने जानकारी पर बताया कि गोपलपुरा के पंच-पटेलों के मांग पर उनके द्वारा विधायक कोष से विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेडी के गांव गोपालपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए स्वीकृत आवंटित जगह पर दो अतिरिक्त कक्षा-कक्ष मय बरामदा निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की गई है। गांव के विद्यालय में कक्षा-कक्षों के निर्माण के लिए 20 लाख रुपये देने पर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना का आभार व्यक्त किया गया। क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना ने बताया कि विद्यालय में कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्य की कार्यकारी ऐजेन्सी सार्वजनिक निर्माण विभाग को बनाया गया है।

## क्रिकेट प्रतिभा खोज चयन ट्रायल 11 फरवरी को

**भरतपुर** (निसं)। क्रिकेट एकेडमी द्वारा भरतपुर जिले में क्रिकेट की उभरती प्रतिभाओं को तलाशने एवं तराशने हेतु एक क्रिकेट प्रतिभा खोज चयन प्रक्रिया का आयोजन 11 फरवरी को प्रात:10 बजे से एस.आर क्रिकेट एकेडमी सेंट्रल एकेडमी स्कूल कैंपस सरसों अनुसंधान केंद्र के पास सेवर मथुरा बाईपास रोड पर किया जा रहा है। क्रिकेट एकेडमी के संचालक एवं कोच अवदेश खटाना ने बताया कि इस चयन ट्रायल प्रक्रिया में पूरे भारतवर्ष से किसी भी आयु वर्ग का खिलाड़ी भाग ले सकता है एवं चयनित खिलाडियों को 1 साल तक क्रिकेट एकेडमी में निरूशुल्क प्रशिक्षण,मैच एवं क्रिकेट की संपूर्ण खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

### कॉलेज को पुस्तके दी

**भरतपुर** (निसं)। देश आजादी के 75 वे वर्ष का अमृत महोत्सव मना रहा है। 26 जनवरी 73 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात: 9 बजे लायंस क्लब भरतपुर द्वारा श्री अग्रसेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय को लगभग 50000 मूल्य की पुस्तकें भेंट स्वरूप दी जा रही है।

## देसी कट्टा व बिना नंबरी मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार



हिण्डौन सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने एक जने को अवैध देसी कट्टा सहित गिरफ्तार कर लिया है।

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। कोतवाली थाना पुलिस ने एक जने को अवैध देसी कट्टा व बिना नंबर की बुलेट मोटरसाइकिल सहित सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना अधिकारी वीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौलिया के निर्देशन में एवं पुलिस उप अधीक्षक किशोरी लाल के निकटतम सुपर विजन में अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें थानाधिकारी वीर सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जिसमें हेड कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, राम नारायण, सुरेंद्र पाल, महेंद्र, श्याम नारायण और चंद्रभान को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गश्त के दौरान एक युवक बुलेट मोटरसाइकिल से करौली की ओर से आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस की गाड़ी को देखकर वापस भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। जिसकी तलाशी ली तो उसके पास एक हथगढ़ देसी कट्टा 12 बोर बरामद हुआ।

## 50 जरुरतमंदों को पौष्टिक दाल बांटी

**भरतपुर** (निसं)। नगर निगम के जनाना महिला आश्रय स्थल पर राष्ट्रीय बालिका दिवस के पावन अवसर पर खुशियों की दुकान में स्थापित वस्त्र बैंक के माध्यम से 50 जरूरतमंद बालिकाओं को स्कूली बैग, स्टेशनरी व पौष्टिक दाल का वितरण किया व जरूरतमंद उनकी माताओं को गर्म वस्त्र वितरित किए।

महिला आश्रय स्थल संचालक, खुशियों की दुकान की नोडल अधिकारी रेनू सिकरवार ने बताया कि आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के पावन अवसर पर हमारी संस्था के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पी.सी. बेरवाल संभागीय आयुक्त, विशिष्ट अतिथि अश्विनी कुमार सिंह उपस्थित रहे। भामाशाह सीताराम गुप्ता के सहयोग के साथ 50 जरूरतमंद बालिकाओं को स्कूली बैग, स्टेशनरी व पौष्टिक दाल का वितरण किया। मुख्य अतिथि पी.सी बेरबाल संभागीय आयुक्त ने कहा कि रेनू सिकरवार के नेतृत्व में स्थापित वस्त्र बैंक से आज बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को सशक्तिकरण व कुपोषण को देखते हुए उनको पौष्टिक दाल व स्टेशनरी दान करना सराहनीय कार्य है।

# अधिकारियों के दौरे के दौरान लोगों ने ज्ञापन सौंपा

**मण्डरायल** (निं.स)। कस्बे के दो लोगों को स्थानीय थाना पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर उनके परिजनों सहित लोगों ने पुलिस पर अवैध रूप से

- दो जनो को पुलिस दल अकारण ही उनके घर से ले गया
- शीघ्र न्याय दिलाने की ग्रामीणों ने मांग की

हिरासत में लेने एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

करौली जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत एवं पुलिस अधीक्षक ने मण्डरायल क्षेत्र का दौरा कर चंबल नदी के रहू घाट पर पहुंचकर जायजा लिया लौटते समय कस्बे के बस स्टैंड पर हिरासत में लिए गए लोगों के परिजनों एवं ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के वाहन को रोककर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लोगों ने बताया कि मण्डरायल निवासी उमेश सिंह जादौन एवं संदीप सिंह जादौन को



मण्डरायल कस्बे के दो लोगों को अवैध रूप से हिरासत में लेने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

थाना पुलिस द्वारा बिना कारण गत 21 जनवरी को घर से रात्रि 7 बजे मारपीट करते हुए जबरन ले जाया गया एवं इनके साथ पुलिस द्वारा मारपीट की जा रही है। दिए गए ज्ञापन में अवैध हिरासत से दोनो लोगों को शीघ्र रिहा करवाने एवं चिकित्सकीय टीम से जांच कराने एवं न्याय दिलाने की मांग की मण्डरायल पंचायत समिति के सदस्य मनोज सिंह जादौन के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने के दौरान संदीप सिंह, हरिओम सिंह, राजेंद्र सिंह, घनश्याम मीणा, भोजराज सिंह, कल्लू सिंह, बजरंग सिंह, बालकृष्ण शर्मा, जितेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, रामनरेश सिंह, रामराज, पंकज सिंह, राजेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। इधर लोगों द्वारा मामला किसी व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री को गाली गलौज का बताया जा रहा है लोगों का आरोप है कि पुलिस द्वारा कस्बे के उमेश सिंह जादौन एवं संदीप सिंह को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया है।

## बालिका दिवस पर डिजिटल प्रश्न प्रतियोगिता आयोजित

**भरतपुर** (निसं)। महिला डिजिटल साक्षरता के उदेश्य को ध्यान में रखते हूऐ राष्ट्रीय बलिका दिवस 24 जनवरी को फ्यूचर पॉइन्ट इन्स्टीट्यूट, जयन्ती नगर पर डिजिटल प्रष्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपस्थिति प्रतियोगियो ने अपनी मानसिक कसरत का परिचय देते हुए प्रश्न प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे प्रथम स्थान प्रेरणा शर्मा द्वितीय स्थान वंशिका शर्मा एवं तृतीय स्थान आंकाक्षा श्रीवास्तव ने प्राप्त किया।

सात्वना पुरस्कार के लिए ललितेष षर्मा को चुना गया। निर्णायक की भूमिका हेमन्त शर्मा द्वारा निभायी गयी। सभी विजेताओं को समापन पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाऐगा। साथ ही संस्था द्वारा बेटी की डिजिटल उडान के उदेश्य को ध्यान में रखते हूऐ प्रतियोगिता में भाग लेने बाली छात्राओ को 15 दिवसीय नि:शुल्क डिजिटल कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाऐगा। इस अवसर पर संस्था कॉडिनेटर लता शर्मा, तकनीकी एक्सपर्ट हेमन्त शर्मा, सन्दीप पाराशर, सचिन कुमार, हिमान्शु सनाद्य, युधिष्टर सिंह, अर्थ बंसल, मनप्रीत सिंह, अंकुश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



विराट बहुत अच्छे कप्तान थे और उन्होंने अपने साथियों को प्रेरित किया। मुझे लगता है कि रणनीतिक पहलुओं में वह सुधार कर सकता था लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उसने अपने साथियों को हर समय प्रेरित किया।

- शेन वॉर्न

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज, विराट कोहली की कप्तानी के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — रविचंद्रन अश्विन



**भारतीय** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर का भारतीय व्यवसायी द्वारा स्पॉट फिक्सिंग के लिये 'ब्लैकमेल' करने वाला खुलासा सभी के लिये आंख खोलने वाला है और ऐसे में जब कोई अन्य विकल्प पर दांव लगाना हो तो वहां से चुपचाप निकलने में ही भलाई है। टेलर ने सनसनीखेज खुलासा किया उनसे 2019 में एक भारतीय व्यवसायी ने स्पॉट फिक्सिंग के लिये संपर्क किया था तथा इसकी रिपोर्ट देर से करने के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) उन पर कई वर्षों का प्रतिबंध लगा सकती है।

क्या आप जानते हैं ?... पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदे फेंककर एख ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# पूर्व विश्व नं. 1 हालेप को हरा कोर्नेट 63वें प्रयास में क्वार्टरफाइनल में पहुंची



मेलबोर्न, 24 जनवरी। कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 में मारिन सिलिच को हराकर अपने तीसरे ग्रैंड स्लेम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उनके साथ दूसरी सीड रूस के डेनिल मेदवेदेव, एलिज़ कोर्नेट और डेनियल कोलिन्स ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली है। मेदवेदेव ने फ़्रांस में जन्मे अमेरिकी खिलाड़ी मक्सिमे क्रेसी को 6-2 7-6(4) 6-7(4) 7-5 से पराजित किया। मेदवेदेव का क्वार्टरफाइनल में मुकाबला कनाडा के खिलाड़ी ऑगर-अलियासिमे से होगा जिन्होंने 2-6, 7-6(7),6-2,7-6(4) से सिलिच पर चार प्रयासों में पहली जीत दर्ज की। कोर्नेट ने 13 साल के लम्बे इन्तजार के बाद अपनी विपक्षी खिलाड़ी पूर्व नंबर एक रोमानिया की सिमोना हालेप को ढाई घंटे तक चले मुकाबले में 6-4,3-6,6-3 से हराकर पहली बार क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। कोलिन्स ने लगभग तीन घंटे तक चले मुकाबले में बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स को 4-6,6-4,6-4 से पराजित कर पहली बार अंतिम आठ में प्रवेश किया।

फेलिक्स ग्रैंड स्लेम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने वाले अकेले कनाडाई नहीं हैं। उनके हमवतन और दोस्त डेनिस शापोवालोव भी अंतिम आठ में पहुंच गए हैं। उनका सामना मंगलवार को 20 ग्रैंड स्लेम खिताब विजेता और दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल से होगा। यह पहला मौका है जब दो कनाडाई पुरुष टेनिस टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल हुए है। इसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है।

फेलिक्स ने मैच में अपना पहला सेट गंवा दिया, लेकिन दूसरे सेट में वापसी की, जिसने कनाडाई खिलाड़ी को लय दे दी। फेलिक्स ने अपनी 22 सर्विस में से 12 एस मारे और अंतिम दो सेटों में अपनी सर्विस पर सिर्फ दो अंक गंवाए। क्वार्टर फ़ाइनल में कनाडा के खिलाड़ी का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त रूस के डेनिल मेदवेदेव से होगा।

इस बीच युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के जानिक सिनर ने एलेक्स डि मिनौर को हराकर अंतिम आठ में जगह बना ली। सिनर ने डि मिनौर को 7-6(3) 6-3 6-4 से पराजित किया। विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी सिनर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अब तक मात्र एक सेट गंवाया है। उनका अंतिम आठ में स्टेफानोस सितसिपास या टेलर फ्रिट्ज से मुकाबला होगा।

### सितसिपास मैराथन संघर्ष जीतकर क्वार्टरफाइनल में

चौथी वरीयता प्राप्त यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने 20वीं सीड अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सोमवार को मैराथन संघर्ष में पराजित कर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। सितसिपास ने तीन घंटे 23 मिनट तक चले मुकाबले में टेलर को 4-6,6-4, 4-6, 6-3, 6-4 से पराजित किया। सितसिपास का अंतिम आठ में युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के जानिक सिनर से मुकाबला होगा।

## दक्षिण अफ्रीका वनडे आंखे खोलने वाला है : द्रविड़

केपटाउन 24 जनवरी। भारत के प्रमुख कोच राहुल द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वनडे मैचों को आंखें खोलने वाला करार दिया है। हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे एकदिवसीय मैच में भारत को चार रनों से हराकर रविवार को न्यूलैंड्स में भारत का 3-0 से व्हाइटवॉश कर दिया। द्रविड़ ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, एकदिवसीय मैच आंखें खोलने वाला था। टीम बहुत अच्छी नहीं खेली। यह एक दिवसीय टीम के साथ मेरा पहला कार्य था। द्रविड़ ने हालांकि, स्वीकार किया कि भारत ने अहम परिस्थितियों में स्मार्ट क्रिकेट नहीं खेला। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम आगे जाकर इससे सीखेगी और बेहतर होगी। एकदिवसीय प्रारूप में लोकेश राहुल की कप्तानी के बारे में पूछे जाने पर कोच ने कहा कि वह बेहतर होंगे।

द्रविड़ ने कहा, उन्होंने (राहुल) अच्छा काम किया। यह आसान नहीं होता है। वह सीखेंगे। वह अभी शुरुआत कर रहे हैं। कप्तानी का बड़ा हिस्सा खिलाड़ियों के प्लान लागू करने पर होता है। वह बेहतर हो जाएंगे। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर ने वनडे सीरीज में अपनी छाप छोड़ी। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें भविष्य में और गेम खिलाएं जाएंगे, तो द्रविड़ ने कहा कि प्रबंधन उन्हें और मौके देने पर विचार करेगा।

कोच ने कहा, उनमें (चाहर) बल्लेबाजी करने की क्षमता है। मैंने उन्हें भारत ए में देखा है। वह और शार्दुल दोनों बढ़िया खिलाड़ी हैं। उनके जैसे खिलाड़ी एक बड़ा अंतर पैदा करते हैं । हम उन्हें और मौका देना चाहेंगे। द्रविड़ ने यह भी कहा कि टीम छठे गेंदबाजी विकल्प की तलाश में है।उन्होंने कहा, विचार वेंकटेश अय्यर या हार्दिक पांड्या या रवींद्र जडेजा को छठे गेंदबाजी विकल्प के रूप में विकसित करने का प्रयास करना है। हम विभिन्न चीजों पर विचार कर रहे हैं।

## जापान ने भारत को 2-0 से हराया

मस्कट, 24 जनवरी। मलेशिया के खिलाफ अपने पहले मैच में 9-0 से जीत हासिल कर महिला एशिया कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों के गत चैंपियन जापान के खिलाफ रविवार को 0-2 से हार गई।

ओमान के मस्कट में रविवार को यहां दूसरा पूल ए के मैच में यूरी नागाई (2) और साकी तनाका (42) द्वारा गोल किए और अपनी टीम को जीत दिलाई। इसके साथ ही जापान ने तीन अंक भी हासिल कर लिए। मैच के दूसरे मिनट में जापान द्वारा किए गए पहले गोल ने भारत को बैकफुट पर ला खड़ा किया। हालांकि दबाव में, भारतीय फारवर्डलाइन ने स्ट्राइकिंग सर्कल के भीतर मौके बनाए और पेनल्टी कॉर्नर भी जीते जो उन्हें बराबरी दिला सकते थे, लेकिन टीम उन अवसरों को गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

इसके बाद भारत ने दूसरे क्वार्टर में अटैक किया और अनुशासित खेल दिखाने के साथ बेहतर प्रदर्शन किया जबकि जापान ने 15 मीटर के दायरे में मौके बनाए, जबकि भारत के डिफेंस ने यह सुनिश्चित किया कि जापानी स्ट्राइकरों द्वारा कोई और गोल न किया जाए।

## भारत पर धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना

केपटाउन 24 जनवरी। भारत पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 जनवरी को खेले गए तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमे ओवर रेट के लिये मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने केएल राहुल की टीम को समय पर दो ओवर कम फेंकने के चलते यह फैसला सुनाया है। खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों को तय समय सीमा में गेंदबाजी करने में नाकाम रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। राहुल ने इसके लिए खुद को दोषी माना और प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर मरैस इरास्मस और बोंगानी जेले, तीसरे अंपायर अल्लाउद्दीन पालेकर और चौथे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक ने यह चार्ज लगाया था।

## वामिका की तस्वीर वायरल होने के बाद विरुष्का ने की अपील

मुंबई, 24 जनवरी। क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने सोमवार को अपनी बेटी वामिका की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल होने के बाद बयान जारी कर प्रशंसकों और मीडिया से अपनी बेटी की तस्वीरों को और अग्रसारित या साझा नहीं करने की अपील की है। अनुष्का ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि उन्हें नहीं पता था कि कैमरा का फोकस उनकी बेटी पर था। उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से अपनी बेटी की तस्वीरों को और साझा नहीं करने का अनुरोध किया।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को खेले गये तीसरे वनडे के दौरान अनुष्का शर्मा पर कैमरे का फोकस पड़ा, जो अपनी एक साल की बेटी को गोद में लिए हुए थी। यह पहली बार था, जब वामिका का चेहरा दुनिया के सामने आया। उसकी तस्वीर तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी।

अनुष्का और वामिका को केप टाउन के न्यूलैंड्स में फाइनल मैच में कोहली के 64वें एकदिवसीय अर्धशतक के बाद तालियां बजाते और जश्न मनाते हुए देखा गया था। वहीं, विराट कोहली ने अपनी पोस्ट में कहा , हैलो साथियों, हमें पता चला कि हमारी बेटी की तस्वीर कल मैच के दौरान कैप्चर की गयी और उसे काफी शेयर भी किया गया। हम आप सब लोगों को यह बताना चाहते हैं कि उस वक्त हमें बिल्कुल भी पता नहीं था कि कैमरा हमारी ओर है। हमारी अपील आप सभी लोगों से वही है जो हमने पहले की थी।

## भारत महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट से हटा

मुंबई, 24 जनवरी। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने सोमवार को पुष्टि की कि मेजबान भारत मौजूदा महिला एशिया कप 2022 से टीम में कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण हट गया है। भारत के हटाने का मतलब है कि भारत 2023 फीफा विश्व कप की होड़ से भी बाहर हो गया है। एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालीफायर भी है।

भारत के हटने के परिणामस्वरूप उसके सभी एशियाई कप मैच रद्द कर दिए गए हैं, जिसका अर्थ है कि ईरान के खिलाफ खेला गया भारत का पहला गोल रहित मैच भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। एएफसी ने कहा कि अंतिम रैंकिंग का निर्धारण करते समय उस मैच के सभी बिंदुओं पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। प्रतियोगिता के ग्रुप ए में अब केवल तीन टीमें चीन, चीनी ताइपे और ईरान भाग लेंगी।

एएफसी ने कहा है कि तीसरे स्थान के लिए सभी टीमों के बीच अंतिम तुलना में किसी भी संभावित असमानता से बचने के लिए, ग्रुप बी और सी में चौथे स्थान की टीमों के खिलाफ पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच होने वाले मैचों के परिणामों की गणना नहीं की जाएगी।

## साल 2021 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर बनी स्मृति मंधाना

दुबई, 24 जनवरी। भारत की सलामी बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने साल 2021 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना है। उन्हें रेचल हेहो-फ़्लिंट ट्रॉफ़ी से सम्मानित किया जाएगा। एलीस पेरी के बाद दो बार यह ट्रॉफ़ी जीतने वाली वह विश्व की सिर्फ़ दूसरी महिला क्रिकेटर हैं। समृति का नाम आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 खिलाड़ियों की सूची में भी था, लेकिन यह पुरस्कार इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज़ टैमी ब्यूमोंट ने जीता। वहीं दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज़ लिज़ेल ली को साल 2021 का सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर चुना गया।

स्मृति ने इससे पहले 2018 में सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर और सर्वश्रेष्ठ वनडे महिला क्रिकेटर का ख़िताब जीता था। झूलन गोस्वामी ने यह ख़िताब 2007 में जीता था। इस तरह स्मृति यह पुरस्कार जीतने वाली सिर्फ़ दूसरी भारतीय महिला भी हैं। साल 2021 में उन्होंने 22 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में एक शतक और पांच अर्धशतक की मदद से 38.86 के औसत से 855 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ गोल्ड कोस्ट डे-नाइट टेस्ट में 127 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी। उनका नाम आईसीसी की सालाना महिला टी20 टीम में भी शामिल है।

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट को साल 2021 का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर घोषित किया गया है। उन्होंने 2021 में 15 टेस्ट में छह शतकों की मदद से 1708 रन बनाए। रूट ने श्रीलंका और भारत के दौरों पर शतक लगाया, जहां पर उनकी टीम के अन्य बल्लेबाज़ स्पिनरों के ख़िलाफ़ संघर्ष कर रहे थे।

## पाक के कप्तान बाबर बने वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

दुबई, 24 जनवरी। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को सोमवार को आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर घोषित किया गया। 27 वर्षीया बाबर ने 2021 में सभी फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने छह मैचों में 67.50 के औसत से कुल 405 रन बनाये जिसमें दो शतक शामिल हैं। बाबर 228 रनों के साथ दूसरे शीर्ष स्कोरर रहे थे और पाकिस्तान के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीते दोनों मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता था। महिला वर्ग में दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली को आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर घोषित किया गया। ली ने 90.28 के औसत से 11 मैचों में 632 रन बनाये।

## हमने एक मिशन पूरा किया : बावुमा

केप टाउन, 24 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने भारत से तीसरा वनडे चार रन से जीतने के बाद कहा कि यह मैच तो अंत में जाकर रोमांचक हो गया था, लेकिन अच्छा लगा कि जिस तरह से हमने वापसी की। हमने एक मिशन को पूरा किया है। बावुमा ने कहा,मुझे लगता है कि जिन्होंने जिम्मेदारी नहीं ली है वह लेंगे। डिकॉक ने हमारा बहुत अच्छा साथ दिया, वान डेर ने अच्छा साथ दिया। हमारे गेंदबाजों ने अच्छी लाइन पर गेंदबाजी की। टेस्ट सीरीज बहुत मुश्किल थी, भारतीय गेंदबाज लगातार अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे, लेकिन हम रोज सोच रहे थे कि आज यह दिन कैसे अपना बनाएं। उन्होंने कहा,गर्मी बहुत थी और यहां पर खेलना बहुत ही मुश्किल था, अच्छा है कि हम दोनों टेस्ट और वनडे सीरीज जीतने में कामयाब रहे। मैं अपनी टीम के लिए योगदान देकर खुश हूं कि अपनी टीम के लिए काम कर पाया।

## कोई भी टीम परफेक्ट नहीं होती : मिताली

मुंबई, 24 जनवरी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एकदिवसीय कप्तान मिताली राज ने न्यूजीलैंड श्रृंखला खेलने और 2022 महिला क्रिकेट विश्व कप से पूर्व न्यूजीलैंड रवाना होने से पहले कहा कि एक टीम को हमेशा किसी न किसी चुनौती का सामना करना होता है।

अनुभवी बल्लेबाज मिताली ने कहा कि 250-270 का स्कोर खड़ा करने के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को पारी के अंत तक बल्लेबाजी करनी होगी। मिताली ने रविवार को एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, एक टीम के लिए चुनौतियां हमेशा ही रहती हैं। कोई भी टीम परफेक्ट नहीं होती है। हमें लगातार 250-270 रन का स्कोर खड़ा करने के लिए अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को पारी के अंत तक खेलने की जरुरत होगी।

भारतीय महिला टीम कप्तान ने आगे कहा कि 250 से अधिक रन बनाने के लिए टीम को एक-दो बड़ी साझेदारियों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, एक या दो साझेदारी होनी चाहिए या खिलाड़ी को 50-50 रन बनाने चाहिए। मुझे लगता है कि अगर शीर्ष क्रम ज्यादा योगदान देता है, तो हम 250-270 रन का स्कोर आसानी से बना पाएंगे। उन्होंने कहा, ऐसा बहुत कम होता है कि एक बल्लेबाजी यूनिट के रूप मध्य क्रम या निचला मध्य क्रम ज्यादा रन बनाता है। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाएं। मिताली ने कहा कि घरेलू स्तर पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आया है और विदेशी लीग में बढ़िया प्रदर्शन से भारतीय महिला क्रिकेट में अच्छी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि जब आप उच्चतम स्तर पर खेलते हैं औऱ टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही होती है, तो आपसे हमेशा उम्मीदें होती हैं। इन पिछले चार वर्षों में, मुझे लगता है कि घरेलू क्रिकेट को मानक में बड़े पैमाने पर सुधार आया है।

मिताली ने कहा, इस सीजन में मैंने कई खिलाड़ियों को 100 रन बनाते देखा है। साथ ही, कई खिलाड़ियों को विदेशी लीग खेलने का मौका मिला है। इसलिए, कई खिलाड़ियों को एक्सपोजर मिला है। खिलाड़ियों को मैच में समय मिला है। खिलाड़ियों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से समझी है। मैं अपने खेल पर काम कर रही हूं। यह महिला क्रिकेट के लिए अच्छी प्रगति रही है। खिलाड़ियों के स्ट्राइक-रेट के बारे में पूछे जाने पर, भारतीय एकदिवसीय कप्तान ने कहा कि जीत के लिए एक पारी खेलना और साझेदारी बनाना स्ट्राइक रेट से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

## बेंगलुरू-गोवा के ड्रॉ मैच में सुनील छेत्री का गोल सूखा खत्म

बैम्बोलिन, 24 जनवरी। बेंगलुरू एफसी और एफसी गोवा रविवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के पहले डबल-हैडर लीग मुकाबले में 1-1 से ड्रा खेला। इस परिणाम से अंक बांटने के बाद इन दोनों ही टीमों के बराबर 14 अंक हो गए हैं। मैच का पहला गोल दागने और ठोस रक्षण करने के लिए एफसी गोवा के ऑस्ट्रेलियाई डिफेंडर डायलन फॉक्स को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया।

नीरस खेल के बाद इस ड्रा से बेंगलुरू के अपराजित रहने का सिलसिला छह मैचों तक पहुंच गया है। ब्लूज बेहतर गोल औसत के आधार पर 8वें स्थान पर है जबकि गोवा नौवें स्थान पर बरकरार है। जर्मन कोच मार्को पेज़ेउओली की टीम बेंगलुरू 12 मैचों में 3 जीत व पांच ड्रा से 14 अंक जुटा चुकी है। बाएं फ्लैंक से एक कॉर्नर किक पर जोर्गे ओर्टिज ने वैरिएशन अपनाते हुए सीधे कॉर्नर किक नहीं ली और अपने साथी खिलाड़ी से वन-टू करने के बाद एक तरह से फ्री-किक लगाकर सेकेंड पोस्ट की तरफ गेंद को पहुंचाया, जहां से ऑस्ट्रेलियन डिफेंडर ने हैडर से गेंद को गोलपोस्ट के अंदर पहुंचा दिया।

## मनिंदर के 900 रेड प्वाइंट्स, जयपुर को हराकर टॉप-3 में पहुंचा बंगाल

बेंगलुरु, 24 जनवरी। अपने कप्तान औऱ स्टार रेडर मनिंदर सिंह (13 अंक) के सीजन के 11वें सुपर- 10 की बदौलत मौजूदा चैम्पियन बंगाल वॉरियर्स ने वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 75वें मैच में सोमवार को पहले सीजन के विजेता जयपुर पिंक पैंथर्स को 41-22 से हरा दिया। मनिंदर ने इस मैच में अपने करियर के 900 रेड पॉइंट पूरे किए और अपनी टीम को सीजन की सातवीं जीत दिलाई। यह जयपुर की पांचवीं हार है। जयपुर के लिए अर्जुन देसवाल ने हमेशा की तरह चमकदार खेल दिखाते हुए 10 अंक लिया लेकिन डिफेंस (4 अंक) और दूसरे रेडरों का साथ नहीं मिलने के कारण वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके।

### हमने कई गलतियां की : राहुल

केप टाउन, 24 जनवरी। भारतीय कप्तान लोकेश राहुल ने दक्षिण अफ्रीका से तीसरा वनडे चार रन से गंवाने और सीरीज में 0-3 की क्लीन स्वीप होने के बाद कहा कि दीपक चाहर ने हमें मौका दिया कि हम मैच जीत सकते थे, हम इससे सीखेंगें। कप्तान ने मैच के बाद कहा,हमने कई गलतियां की, हमारा शॉट चयन गलत था, जो सबने देखा। हमने हिस्सों में सही खेला लेकिन लंबे समय तक नहीं इसी वजह से सीरीज का परिणाम यह है। जहां तक टेस्ट में कप्तानी की बात है तो मैं लंबे समय से टीम का हिस्सा हूं, कैसे मैच को समझना है और आगे निकलना है मैं जानता हूं।

# मेरे अंतर्राष्ट्रीय करियर पर प्रतिबंध लगने जा रहा है : ब्रेंडन टेलर

हरारे, 24 जनवरी। ज़िम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर ने ट्विटर पर बयान जारी करते हुए कहा है कि वह किसी भी प्रकार की फ़िक्सिंग में शामिल नहीं हुए हैं। टेलर ने ख़ुलासा किया है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एक भारतीय व्यवसायी द्वारा एक भ्रष्ट प्रस्ताव की रिपोर्ट करने में कथित रूप से देरी करने के बाद उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर पर एक बहु-वर्षीय प्रतिबंध लगाने जा रहा है। प्रायोजन और ज़िम्बाब्वे में एक टी20 प्रतियोगिता के संभावित शुभारंभ पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किए जाने पर टेलर ने उस व्यवसायी से मुलाक़ात की थी।

टेलर ने अक्टूबर 2019 में हुई इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने में देरी की। इसमें भारत में हुई एक बैठक शामिल थी जिसके दौरान कथित तौर पर मादक द्रव्यों का सेवन हुआ था। उस बैठक के बाद टेलर को कथित रूप से ब्लैकमेल किया गया। उन्होंने इस प्रस्ताव की रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी की क्योंकि उन्हें लगा कि वह अपने परिवार सहित सभी लोगों की रक्षा कर सकते थे। वह अंततः अपनी शर्तों पर आईसीसी के पास गए और कहा कि उन्हें उम्मीद थी अगर मैंने अपनी दुर्दशा और हमारी सुरक्षा और भलाई के लिए अपने भय के बारे में बताया तो वह इस देरी को समझेंगे। उन्होंने अपने बयान में स्पष्ट रूप से कहा कि वह कभी भी मैच फ़िक्सिंग में किसी प्रकार में शामिल नहीं थे।

अपने लिखित बयान में टेलर ने कहा, अक्टूबर 2019 में एक भारतीय व्यवसायी ने मुझसे अनुरोध किया कि मैं ज़िम्बाब्वे में एक नई टी20 प्रतियोगिता के प्रायोजन और संभावित लॉन्च पर चर्चा करने के लिए भारत आऊं। मुझे कहा गया कि इस यात्रा के लिए मुझे लगभग 11 लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा ,सच कहूं तो मैं तब सावधान था। लेकिन समय ऐसा था कि ज़िम्बाब्वे क्रिकेट ने पिछले छह महीनों से हमें भुगतान नहीं किया था और भविष्य में ज़िम्बाब्वे के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने पर संशय के बादल मंडरा रहे थे। इसलिए मैंने वह यात्रा की।

जैसा कि उन्होंने कहा था, हमारे बीच चर्चा हुई और होटल में हमारी आख़िरी रात को व्यवसायी और उनके सहयोगी जश्न मनाने के लिए मुझे खाने पर ले गए। हमने शराब पी थी और बाद में उन्होंने ख़ुलेआम मुझे कोकेन की पेशकश की। वह उसका सेवन कर रहे थे और मैं भी उस मूर्खता में शामिल हुआ। मैंने एक लाख बार इस दृष्य को अपने दिमाग में दोहराया है और मुझे आज भी इस घटना और जिस तरह उन्होंने मेरा फ़ायदा उठाया, इसके बारे में सोचकर घिन आती है।

## हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगी वालीबॉल लीग

नयी दिल्ली, 24 जनवरी। रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के मैनेजमेंट ने टूर्नामेंट को कोच्चि से हटाकर हैदराबाद में कराने का निर्णय लिया है। मैनेजमेंट ने सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श और मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए फैसला किया है कि यह इलीट टूर्नामेंट अब मशहूर गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां पहले भी कई बड़े स्पोर्ट्स इवेंट्स हो चुके हैं। लीग का आयोजन 5 से 27 फरवरी 2022 के बीच किया जाएगा। इसके फिक्सर्स की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

प्रतियोगिता में शामिल सभी लोगों का स्वास्थ्य और सुरक्षा, मैनेजमेंट के लिए पहली प्राथमिकता है और इसलिए इसे एक मजबूत बायो-बबल में आयोजित किया जाएगा। आयोजक यह सुनिश्चित करेंगे कि बबल के अंदर कोरोना से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाए। बेसलाइन वेंचर्स के सह-संस्थापक और एमडी तुहिन मिश्रा ने इस नए विकास के बारे में कहा, हम वास्तव में कोच्चि में रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग का आयोजन कराना चाहते थे लेकिन विभिन्न अधिकारियों के साथ केरल में कोविड -19 की स्थिति की समीक्षा के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि अगर हम वेन्यू को हैदराबाद ले जाते हैं। हैदराबाद में वॉलीबॉल का एक फैन बेस है और इसलिए वेन्यू बदलने का फैसला करने के बाद यह हमारे लिए एक आसान विकल्प था।


## मुंबई सिटी के पास लीडर केरला के बराबर आने का सुनहरा मौका

फातोरदा, 24 जनवरी। मुंबई सिटी के पास पांच मैचों से चली आ रही जीत से दूरी को खत्म करने का अवसर होगा, जब मौजूदा चैम्पियन मंगलवार को यहां जवाहर लाल स्टेडियम में खेले जाने वाले हीरो इंडियन सुपर लीग 2021-22 के लीग मुकाबले में फिसड्डी नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से भिड़ेंगे।

मुंबई इस सीजन में पहली बार अंक तालिका के शीर्ष चार से बाहर हो चुकी है। उसके 11 मैचों से हैदराबाद एफसी के बराबर 17 अंक हैं और वो इस समय पांचवें स्थान पर है। अगर, हैदराबाद एफसी सोमवार को एससी ईस्ट बंगाल को हरा देता है, तब भी आगामी मैच में जीत मुंबई को लीग लीडर केरला ब्लास्टर्स के 20 अंकों के बराबर ले आएगी। हालांकि केरला के पास एक मैच ज्यादा होगा।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड 11 टीमों की अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। उसके खाते में 13 मैचों से केवल नौ अंक हैं। लेकिन मौजूदा चैम्पियन पिछले पांच मैचों में जीतविहीन रहकर खराब दौर से गुजर रहे हैं और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ आईलैंडर्स की संभावना प्रबल है। क्योंकि हाईलैंडर्स भी पिछले छह मैचों से जीत से दूर रहे हैं और इनमें से चार में उनको हार मिली है। मुंबई के कोच डेस बकिंगहम ने कहा, पिछले कुछ मैचों में हमने अच्छी फुटबॉल खेली है लेकिन सिर्फ इतना काफी नहीं है क्योंकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आए हैं। हमारे अभी 9 मैच बाकी हैं, लिहाजा हमारे पास अच्छी स्थिति में पहुंचकर दूसरा चरण सामप्त करने का अवसर है। यह कल नॉर्थईस्ट से शुरू होगा। वास्तव में, जिस तरह से लड़के अपना पिछले मैच खेले थे, उससे मैं प्रभावित था। वे कम से कम सकारात्मक परिणाम के साथ मैच को समाप्त कर सकते थे क्योंकि उनके पास स्कोर करने बहुत सारे मौके थे।

हाईलैंडर्स ने अपने पिछले गेम में शानदार प्रदर्शन किया और बदकिस्मती के कारण वे मानमाफिक परिणाम हासिल नहीं कर सके। मार्सेलिन्हो और मार्को सहनेक पिछले मैच में काफी तेज दिखे। इन दोनों को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने जनवरी की ट्रांसफर विंडो अपने साथ जोड़ा था। हाईलैंडर्स बढ़त को बनाए नहीं रख पा रहे हैं और यह मुख्य कोच खालिद जमील को परेशान करेगी। जमील की टीम बढ़त लेने के बावजूद चेन्नइयन एफसी से 2-1 की हार गई, क्योंकि उसने छोटे से अंतराल में दो गोल खाकर मैच गंवा दिया।



*वाइन के साथ -साथ रोमांच पसंद करने वालों के लिए क्रोएशिया की यह वाइनरी सही विकल्प है, क्योंकि ''एडिवो वीना वाइनरी'' समुद्र की गहराइयों में स्थित है। पैलजेसैक पैनिनसुला में ड्रेस रिसॉर्ट में स्थित इस वाइनरी तक पहुँचने के लिए वैट सूट पहनकर पानी में गोता लगाना पड़ता है। यह वाइनरी असल में एक डूबे हुए जहाज में बनाई गई है, हालांकि यहाँ रखी बोतलों में जो वाइन है वो मेनलैण्ड पर बनती है। ड्रेस के बागानों से अंगूर तोड़कर उन्हें तीन माह तक रखा जाता है फिर अंगूरों को मिट्टी के जगों, जिन्हें एम्फोरा कहते हैं, में भरकर ताला बंद पिंजरों में रखकर दो साल के लिए समुद्र में 20 मीटर की गहराई पर लटका दिया जाता है। गोताखोर हर दस दिन में इसकी जांच करते हैं। इस प्रक्रिया से शराब में एक खास पाइनवुड खुशबू आ जाती है।*

# सपा के 159 उम्मीदवारों की लिस्ट में 31 मुस्लिम

## सपा ने छोटे सहयोगी दलों को चुनाव लड़ने के लिए अपना इलैक्शन सिंबल भी दिया है

लखनऊ, 24 जनवरी। सपा उम्मीदारों की पहली सूची जारी कर दी है। 159 उम्मीदवारों की लिस्ट में सबसे पहला नाम सपा प्रमुख अखिलेश यादव का है। अखिलेश करहल सीट से चुनाव लड़ेंगे। सपा की पहली सूची में 31 मुस्लिमों को टिकट मिला है। वहीं, नौ महिलाएं भी इस सूची में शामिल हैं। सपा ने छोटे दलों को अपना चुनाव चिह्न दिया है। इनमें प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव के साथ ही महान दल भी शामिल है। महान दल के प्रमुख केशव देव मौर्य की बेटी सुमन मौर्य फर्रुखाबाद से सपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेंगी।

कैराना से पार्टी ने मौजूदा विधायक नाहिद हसन को टिकट दिया है। नाहिद इस वक्त गैंगस्टर एक्ट में जेल में हैं। नाहिद पर कैराना में पलायन कराने का आरोप है। नाहिद के जेल जाने के बाद उनकी बहन इकरा हसन ने एतिहातन पर्चा भरा था। नाहिद का पर्चा आज ही वैध घोषित किया गया है। वहीं, दूसरी ओर भाजपा ने नाहिद को टिकट देने पर सपा पर निशाना साधा है। उत्तर प्रदेश भाजपा की ओर से ट्वीट किया गया कि

- सपा की इस लिस्ट में 9 महिला उम्मीदवार हैं।
- महान दल के प्रमुख केशव देव मौर्य की बेटी सुमन मौर्य फर्रुखाबाद से सपा के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगी।
- सपा ने नाहिद हसन, असलम अली और आजम खान जैसे कई दागी नेताओं को भी टिकट दिया है।

नाहिद हसन, असलम अली जैसे दागी उम्मीदवारों को टिकट देकर अखिलेश फिर से राज्य में दंगा कराने और तुष्टिकरण की राजनीति को हवा देना चाहते हैं, इस वजह से उनका पाकिस्तान प्रेम उछल-उछल कर बाहर आ रहा है।

सपा ने योगी सरकार में मंत्री रहे धर्म सिंह सैनी समेत कई दल बदलुओं को भी टिकट दिया है। पार्टी की ओर टिकट पाने वालों में बसपा से सपा में आए सात नेता हैं। वहीं, कांग्रेस से सपा में आए नौ दलबदलू भी टिकट पा गए हैं। धर्म सिंह सैनी समेत भाजपा से सपा में दो नेताओं को टिकट मिला है।

सपा ने 159 की लिस्ट में सिर्फ 9 महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। 159 उम्मीदवारों की लिस्ट में 31 मुस्लिम उम्मीदवार शामिल हैं। इनमें सीतापुर जेल में बंद सपा सांसद आजम खान भी शामिल हैं। आज रामपुर से चुनाव लड़ेंगे। आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम को स्वार सीट से टिकट मिला है। मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के पोते जियाउर्रहमान को टिकट दिया गया है। जिया को टिकट मिलते ही यहां से सपा विधायक हाजी रिजवान कुरैशी बगावती तेवर दिखाने लगे हैं।

जिन नौ महिलाओं को टिकट मिला हैं उनमें कांग्रेस से आईं कुमारी बिमलेश और सुप्रिया ऐरन भी शामिल हैं। सुप्रिया को कांग्रेस ने भी बरेली कैंट से टिकट दिया था। अब वो यहीं से सपा की उम्मीदवार होंगी। सुप्रिया बीते शनिवार को ही अपने पति पूर्व सांसद प्रवीण ऐरन के साथ सपा में शामिल हुई हैं। 2017 में चंदौसी से कांग्रेस उम्मीदवार रहीं कुमारी बिमलेश इस बार यहां से सपा उम्मीदवार होंगी।

# गणतंत्र दिवस के बाद एयर इण्डिया का नियंत्रण अपने हाथ में ले सकता है टाटा ग्रुप

## एयर इण्डिया के निदेशक ने कंपनी के अधिकारियों को सोमवार तक सभी प्रकार का लेखा-जोखा पूरा करने का आदेश दिया

नई दिल्ली, 24 जनवरी (वार्ता)। टाटा समूह सरकारी क्षेत्र की विमानन सेवा कंपनी एयर इंडिया का नियंत्रण अपने हाथ में ले सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों ने संकेत दिया है कि इस प्रक्रिया में सरकार के अंतर्गत इस विमानन कंपनी की अंतिम बैलेंस शीट को कुछके दिन में अंतिम रूप दिया जा सकता है।

अधिकारियों के अनुसार एयर इंडिया का नियंत्रण दूसरे हाथ में जाने से पहले अंतिम लेखा-जोखा को आवश्यक मंजूरी देने के लिए 27-28 जनवरी को इसके निदेशक मंडल की बैठक होने की संभावना है। अपने समय के इस अंतिम लेखा-जोखा की पुष्टि के बाद वर्तमान निदेशक मंडल के सदस्य इस्तीफा दे देंगे।

एयर इंडिया के निदेशक (वित्त) विनोद हेजमादी ने कंपनी के कुछ अधिकारियों को लिखा है कि आज (सोमवार को) दिन के अंत तक एयरलाइन का समापन लेखा-जोखा तैयार कर देना है। उन्होंने लिखा, एयर इंडिया का विनिवेश अब 27 जनवरी,

- दरअसल में, किसी भी कंपनी को दूसरे ऑनर ग्रुप को सौंपने से पहले उस कंपनी की वर्तमान वित्तीय स्थिति का पूरा लेखा-जोखा (बैंलेस शीट) तैयार करना होता है।
- बैलेंस शीट तैयार होने के बाद एयर इण्डिया के वर्तमान मैनेजमेंट और टाटा ग्रुप की एक मीटिंग होगी जिसमें एयर इण्डिया के वर्तमान निदेशक अपने पद से इस्तीफा दे देंगे।

2022 को तय किया गया है। इसलिए 20 जनवरी 2021 की तिथि तक का लेखा-जोखा आज 24 जनवरी को उपलब्ध कराया जाना है ताकि टाटा समूह द्वारा इसकी समीक्षा की जा सके और बुधवार तक इसमें कोई भी बदलाव किया जा सकता है। गौरतलब है कि टाटा समूह की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने एयर इंडिया एक्सप्रेस और ग्राउंड-हैंडलिंग संयुक्त उद्यम ए.आई.एस. ए.टी.एस. के साथ एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के लिए 18,000 करोड़ रुपये की सफल बोली लगायी है। आशय पत्र (एल.ओ.आई.) जारी करने के बाद, सरकार ने अक्टूबर में टाटा समूह के साथ एयरलाइन में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचने के लिए शेयर खरीद समझौते (एस.पी.ए.) पर हस्ताक्षर किए थे।

### भारी फर्क...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उल्लंघन किया जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा सशीर एवं साक्षात सभाएं तथा मीटिंग करने पर लगी रोक को बढ़ा देने के फलस्वरूप, सपा ने चुनाव आयोग को ज्ञापन देकर माँग की है कि एक ऐसा तंत्र या व्यवस्था विकसित की जाये कि विपक्षी दलों, जिनमें छोटे दल भी शामिल हैं, समाचार चैनलों के प्रसारण समय में समान अवसर मिलना सुनिश्चित हो सके।

### आलोचना से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निष्ठुरता कहते हैं, संक्षेप में कहें तो यह उसकी कार्यकुशलता है जिसने ओलम्पिक डैलीगेट्स को प्रभावित किया है, खासतौर पर सोची और रियो डी जनेरियो में हुई अव्यवस्था के बाद। कमेटी के अध्यक्ष टॉमस बैश ने कहा, ''बीजिंग का चयन करके, कमेटी ने ''एक सुरक्षित विकल्प'' चुना है। सारी दुनिया के हजारों ओलम्पियन इन प्रतिस्पर्द्धाओं से पहले कोविड-19 संक्रमण से बचने के लिये प्रयासरत हैं। इधर हाँगकाँग में बिजनेस जो कई संकटों से गुजरा है, लड़खड़ा रहा है क्योंकि शहर सप्लाई चेन संबंधी मसलों से जूझ रहा जैसे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर रोक और बीज़िग की ज़ीरो टॉलरैंस नीति आदि।

### भीलवाड़ा में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जबकि ट्रांसलेटर के सामने युवती ने घटना अन्य स्थान पर होना बताया है। यह भी सामने आया है की युवती ने घटना की जानकारी अपनी बुआ को दी थी लेकिन वह उसकी बात को समझ नहीं पाई। फिलहाल इस मामले में प्रशासनिक अधिकारियों ने डॉक्टरों का पांच सदस्यीय मैडिकल बोर्ड गठित किया है।

# 2 फरवरी के बाद सर्दी से कुछ राहत मिलेगी

## मौसम विभाग ने कहा है कि, इस पूरे हफ्ते शीतलहर की चपेट में रह सकता है उत्तर भारत

नई दिल्ली, 24 जनवरी। उत्तर पश्चिम और मध्य भारत इस हफ्ते शीतलहर की चपेट में रहेगा। मौसम विभाग ने यह अनुमान जताया है। आई.एम.डी. की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि अगले पांच दिन में कई राज्यों में तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

- आई.एम.डी. की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि, अगले पांच दिन में कई राज्यों में तापमान तीन से पांच डिग्री सैल्सियस तक गिर सकता है।

आई.एम.डी. के मुताबिक, शीतलहर के चलते दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में शीतलहर की वजह से जबरदस्त ठंड पड़ेगी।

इसके अलावा उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में अगले दो से तीन दिन बेहद ठंडे दिन (कोल्ड डे) साबित हो सकते हैं। अनुमान है कि इनमें से कुछ राज्यों में अगले पांच दिन में शीतलहर गंभीर स्थिति तक पहुंच सकती है। पंजाब, यू.पी., राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, सिक्किम, मेघालय और त्रिपुरा में अगले दो से तीन दिन भयंकर कोहरा रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, शीतलहर के दौरान कोल्ड डे या ठंडे दिन वह दिन होते हैं, जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे हो और अधिकतम तापमान कम से कम सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहे। इसके अलावा गंभीर रूप से ठंडा दिन वह है, जब अधिकतम तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री कम रहे।

### स्टॉक मार्केट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा अपना पैसा निकालना रही है। वर्तमान वैश्विक स्थिति कई विपरीत घटनाक्रमों से घिरी हुई है और इस कारण निवेशकों का उत्साह भी फीका है। अमेरिका में कीमतों में 7 प्रतिशत वृद्धि की खबरें हैं जो कि पिछले तीन दशकों में इस देश में सर्वाधिक है। इस कारण महंगाई पर नियंत्रण के लिए यू.एस. फैडरल द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि किए जाने की आशंकाएं बढ़ रही हैं। ब्याज दरों में होने वाली किसी भी वृद्धि से शेयर बाजार का आहत होना निश्चित है। जब ब्याज दरें बढ़ना अनुमानित हों तो निवेशक रूपया पैसा शेयर बाजार से निकालकर सिक्योरिटीज़ व बॉण्ड्स में लगा देते हैं, जिसकी वजह से में शेयर बाजार गिर जाते हैं। उम्मीद है कि अमेरिका के कुछ बड़े बैंक वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान ब्याज दरों में थोड़ी-थोड़ी करके कई बार वृद्धि करेंगे। फायनैन्शियल सैक्टर के सम्मानित सी.ई.ओ. जैमी डिमोन ने यू.एस.फैडरल द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के कई संदर्भों की घोषणा की है, इसलिए स्टॉक मार्केट्स उलझन में पड़ सकते हैं।

यूक्रेन सीमा पर रूसी सैनिकों के जमावड़े के कारण पूर्वी यूरोप के घटनाक्रमों ने निराश कर दिया है। नाटो रक्षा संधि के तहत अमेरिका और पश्चिम यूरोप के देशों सहित कई पश्चिमी देश व रूस आमने-सामने हैं। यूक्रेन सीमा के पार होने वाला कोई भी अतिक्रमण रूस के विरूद्ध व्यापक आर्थिक प्रतिबंधों को जन्म दे सकता है और साथ ही इस देश को विश्व के आर्थिक बाजार से अलग-थलग कर सकता है। साउथ चाइना सी के विपरीत घटनाक्रम और ताइवान को मिल रही गंभीर चुनौती ने यूरोप में और अस्थिरता पैदा कर दी है। साउथ चाइना सी में से अपने जलयान गुजरने देने की आगे और वकालत करते हुए अमेरिका और जापान ने फिलीपिंस स्थित यहां के समुद्र पर एक बड़ा नौसैनिक अभ्यास किया।

यद्यपि, जहां पर नौसैनिक अभ्यास किया गया है वह तकनीकी रूप से चीन के कथित सार्वभौमिक क्षेत्र से परे है, लेकिन इसने चीन को इस हद तक नाराज किया कि उसने ताइवान जलडमरूमध्य पर करीब 39 लड़ाकू विमान रवाना कर दिए। ये विमान अक्सर उन इलाकों तक जाते हैं जो ताइवान के एडवांस एयर डिफैंस जोन्स में आते हैं। ताइवान के मसले को पूर्वी यूरोप की तुलना में आतंरिक स्थायित्व के लिए एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। यूक्रेन की विस्फोटक स्थिति एक चुनौती बनी हुई है, इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति वास्तविक झड़प में तब्दील नहीं होनी चाहिए।

विशेषज्ञों के अनुसार साउथ चाइना सी में स्थिति बेहद नाजुक है क्योंकि प्रतिद्वंद्वी देश चीन के काफी निकट नौ सैन्य अभ्यास कर रहे हैं, जिससे चीन भड़क सकता है। यहां किसी दुर्योग से होने वाली कोई भी झड़प एक घातक संघर्ष को जन्म दे सकती है।

# 'दोनों ओर से वफा होनी चाहिये थी, पर कांग्रेस और मेरे बीच ऐसा नहीं हुआ'

नई दिल्ली, 24 जनवरी। समय चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने को लेकर अटकलें जोरों पर थीं। हालांकि, कांग्रेस और प्रशांत किशोर के बीच सहमति नहीं बन पाई और पी.के. ने कांग्रेस के साथ जाने से इंकार कर दिया। प्रशांत किशोर का कहना है कि लगभग पांच महीने की चर्चा के बाद कांग्रेस के साथ उनकी बातचीत विफल हो गई। क्या 2024 में भाजपा को हराया जा सकता है? एक

- प्रशांत किशोर ने कांग्रेस में शामिल होने से इंकार करने के मुद्दे पर अपना पक्ष दोहराया।
- प्रशांत किशोर का कहना है कि लगभग पांच महीने की चर्चा के बाद कांग्रेस के साथ उनकी बातचीत विफल हो गई।

टी.वी. चैनल से बात करते हुए इसको लेकर भी उन्होंने अपना प्लान बताया।

प्रशांत किशोर ने एक न्यूज चैनल से बात करते हुए कहा, 2024 में भाजपा को हराना संभव है। लेकिन क्या मौजूदा विपक्ष के साथ भाजपा को हराना संभव है? शायद नहीं मैं एक विपक्षी मोर्चा बनाने में मदद करना चाहता हूं जो 2024 में कड़ी टक्कर दे सके। प्रशांत किशोर का कहना है कि यह पूरी तरह संभव है, भले ही अगले महीने कई राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों के परिणाम (जिसे सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है) हमारे पक्ष में न आएं।

उन्होंने कांग्रेस के साथ बात नहीं बन पाने को लेकर कहा, दोनों पक्षों को एक साथ काम करने के लिए विश्वास की जरूरत होती है। कांग्रेस के साथ ऐसा नहीं हुआ। प्रशांत किशोर ने कहा कि भाजपा ने हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और जनकल्याण को मिलाकर एक बहुत ही प्रभावशाली चेहरा लोगों के सामने पेश किया और इस सम्मोहन को तोड़ना है, तो कम से कम इन तीन में से दो पर विपक्ष को जीत हासिल करनी होगी। प्रशांत किशोर ने कहा कि कांग्रेस एक अच्छी पार्टी है और उसकी विचारधारा भी अच्छी है।

### 'हेट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

17 और 19 दिसम्बर को क्रमशः दिल्ली और हरिद्वार में आयोजित दो कार्यक्रमों में भड़काऊ भाषण दिए थे। इनमें से हरिद्वार का कार्यक्रम यती नरसिंहनंद ने और दिल्ली का कार्यक्रम ''हिंदू युवा वाहिनी'' ने आयोजित किया था। इनमें मुस्लिमों के नरसंहार का आव्हान किया गया था।

पहली हस्तक्षेप याचिका में किसी विष्णु गुप्ता ने हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाम पर मांग की है ए.आई.एम.आई. एम. के नेता असदुद्दीन ओवैसी तथा अन्य जिनमें तौकीर रज़ा, साजिद रशीदी, अमानतुल्ला खान, वारिस पठान शामिल हैं, के खिलाफ हिंदू समुदाय व उनके भगवानों के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने को निर्देश देने की मांग की है। इसमें कहा गया है कि इस देश के हरेक व्यक्ति को अपने धर्म के प्रचार की उसे मानने की पूरी स्वतंत्रता है। इसलिए धर्म संसद का आयोजन ''संविधान के आर्टिकल 25 और आर्टिकल 19(ए) (बी) के तहत संरक्षित है।'' पत्रकार कुरबान अली की आलोचना करते हुए इसमें कहा गया है कि वह मुसलमान है और उसे हिंदू धर्म संसद से संबंधित गतिविधियों व मामलों पर आपत्ति व्यक्त नहीं करनी चाहिए। असल में उसके द्वारा दायर याचिका के तहत हिंदू धार्मिक नेताओं की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। हिंदू सेना ने अपनी याचिका में कहा कि, हिंदू धार्मिक नेताओं द्वारा धर्म संसद के आयोजन को किसी अन्य धर्म के खिलाफ नहीं देखा जाना चाहिए। एक अन्य संगठन ''हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस'' ने कई इन्टरनैट लिंक्स की जानकारी दी जिनमें विभिन्न मुस्लिम नेताओं ने हिन्दुओं के खिलाफ नफरत भरे भाषण दिए है, और कहा कि अगर धर्म संसद को न्यायिक जांच के दायरे में लाया जाता है तो उनकी भी जांच की जानी चाहिए।

# हिमाचल में भारी बर्फबारी व सर्दी से 5 की मौत

शिमला, 24 जनवरी (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी हिमपात और बारिश के चलते राज्य में कम से कम चार राष्ट्रीय राजमार्गों समेत लगभग 687 सड़कें बंद हो गई हैं।

वहीं लगभग 1300 बिजली ट्रांसफार्मरों के बंद होने से जहां अनेक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई वहीं लगभग 300 पेयजल योजनाएं बंद होने से पानी का संकट खड़ा हो गया है। गत तीन दिनों से जारी भारी हिमपात के चलते राज्य में प्रदेश में पांच लोगों की मौत हो गई है।

इनमें दो ट्रैकर भी शामिल हैं। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में लगभग 10 मकान और सात गौशालाएं ध्वस्त हो गई हैं। मौसम विभाग ने आगामी 25 जनवरी तक मौसम खराब रहने की सम्भावना जताई है।

शिमला जिले में 257 सड़कों पर आवागमन ठप है। लाहौल-स्पीति में 181, चम्बा जिला 106, किन्नौर 40, कुल्लू 43, मंडी 45, सिरमौर नौ और सोलन में चार सड़कें बंद हैं।

# 'सिद्धू के लिए पाकिस्तान के प्र.मंत्री ने मंत्री बनाने की सिफारिश की थी'

नई दिल्ली, 24 जनवरी (वार्ता)। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है की राज्य में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी तो सिद्धू को मंत्रालय में रखने के लिए पाकिस्तान ने एक संदेश के ज़रिये सिफारिश की थी उन्हें मंत्रिमंडल में जगह दी जाए।

कैप्टन सिंह ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब में 2017 में सरकार बनने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने सिद्धू की पैरवी की थी। उन्होंने कहा कि जब सिद्धू को 2019 में मंत्रिमंडल से बाहर का रास्ता दिखाया तब भी पाकिस्तान से सिफारिशी संदेश आया कि उन्हें वापस बहाल किया जाए और अगर वह ठीक से काम न कर सकें तो उन्हें हटा दिया जाए।

उन्होंने कहा, मैं खान से न तो कभी मिला था और न ही व्यक्तिगत तौर पर उन्हें जानता था, इसलिए पंजाब में कांग्रेस की जीत के तुरंत बाद ऐसा संदेश देखकर मैं हैरान ही नहीं हुआ, बल्कि मुझे झटका लगा कि एक व्यक्ति को राज्य का मंत्री पद दिलाने के लिए कैसे दूसरे देश के उनके करीबी दबाव डाल

- कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नवजोत सिंह सिद्धू पर यह गंभीर आरोप लगाया
- अमरिंदर सिंह ने कहा, मैं इमरान खान से न तो कभी मिला था और न ही व्यक्तिगत तौर पर उन्हें जानता था, इसलिए पंजाब में कांग्रेस की जीत के तुरंत बाद ऐसा संदेश देखकर मैं केवल हैरान ही नहीं हुआ, बल्कि मुझे झटका लगा कि एक व्यक्ति को राज्य का मंत्री पद दिलाने के लिए कैसे दूसरे देश के उनके करीबी दबाव डाल रहे हैं।

रहे हैं। कैप्टन सिंह ने सिद्धू की आलोचना करते हुए कहा कि उनके पास मंत्रीपद संभालने की योग्यता और क्षमता ही नहीं है।

उन्होंने कहा, पांच वर्ष पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को मैंने सिद्धू की अक्षमता के कारण पार्टी में शामिल न करने की सलाह दी थी। जब कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा था कि वह कैसे हैं, तो मैंने कहा था कि यह व्यक्ति कांग्रेस पार्टी का सदस्य होने के बिल्कुल काबिल नहीं है। इसके बावजूद सोनिया गांधी ने सिद्धू को पार्टी में शामिल कर लिया था। उल्लेखनीय है कि 2017 में पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनने पर कैप्टन सिंह की सरकार में सिद्धू मंत्री बने। वह हालांकि लगातार विवादों में बने रहे और 2019 में वह मंत्रिमंडल से बाहर हो गए। उन्होंने कई बार कैप्टन सिंह के नेतृत्व की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला।

# पंजाब में एन.डी.ए. गठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हुआ

## भाजपा 65, अमरिंदर सिंह की पार्टी 37 व अकाली दल (ढींढसा) 15 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे

नई दिल्ली, 24 जनवरी (वार्ता)। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिये राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दलों के बीच सीटों का बंटवारा तय हो गया है। राज्य में भारतीय जनता पार्टी 65, कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस 37 और सुखदेव सिंह ढींढसा की अकाली दल संयुक्त 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

सोमवार को यहाँ भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने संवाददाता सम्मेलन में तीनों पार्टी के बीच हुए सीट बंटवारे को लेकर जानकारी दी। नड्डा ने कहा कि पंजाब का यह चुनाव अगली पीढ़ियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद पंजाब को दोबारा विकास और स्थिरता की पटरी पर लाना है।

नड्डा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1984 दंगों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एस.आई.टी.) का गठन किया और आज आरोपी जेल में हैं। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में राजग की सरकार बनती है तो पंजाब में चल रहे ड्रग, भू-माफिया, रेत माफिया और आतंकवाद को खत्म कर दिया जाएगा।

नड्डा ने कहा, पंजाब पाकिस्तान की सीमा से सटा राज्य है। इसलिए देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंजाब में एक स्थिर और मजबूत सरकार का होना बहुत जरूरी है। पाकिस्तान हमेशा ही हमारे देश में पंजाब के रास्ते अशांति फैलाने की कोशिश करता रहा है यह बात किसी से छुपी नहीं है। हमने यह भी देखा है कि कैसे सीमापार से ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करने की कोशिश की जाती है। यही वजह है कि पंजाब में स्थायित्व और विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच अच्छे रिश्ते होना ज़रूरी है।

सीट बंटवारे की घोषणा के समय भाजपा अध्यक्ष के साथ मंच पर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन सिंह, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, ढींढसा और केंद्रीय मंत्री और पंजाब चुनाव के प्रभारी गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहे।

इस मौके पर कैप्टन सिंह ने कहा, मैं पंजाब की मौजूदा सरकार में साढ़े चार साल मुख्यमंत्री रहा। इस दौरान वहां से कई अवैध राइफल, पिस्टल, आर.डी.एक्स. और गोला बारूद मिलते रहे। यह सब पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए कुछ खास जगहों पर गिराए गए थे। ड्रोन सीमा से 31 कि.मी. भीतर तक हथियार और ड्रग्स की आपूर्ति करने लगे थे। इसीलिए जब सीमा सुरक्षा बल के अधिकार क्षेत्र का दायरा 15 कि.मी. से 50 कि.मी. बढ़ाने का फ़ैसला हुआ तो इसका विरोध करने वालों को मैंने ड्रोन के खतरे के बारे में बताया।

ढींढसा ने कहा, पंजाब की हालत बहुत खराब है। राज्य में उद्योग पलायन कर रहे है। खेतीबाड़ी पर भी बहुत कर्ज हो गया। राज्य पर तीन लाख करोड़ से ज्यादा कर्जा है। कोई ऐसा साधन भी नहीं है कि पंजाब दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसलिए हम तीनों दलों ने इकट्ठे होकर बात की है। पंजाब चुनाव में हिंदू-सिख का मसला खड़ा किया जाता है। उसे ठीक रखने के लिए हम एकजुट हुए हैं। पंजाब का माहौल ठीक रखेंगे।

उल्लेखनीय है कि कृषि कानूनों पर मतभेद के बाद पंजाब में लंबे समय से भाजपा की सहयोगी रही शिरोमणि अकाली दल ने अलग राह चुन ली।

शिअद के राजग से अलग होने के बाद भाजपा पहली बार बड़े भाई की भूमिका में नए सहयोगी दलों के साथ चुनाव मैदान में है। कांग्रेस के एक फैसले के चलते कैप्टन सिंह की पंजाब में मुख्यमंत्री पद से विदाई हो गयी लिहाजा उनके लिए भी यह चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न है। दूसरी ओर पार्टी से मतभेद के चलते शिअद के वरिष्ठ नेता रहे ढींढसा अलग पार्टी बनाकर राजग से गठजोड़ करके अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में 20 फरवरी को मतदान होना है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: घूघरा घाटी, जयपुर रोड, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स: 0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908